3 राजधानी
हर घर लगेगा तिरंगा

6 अभिमत
बनाएं धार्मिक मामलों का मंत्रालय

9 राष्ट्रीय
विधाई कामकाज पर अंकुश का प्रयास न करें राहुलः भाजपा

10 कारोबार
सेंसेक्स 630 अंक चढ़ा

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 252
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 21 जुलाई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




बुमराह आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसके
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# मूसेवाला हत्याकांड के दो शूटर ढेर

- भारत-पाक सीमा से दस किमी दूर अटारी क्षेत्र के गांव में हुई दोनों ओर से पांच घंटे फायरिंग
- मुठभेड़ में तीन पुलिस अधिकारी और एक पत्रकार भी घायल, सभी खतरे से बाहर

**मोनिका मलिक ।** चंडीगढ़



अमृतसर में पत्रकारों को मुठभेड़ के बारे में जानकारी देते पंजाब के डीजीपी गौरव यादव

**एक** कहानी कभी खत्म नहीं होती। सिद्धू मूसेवाला के नाम से मशहूर गायक शुभदीप सिंह सिद्धू की हत्या में शामिल दो शूटरों को पंजाब पुलिस ने बुधवार को भारत-पाक सीमा से करीब 10 किलोमीटर दूर अमृतसर के अटारी क्षेत्र के एक गांव में मार गिराया। पंजाब एडीजीपी और एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख प्रमोद बान ने मीडिया को बताया कि मुठभेड़ दोपहर में शुरू हुई और शाम 4 बजे तक चली, जिसमें तीन पुलिस अधिकारी और एक पत्रकार भी घायल हो गए।

पुलिस ने एक एके-47, एक पिस्टल और एक बैग बरामद किया है, जिसे फोरेंसिक टीम की मौजूदगी में खोला जाएगा। पंजाब एडीजीपी और एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स के प्रमुख बान ने कहा कि एजीटीएफ की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से एक इमारत में गैंगस्टरों को घेरने की कोशिश की, जहां दोनों तरफ से हुई फायरिंग में उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है कि उन्होंने एके-47 कहां से खरीदी और इसकी भी फोरेंसिक जांच की जाएगी कि क्या मूसेवाला की हत्या में इन हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए और वे खतरे से बाहर हैं। बान ने कहा कि रूपा और मनु कूसा अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास भकना गांव की एक इमारत में छिपे हुए थे।

एडीजीपी बान ने कहा कि हम सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों पर नज़र बनाए हुए थे, इस क्षेत्र में कुछ हलचल की सूचना पर हमारी टास्क फोर्स ने कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि हमारी फोरेंसिक टीम आगे की जांच के लिए मौके पर है। बान ने कहा कि करीब साढ़े चार घंटे तक चली मुठभेड़ से पहले पुलिस टीम ने दोनों गैंगस्टरों को बार-बार आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, जिसमें तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। एडीजीपी बान ने कहा कि यह सभी गैंगस्टरों के लिए एक संदेश है कि पंजाब पुलिस राज्य में गैंगवार को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके साथ बान ने कहा कि इस मुठभेड़ में शामिल हर पुलिसकर्मी और अधिकारी का सम्मान किया जाएगा। मुठभेड़ के चश्मदीदों ने बताया कि गैंगस्टर एक थार वाहन से सुनसान इमारत में पहुंचे और पुलिस उनका पीछा कर रही थी। जब वे सुनसान घर में दाखिल हुए तो पुलिस ने उन्हें घेर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उनके पास इतने आधुनिक हथियार हैं कि उन्होंने पुलिस को चार घंटे तक पास नहीं आने दिया और फायरिंग जारी रखी। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पहले दोनों को एक दिन पहले पकड़ने की योजना बनाई थी। हालांकि, बात नहीं बनी। बुधवार सुबह करीब 11 बजे पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। पहले दो घंटों के दौरान दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई, जिसमें गैंगस्टर-जोड़ी ने पुलिस टीम पर एके-47 और अन्य हथियारों से फायरिंग की।

जानकारी के अनुसार दोनों गैंगस्टरों के पास सिद्धू मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए वही हथियार उनके पास थे। मुठभेड़ के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, स्पेशल ऑपरेशन सेल, ऑर्गनाइज्ड क्राइम कंट्रोल यूनिट के सदस्य शामिल थे। इसके अलावा पंजाब पुलिस के बेहतरीन निशानेबाज और क्विक रिएक्शन टीम भी मौके पर मौजूद थी। मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने बिल्डिंग ( शेष पेज 8 )

# वृहद पीठ में जा सकता है शिवसेना और बागी विधायकों का मामला



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पार्टी और बागियों की याचिकाएं उठाती हैं कई संवैधानिक सवाल
- मामले की अगली सुनवाई 1 अगस्त को

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को कहा कि शिवसेना और उसके बागी विधायकों द्वारा दायर याचिकाएं दल-बदल, विलय और अयोग्यता संबंधी कई संवैधानिक सवाल उठाती हैं, जिन पर एक वृहद पीठ द्वारा विचार किए जाने की आवश्यकता है।

प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने विभिन्न पक्षों को 27 जुलाई तक ऐसे मुद्दे तैयार करने को कहा, जिन पर वृहद पीठ को विचार करने की जरूरत है। पीठ ने कहा, वकीलों की दलीलें सुनने के बाद यह सहमति बनी है कि यदि आवश्यक हो तो कुछ मुद्दों को एक वृहद पीठ के पास भी भेजा जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए, सभी पक्षों को मुद्दों को तैयार करने के लिए, उन्हें अगले बुधवार तक इसे दाखिल करने दिया जाए। शीर्ष अदालत ने मामले के पक्षकारों से 27 जुलाई तक ऐसे मुद्दे तैयार करने को कहा, जिन पर वृहद पीठ को विचार करने की जरूरत है। मामले की अगली सुनवाई एक अगस्त के लिए निर्धारित कर दी गई। पीठ में न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली भी शामिल हैं। पीठ महाराष्ट्र के हालिया राजनीतिक संकट से जुड़े उन पांच लंबित मामलों पर सुनवाई कर रही है, जिसके चलते राज्य की महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई थी।

शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को नई सरकार को शपथ नहीं दिलानी ( शेष पेज 8 )

## शिंदे गुट ने चुनाव चिह्न धनुष-बाण पर किया दावा

**नई दिल्ली।** शिवसेना के एकनाथ शिंदे गुट ने निर्वाचन आयोग (ईसी) को पत्र लिखकर पार्टी का चुनाव चिह्न धनुष-बाण आवंटित करने की मांग की है। निर्वाचन आयोग को भेजे एक पत्र में शिंदे गुट ने असल शिवसेना होने का दावा किया है और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा दी गई मान्यता का हवाला दिया है। महाराष्ट्र में शिवसेना के 55 में से कम से कम 40 विधायकों ने बागी नेता शिंदे को समर्थन देने की घोषणा की थी। शिंदे ने 30 जून को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

## 'दो सप्ताह में शुरू हो महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव प्रक्रिया'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) और राज्य के प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि स्थानीय निकायों के चुनाव की प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर शुरू हो जाए। शीर्ष अदालत महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी और उसे अवगत कराया गया कि 367 स्थानीय निकायों के लिए चुनाव ( शेष पेज 8 )

# रानिल विक्रमसिंघे श्रीलंका के नए राष्ट्रपति चुने गए

- सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी नाराज, विक्रमसिंघे के इस्तीफे की मांग दोहराई

**भाषा ।** कोलंबो



**श्रीलंका** के सांसदों ने एक अभूतपूर्व कदम के तहत कार्यवाहक राष्ट्रपति एवं अनुभवी नेता रानिल विक्रमसिंघे को बुधवार को देश का नया राष्ट्रपति निर्वाचित किया। इससे नकदी के संकट से जूझ रहे इस द्वीपीय देश को उबारने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ चल रही वार्ता के जारी रहने की उम्मीद की जा सकती है।

हालांकि इस घटनाक्रम ने सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को नाराज कर दिया है और उन्होंने विक्रमसिंघे के इस्तीफे की अपनी मांग दोहराई है। कार्यवाहक राष्ट्रपति और छह बार प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे (73) अपने पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे के देश से चले जाने के बाद संसद द्वारा राष्ट्रपति निर्वाचित किए गए। राजपक्षे देश में ईंधन, दवा और भोजन जैसी आवश्यक चीजों की कमी के खिलाफ जारी प्रदर्शनों के बीच देश छोड़कर भाग गए थे। श्रीलंका की 225 सदस्ईय संसद में विक्रमसिंघे को 134 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं सत्तारूढ़ दल के असंतुष्ट नेता डलास अल्हाप्पेरुमा को 82 वोट मिले। वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को महज तीन वोट मिले। संसद अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने द्वारा मतदान के परिणामों की घोषणा किए जाने के तुरंत बाद पूर्व राष्ट्रपति राजपक्षे के प्रमुख सहयोगी, राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने अपने भाषण में दो दावेदारों-डलास अल्हाप्पेरुमा और अनुरा कुमारा दिसानायके को धन्यवाद दिया तथा सांसदों से देश को और संकट से बचाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया।

विक्रमसिंघे ने कहा, लोग हमसे पुरानी राजनीति के लिए नहीं कह रहे हैं। मैं विपक्षी नेता सजित प्रेमदासा और पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे तथा मैत्रीपाला सिरिसेना सहित अन्य विपक्षी दलों से एकसाथ काम करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रथाओं को बनाए रखने के लिए संसद को धन्यवाद दिया और अपने प्रतिद्वंद्वियों ( शेष पेज 8 )

# उप्र के मंत्री दिनेश खटीक ने इस्तीफे की पेशकश की

- अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया

**पायनियर समाचार सेवा ।** लखनऊ



**योगी** सरकार में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने विभागीय कार्यप्रणाली और अधिकारियों के रवैये से नाराज होकर अपने इस्तीफे की पेशकश की है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भेजे पत्र में उन्होंने इस्तीफे की पेशकश की है। उन्होंने शाह को भेजे पत्र में कई आरोप विभाग के आला अधिकारियों पर लगाए हैं, हालांकि अभी उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है।

इस्तीफे की खबर से दिनभर सत्ता के गलियारे में चर्चा रही और अमित शाह को भेजे इस्तीफा का पत्र भी वायरल हुआ। हालांकि ये इस्तीफा एक दम से नहीं दिया गया। दिनेश ने इस्तीफे का मन पहले से ही बना लिया था। मामला गंगानगर थाने में एक मुकदमे से शुरू हुआ था। नौ जून की रात एक मुकदमा दर्ज न होने पर उन्होंने इस्तीफे की चेतावनी दी थी। अब 19 जुलाई को विभाग में उपेक्षा और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर राज्यमंत्री ने इस्तीफा दे दिया। पूरे मामले की शुरूआत 4 जून को हुई थी। उनके एक करीबी टेंट कारोबारी कोमल की दो पुलिसकर्मियों से कहासुनी हो गई थी।

कोमल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो 9 जून को राज्यमंत्री ने गंगानगर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। इंस्पेक्टर ने साफ मना कर दिया। मंत्री ने विरोध में धरना दिया और इस्तीफे की धमकी दे डाली। काफी हंगामे के बाद पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन क्रास रिपोर्ट यानी ( शेष पेज 8 )

# पत्रकार जुबैर रिहा, सुप्रीम कोर्ट ने सभी मामलों में दी जमानत

- उप्र में दर्ज सभी केस दिल्ली स्थानांतरित, यूपी पुलिस की एसआईटी भंग करने का दिया आदेश

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद तिहाड़ जेल प्रशासन ने मोहम्मद जुबैर को रिहा कर दिया

**ऑल्ट** न्यूज़ के सह-संस्थापक मोहम्मद ज़ुबैर को सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश में उनके खिलाफ दर्ज सभी मामलों में ज़मानत देने के कुछ घंटों बाद बुधवार रात दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। जेल अधिकारियों ने उनकी रिहाई की पुष्टि की है। ज़ुबैर को दिल्ली पुलिस ने ट्वीट के जरिए धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में 27 जून को गिरफ्तार किया था।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को भंग करने के आदेश के साथ ही सभी मामलों को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया है। उच्चतम न्यायालय ने ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर को कथित तौर पर नफरत फैलाने वाले उनके ट्वीट को लेकर उत्तर प्रदेश में दर्ज सभी मामलों में बुधवार को यह कहते हुए अंतरिम जमानत दे दी कि गिरफ्तारी की शक्ति का इस्तेमाल बहुत ही संयम के साथ किया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायालय ने जुबैर के खिलाफ उत्तर प्रदेश में दर्ज सभी मामलों को दिल्ली स्थानांतरित कर दिया।

शीर्ष अदालत ने कहा कि जुबैर को उसकी आजादी से वंचित रखने का कोई औचित्य उसे नजर नहीं आता तथा इसने उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को समाप्त करने का भी आदेश दिया। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ ने ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 55,397 ↑ 629 | |
| निफ्टी | 16,520 ↑ 180 | |
| सोना | 50,202 ↑ 20 | /10g |
| चांदी | 55,467 ↑ 35 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रवर्तन निदेशालय सोनिया से आज करेगा पूछताछ

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अखबार नेशनल हेराल्ड से जुड़े धनशोधन के मामले में बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से पूछताछ करेगा। इस मौके पर सोनिया के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए उनकी पार्टी देश भर में प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बुधवार रात राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक की और कल के लिए रणनीति पर चर्चा की। इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और सांसद शामिल हुए। अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, खड़गे के निवास पर बैठक हुई। उसमें किस तरह विपक्ष की आवाज को कुचला जा रहा है, ईडी निशाना बना रही है उसके खिलाफ सभी ने रोष प्रकट किया।

# डीएसपी को कुचलने का आरोपी चालक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा ।** गुरुग्राम

**हरियाणा** के मेवात इलाके में डीएसपी को डंपर से कुचलने के आरोपी चालक को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। इस बीच डीएसपी की हत्या के विरोध में कई संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया और बाजार बंद रखे गए। मामले के मुख्य आरोपी शब्बीर उर्फ मित्तर को राजस्थान के भरतपुर जिले से गिरफ्तार किया गया। मामले के एक अन्य आरोपी इक्कर से पूछताछ के बाद पुलिस चालक तक पहुंची।

नूंह के पुलिस अधीक्षक वरुण सिंघला ने कहा कि हमने मुख्य आरोपी शब्बीर उर्फ मित्तर को राजस्थान के भरतपुर के पहाड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपी की उम्र लगभग 30 साल है और वह पचगांव का रहने वाला है। वह अपने रिश्तेदारों के यहां भाग गया था। हम उसके अन्य साथियों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। वरिष्ठ जांच अधिकारी के अनुसार जब्त ट्रक शब्बीर के बड़े भाई जमशेद के नाम पर दर्ज है। अवैध खनन की जांच कर रहे तावडू के डीएसपी सुरेंद्र सिंह को मंगलवार को हरियाणा के नूंह जिले में एक ट्रक चालक ने कुचल दिया था। डीएसपी अरावली पहाड़ियों में अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी करने तावडू के पास पचगांव गए थे। डीएसपी का अंतिम संस्कार 21 जुलाई को उनके पैतृक गांव में होगा। पुलिस उपाधीक्षक की हत्या के विरोध में बुधवार को तावडू इलाके के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। हरियाणा के लोक निर्माण कार्य विभाग समेत विभिन्न सगठनों और स्कूली शिक्षा संघ ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर जुलूस निकाला। इस बीच, हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने आरोप लगाया कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व वाली राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार के तहत खनन माफिया फला-फूला था।

## झारखंड में महिला एसआई व गुजरात में कांस्टेबल को रौंदा

**पायनियर समाचार सेवा ।** रांची/अहमदाबाद

**झारखंड** की राजधानी रांची के पास कथित रूप से मवेशियों की तस्करी कर ले जा रहे एक वाहन ने मंगलवार रात को एक महिला पुलिस अधिकारी को उस समय कुचल दिया, जब वह वाहनों की जांच कर रही थीं। पुलिस उप-निरीक्षक संध्या टोपनो (32) रांची के तुपुदाना इलाके में वाहनों की जांच कर रही थीं, तभी तेजी से आ रहे मवेशियों से भरे वाहन से उन्हें टक्कर मार दी गई और चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। इसी तरह की अन्य घटना गुजरात के आणंद जिले में हुई, जहां जांच के दौरान कांस्टेबल पर ट्रक चढ़ा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक पी एच देसाई ने कहा कि कांस्टेबल करणसिंह राज (40) ने एक कंटेनर ट्रक को रुकने का संकेत दिया लेकिन ट्रक चालक ने वाहन से राज को कुचल दिया।

# हाईकोर्ट ने होटलों में सेवा शुल्क वसूलने पर लगा प्रतिबंध हटाया

**पायनियर समाचार सेवा ।** नई दिल्ली

**राजधानी** में होटल और रेस्तरां में सेवा शुल्क फिर देना पड़ेगा। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन हालिया दिशानिर्देशों पर बुधवार को रोक लगा दी, जिनमें होटल और रेस्तरां के सेवा शुल्क वसूलने पर प्रतिबंध लगाया गया था। हाई कोर्ट ने कहा कि यदि आप भुगतान नहीं करना चाहते हैं, तो रेस्तरां में प्रवेश न करें। मामले की अगली सुनवाई नवंबर में होगी। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) के चार जुलाई के दिशानिर्देशों के विरुद्ध भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां संघ (एनआरएआई) और भारतीय होटल एवं रेस्तरां संघ की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ( शेष पेज 8 )

# चीन की योजना भारत से लगी एलएसी के पास नया राजमार्ग बनाने की

**भाषा ।** बीजिंग



**चीन** की योजना भारत से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास एक नया राजमार्ग बनाने की है। उसके इस कदम का उद्देश्य अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत करना और अपनी शक्ति बढ़ाना है। मीडिया में बुधवार को आई एक खबर में यह कहा गया है। हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, तिब्बत की ल्हुंज काउंटी से शिंजियांग क्षेत्र में काशगर स्थित माझा तक जाने वाला यह राजमार्ग नए राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रस्तावित 345 निर्माण योजनाओं में शामिल है। इस कार्यक्रम का लक्ष्य 2035 तक कुल 4,61,000 किमी लंबा राजमार्ग और मोटरवे निर्मित करना है। दरअसल, चीन बुनियादी ढांचे में निवेश के जरिए अपनी अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकना चाहता है। खबरों के अनुसार, ल्हुंज काउंटी, अरूणाचल प्रदेश का हिस्सा है। वहीं, चीन इसके दक्षिण तिब्बत का हिस्सा होने का दावा करता है। खबर में कहा गया है कि पिछले हफ्ते जारी की गई योजना के तहत, जी695 नाम से जाने जा रहे इस राजमार्ग के कोना काउंटी से होकर गुजरने की उम्मीद है-जो एलएसी के ठीक उत्तर में पड़ता है, काम्बा काउंटी की सीमा सिक्किम से लगी हुई है और गईरोंग काउंटी नेपाल की सीमा के करीब है। प्रस्तावित सड़क तिब्बत, नेपाल और भारत के बीच स्थित बुरांग काउंटी तथा नगारी प्रांत के जांदा काउंटी से भी होकर गुजरेगी। खबर में कहा गया है कि नगारी प्रांत के कुछ हिस्से पर भारत का कब्जा है। खबर में कहा गया है कि नए निर्माण का विवरण अस्पष्ट बना हुआ है लेकिन पूरा हो जाने पर राजमार्ग डेपसांग मैदान, गलवान घाटी और एलएसी पर हॉट स्प्रिंग्स जैसे टकराव वाले इलाकों के नजदीक से भी गुजरेगा। हांगकांग की मीडिया में आई इस खबर पर यहां अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। भारत ने पूर्व में कहा था कि वह अपनी सीमा पर होने वाली सभी गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

# साप्ताहिक बाजारों में पॉलिथीन पर बैन के लिए 'मैं हूं विकल्प' अभियान शुरू

● ग्रेनो प्राधिकरण ने दुकानदारों को किया जागरूक

● सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और कपड़े का थैला साथ लाने की सीख दी




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने साप्ताहिक बाजारों में पॉलिथीन के उपयोग पर रोकने के लिए मैं हूं विकल्प अभियान की शुरुआत कर दी है। प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग की टीम बाजारों में जाकर दुकानदारों व खरीदारों को जागरूक कर रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की सीख दे रही है।

दरअसल, एक जुलाई से देश भर में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने भी अपने एरिया में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर जनस्वास्थ्य विभाग की टीम अब साप्ताहिक बाजारों में जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सलिल यादव ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी साप्ताहिक बाजारों में जाकर लोगों को जागरूक कर रही है।

18 जुलाई को सेक्टर डेल्टा वन के साप्ताहिक बाजार में और 19 जुलाई को सेक्टर एक के साप्ताहिक बाजार में मैं हूं विकल्प के अंतर्गत जागरुकता अभियान चलाया। इसके तहत लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने और कपड़े का थैला साथ लाने की सीख दी गई। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सभी साप्ताहिक बाजारों में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण जागरुकता अभियान के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों व खरीदारों के चालान भी काटने की तैयारी कर रहा है। ज्ञात हो कि एनजीटी के आदेश के बाद राज्य सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ प्रतिबंध लगा दिया है।

# एमिटी के बाहर छात्रों में मारपीट, कई घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा की एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर एक बार फिर गुटबाजी का मामला सामने आया है। मंगलवार की देर शाम को एमिटी यूनिवर्सिटी गेट नंबर-2 पर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में दोनों पक्षों ने सेक्टर-126 कोतवाली में एक दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दी है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नर के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की देर शाम को नोएडा के सेक्टर-125 में स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट के दौरान काफी लोग घायल हुए हैं। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद तत्काल सेक्टर-126 कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को मौके पर देखते ही कुछ लोग मौके से भाग गए। इस हादसे में काफी लोग घायल हुए हैं। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज इस मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि भोला कुमार ने मुकुल और विजय समेत देवांशी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

भोला कुमार की हाथ की हड्डी टूट गई है। पुलिस दोनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच कर रही है। आपको बता दें कि एमिटी यूनिवर्सिटी के बाहर मारपीट का कोई पहला मामला नहीं है।

# 21 अगस्त को दोपहर 2:30 बजे जमींदोज होंगे ट्विन टॉवर

● ब्लास्ट के समय केवल पांच लोग होंगे शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

21 अगस्त को दोपहर ढाई बजे इमारतों को ब्लास्ट किया जाएगा। ब्लास्ट के दौरान सिर्फ पांच लोग ही मौजूद रहेंगे। इसमें एडिफिस के एक, जेट डिमोलिशन के तीन और एक पुलिस प्रशासन का अधिकारी रहेगा। नोएडा प्राधिकरण में कल हुई अंतिम बैठक में इस बात की जानकारी साझा की गई। बैठक में बताया गया कि इमारत के 11 प्राइमरी और 7 सेकंड्री तलों पर पिलर्स में होल कर दिए गए है। नौ पिलर शेष है जिनमें रैपिंग काम तीन दिनों में पूरा हो जाएगा। एमराल्ड और एटीएस के टॉवरों को धूल से बचाने के लिए प्लास्टिक शीट से कवर किया जाएगा।

विस्फोटक पर निगरानी के लिए परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। इस दौरान जेट डिमोलिशन, नोएडा प्राधिकरण, सीबीआरआई, गेल, प्रदूष्रण नियंत्रण बोर्ड आदि मौजूद रहे। एनडीआरएफ के साथ अगले सप्ताह बैठक की जाएगी। सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कहा कि सुपरटेक सीबीआरआई से एक्सपर्ट ओपिनियन प्राप्त करे और यदि सीबीआरआई क्रिटिकल जोन में स्ट्रक्चलर आडिट के लिए कहती है तो तत्काल एक एजेंसी हायर कर स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाए। साथ ही सुपरटेक को निर्देशित किया कि सीबीआरआई और रूढ़की को तीन दिन के अंदर 70 लाख रुपए का भुगतान करे। मलबे को एकत्रित करने के लिए बेसमेंट के चारो ओर 4.5 और 7.5 मीटर की स्टील से इमारत को कवर किया जाएगा। इसके अलावा 30 मीटर ऊचे कंटेनर रखे जाएंगे। साथ ही ब्लास्ट होने वाले कॉलम को जियो टैक्सटाइल फाइबर से कवर किया गया है। ताकि डिबरीस बाहर न आए।

अभी नौ कॉलम का काम बाकी है। जिसे तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा। सुपरटेक में दोनों टावरों के अलावा 14 टावर और उसके साथ एटीएस में टावर है।

# पुलिस आयुक्त ने परखीं कांवड़ मार्गों की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर आलोक सिंह ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लव कुमार के साथ थाना रबुपरा क्षेत्र के अंतर्गत शिव मंदिर का निरीक्षण करते हुए कावड़ मार्ग की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने क्षेत्र के शिव मंदिर के आसपास भ्रमण करते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कावड़ हेतु तय किए गए मार्ग को दुरुस्त रखने, पूरे मार्ग में हर समय रोशनी की व्यवस्था रहने, यातायात नियंत्रण में रखने व पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कावड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए शिविर के स्थान तय करने, साफ-सफाई का प्रबंध रखने व सहायता हेतु कंट्रोल रूम बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कावड ले जाने वाले श्रद्धालुओं को तिरंगे के साथ चलने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी अराजकतत्व किसी भी प्रकार से यात्रा में परेशानी उत्पन्न करता है तो उस पर तत्काल कठोर कार्यवाही की जाये। सभी थाना प्रभारियों को लगातारकांवड़ रूट की निगरानी करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## सड़क हादसे में राजस्थान के कांवड़िए की मौत

**नोएडा।** जनपद के दादरी थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक सड़क हादसे में कांवड़ यात्रा पर निकले 75 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि राजस्थान के करौली के रहने वाले बृजलाल उत्तराखंड के हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे थे तभी मंगलवार देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग 91 पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्हें गंभीर हालत में नोएडा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK

REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

**GOLD AUCTION NOTICE**

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION : 25-07-2022 TIME : 10 AM TO 4 PM
AUCTION VENUE : THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS : https://gold.matexnet.org/

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site

**BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS**

**New Delhi- Paschim Vihar:** 63210000851872 **New Delhi-Karol Bagh:** 63210000850774, 830802, 882103, 882293, 841041, 877373 **New Delhi-Rohini:** 63210000851142, 850194, 850714, 863610 **New delhi-Mayur Vihar:** 63210000831901, 889931, 858970, 889571, 861703

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.

Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 21-07-2022

Sd/-
Authorized Signatory

प्रपत्र सं. आईएनसी – 26
[कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में, कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एक राज्य से अन्य राज्य में स्थानांतरित करने के संबंध में समाचारपत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञापन
केन्द्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक) (उत्तरी क्षेत्र), नई दिल्ली के समक्ष

कमपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के क्लॉज (क) के विषय में
तथा
डिजो (DIZO) इन्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में आईबोट (AIBOT) इन्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के विषय में, जिसका पंजीकृत कार्यालय सी-84, सेक्टर-33, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201301 में स्थित है
..........(याचिकादाता)

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा बृहिस्पतिवार, 26 मई, 2022 को सम्पन्न इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निबंधनों में कम्पनी को इसका पंजीकृत कार्यालय "उत्तर प्रदेश राज्य" से "हरियाणा राज्य" में स्थानांतरित करने हेतु सक्षम बनाने के लिए कम्पनी के संस्था ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि हेतु कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन, केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र को बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी को नीचे वर्णित पते पर स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए।

डिजो इन्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
(पूर्व में आईबोट इन्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
(सीआईएन : यू31904यूपी2020पीटीसी127610)
पंजीकृत कार्यालय – सी-84, सेक्टर-33, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश
ई-मेल : subodhgupta@dizo.net

कृते एवं हिते
डिजो (DIZO) इन्नोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
(सुबोध कुमार गुप्ता)
निदेशक
डीआईएन : 08196288

तिथि : 20-07-2022
स्थान : नोएडा

**परिशिष्ट IV A**
नियम 8(6) का नियम देखे
**अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्तियो की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029)** **(सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, को **22.08.2022** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक (निविदा दस्तावेज के संदर्भ में 5 मिनिट के अमर्यादित स्वचालित एक्सटेंशन के साथ) **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, तथा **''बिना किसी समर्थन के आधार पर''** वसूली के लिए **रू.46,26,010/- (रुपए छियालीस लाख छब्बीस हजार दस मात्र)** यानि ऋण खाता नं. **HHLNOD00307937** के लिए **रू.44,35,822/- (रुपए चौवालीस लाख पैंतीस हजार आठ सौ बाईस मात्र)** और ऋण खाता नं. **HHLNOD00345542** के लिए **रू.1,90,188/- (रुपए एक लाख नब्बे हजार एक सौ अठासी मात्र) के लिए 11.07.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **12.07.2022** से प्रभावी जो **अरविंद कुमार और शकुंतला देवी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.41,50,000 /- (रुपए इकतालीस लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.4,15,000/- (रुपए चार लाख पंद्रह हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य का **10%** (दस प्रतिशत) होगा और यह **DD/RTGS/NEFT** अथवा अन्य किसी उचित बैंकिंग चैनल द्वारा ऑनलाईन टेंडर जमा करने से पहले **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड के नाम, खाता नं.00000040428645185, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया** के साथ (IFSC: **SBIN0004079**), जिसकी शाखा **कॉम.बीआर. गुडगाँव (04079)**, ऑनलाइन सार्वजनिक निलामी में भाग लेने के लिए निविदा प्रस्तुत करने से पहले देय होगा और सफल बोलीदाता बोली के समय स्वीकृती पर बिक्री मूल्य राशि का 25% (ई - निलामी में भाग लेने के लिए आरक्षित मूल्य का 10% कम करके)का तुरंत भुगतान करेगा यानि उसी दिन या उसके अगले कार्य दिवस के बाद नही होगा । अचल संपत्ति की बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनोके भितर बिक्री मुल्य का बकाया जमा कराना होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपुर्ण पहली मंजिल, प्लॉट नं.258, शक्ति खंड - III, इंदिरापुरम, गाज़ियाबाद -201014, उत्तर प्रदेश**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट में दिए गए लिंक यानि www.indiabullshomeloans.com और www.auctionfocus.in का संदर्भ ले ।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

दिनांक: 11.07.2022
स्थान : गाज़ियाबाद

# अधूरी परियोजनाओं को तीन महीने में पूरा करने के आदेश

● कंपनी पर कार्रवाई के निर्देश, बीत चुकी है 9 डेडलाइन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर में निर्माणाधीन बड़ी परियोजनाओं के काम की सीईओ ने समीक्षा की। समीक्षा में एलिवेटेड रोडए अंडरपास के काम की रफ्तार धीमी होने पर नाराजगी जताते हुए 3 महीने में पूरा करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा भंगेल एलिवेटेड रोड के नीचे खराब पड़ी सड़क को 3 दिन में ठीक करने के निर्देश दिए। एक्सप्रेस.वे की मरम्मत का काम पूरा नहीं होने पर कंपनी से जवाब मांगा गया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस.वे के रि-सर्फेसिंग का काम 9 डेडलाइन गुजरने के बाद भी 30 जून तक पूरा नहीं हो पाया है। अब भी 65 प्रतिशत काम बचा हुआ है।

अब तक प्राधिकरण एजेंसी पर 1 करोड़ 72 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा चुका है। काम पूरा नहीं होने को लेकर प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने नाराजगी जताई है।

इसके साथ ही एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सफीपुर अंडरपास का काम 30 जून तक न पूरा होने पर भी सवाल किए हैं। अब सफीपुर और सेक्टर-142 एडवेंट इमारत के सामने बन रहे अंडरपास के काम में तेजी लाने के लिए कहा है।

## अजनारा बिल्डर के एमडी और मैनेजर पर केस दर्ज

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र की अजनारा सोसाइटी परिसर में सिक्योरिटी एजेंसी मालिक व किसान नेता की आत्महत्या के मामले में अजनारा ग्रुप के एमडी और मैनेजर सहित दो लोगों के खिलाफकेस दर्ज किया गया है।

मृतक के भाई की शिकायत पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया गया है। सेक्टर.118 स्थित अजनारा सोसाइटी के परिसर में बनी झुग्गी के पास 16 जुलाई को अजय यादव उर्फमनवीर का शव फंदे से लटका मिला था। उन्होंने अपनी बेल्ट से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। अजय भारतीय किसान यूनियन अंबावता का पदाधिकारी था। किसान यूनियन थाने पर प्रदर्शन कर अजनारा बिल्डर के खिलाफकेस दर्ज करने की मांग की थी।

# परिणाम में देरी से कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया धीमी

● सीबीएसई ने अभी जारी नहीं किया 12वीं का रिजल्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई और भारतीय स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा परिषद ने अभी तक 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया है, इससे डिग्री कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया धीमी पड़ी है।

यूपी बोर्ड का परिणाम पूर्व में ही जारी हो चुका है, ऐसे में सरकारी कॉलेजों में तो प्रवेश के लिए मारामारी है, लेकिन यूपी बोर्ड के विद्यार्थी निजी कॉलेजों की तरह रुख नहीं कर रहे हैं, अबतक बेहद कम विद्यार्थियों ने ही निजी कॉलेजों की तरफ कदम बढ़ाएं है। लिहाजा, निजी कॉलेजों प्रवेश के लिए तिथि बढ़ाई जा रही है। यूपी बोर्ड का परिणाम जारी होने के बाद कॉलेजों में स्नातक के लिए प्रवेश प्रक्रिया का इंतजार किया जा रहा था।

जिले में दो सरकारी और एक अर्द्धसरकारी डिग्री कॉलेज हैं। तीनों कॉलेज में बीए, बी.कॉम, बीएससी की 1540 सीटें है, जबकि यूपी बोर्ड की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थी 16096 थे, ऐसे में तीनों कॉलेजों में प्रवेश के लिए मारामारी है, लेकिन निजी कॉलेजों में प्रक्रिया फि लहाल मंथर गति से ही चल रही है।

सेक्टर-62 स्थित आईएमएस के मीडिया प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि प्रवेश के लिए प्रतिदिन कॉलेज में काफी संख्या में विद्यार्थी विजिट कर रहे हैं, लेकिन फि लहाल एडमिशन नहीं ले रहे हैं। छात्र कॉलेज में सीटें, सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी लेकर जाते हैं। शायद सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद प्रवेश प्रक्रिया में तेजी आएगी। उधर, एकेटीयू के सेक्टर-62 स्थित डिजाइन कॉलेज में भी अभी काफी सीटें खाली है। जेएसएस और एमिटी विश्वविद्यालय में छात्र पहुंच रहे हैं, लेकिन प्रवेश की प्रक्रिया यहां पर भी धीमी ही चल रही है। अब कॉलेज प्रबंधन और विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी होने का इंतजार है। इस वर्ष जिले में सीबीएसई की 17 हजार विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा दी है। वहीं, आईएससी 12वीं के भी 500 से अधिक विद्यार्थी है। इनका अभी तक रिजल्ट नहीं आया है।

**भौतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शफकत अहमद कादरी/अत्फा कादरी LBDEL00001056903 | फ्लैट नंबर II-F/95, दूसरी मंजिल, लाजपत नगर-2, दिल्ली। जुलाई 16, 2022 | जुलाई 06, 2021 रु. 18,62,664/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : जुलाई 21, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनुराग मलिक/ रीमा मान/ LBFDB00004960893 | फ्लैट नंबर-803, 8वीं मंजिल, टावर- टी-5, गांव- मुजेरी, आगमन, सेक्टर-70, फरीदाबाद, 121001/ 14 जुलाई, 2022 | फरवरी 28, 2022 ₹ 11,87,600/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मुकुल सिंघल/ सरोज जैन/ नवनीत सिंह/ LBDEL00001217465 | हाउस नंबर-72, मेन चौक ओल्ड आर्य नगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश/ 18 जुलाई, 2022 | अक्टूबर 31, 2020 ₹ 3,34,701/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | श्राविका कुमारी/ अवनीश राठौर/ LBDEL00003122238/ LBDEL00003122240 | फ्लैट नंबर- 304, तीसरी मंजिल, छत के अधिकार के साथ, टॉवर- बी 4, एबोनी ग्रीन्स क्रिसेंट पार्क, गाजियाबाद/ जुलाई 18, 2022 | सितम्बर 27, 2021 ₹ 27,39,774/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | शंकर मिश्रा/ गीता देवी/ LBDEL00005650064 | यूनिट नंबर ई-106, पहली मंजिल, टावर ई-टी7, हैप्पी होम्स, सेक्टर-86, फरीदाबाद, गांव बुढेना, हरियाणा/ जुलाई 16,2022 | जनवरी 31, 2022 ₹ 18,91,431/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 5. | लीना बत्रा/ नितिन बत्रा/ LBGHZ00003091275 | यूनिट नंबर 22, ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक ए, इंदिरापुरम हबिटा, टी सेंटर प्लॉट नंबर 16, अहिंसा खंड 1, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/ 18 जुलाई, 2022 | जून 19, 2021 ₹ 21,86,167/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 6. | सुमन सिंघल/ मोहित सिंघल/ LBGHZ00002865036/ LBGHZ00002891317 | प्लॉट नंबर III- एफ-1/21, ग्राउंड फ्लोर, नेहरू नगर, गाजियाबाद/ 18 जुलाई, 2022 | दिसम्बर 17, 2021 ₹ 30,41,459/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 7. | विवेक कुमार/ सुमन/ LBGUR00003024502 | फ्लैट नंबर 1304, 13वीं मंजिल, ब्लॉक बी, जेएनसी ग्रीनवुड्स, जीएच 1, सेक्टर 3, वसुंधरा, गाजियाबाद/ 18 जुलाई, 2022 | अक्टूबर 31, 2018 ₹ 61,29,556/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 8. | अमित कुमार मीणा/ निशा झारवाल/ LBGUR00002145465 | फ्लैट नंबर ए- 3102, पहली मंजिल, "स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स" क्रिसेंट पीआरसी टाउनशिप में नई इंदिरापुरम, एनएच 24, गाजियाबाद / 18 जुलाई, 2022 | जनवरी 28, 2020 ₹ 50,40,817/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जुलाई 21, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

## प्लॉट देने के नाम पर महिला से लाखों की धोखाधड़ी

**नोएडा।** महिला ने चार लोगों पर प्लॉट देने के नाम पर धोखाधड़ी कर पांच लाख 62 हजार 500 रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में केस दर्ज कराया है।

पुलिस को दी शिकायत में संतोष भट्ट नाम की महिला ने बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर.48 स्थित केसर गार्डन सोसाइटी में रहती हैं। कुछ समय पहले उन्होंने सनसिटी हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के पदाधिकारियों से संपर्क किया था। महिला ने एक प्लॉट खरीदने के लिए सौदा किया था।

पीड़िता का आरोप है कि कंपनी के पदाधिकारियों ने उनसे प्लॉट देने का झांसा देकर एडवांस के तौर पर पांच लाख 62 हजार 500 रुपये ले लिए। इसके बाद महिला को प्लॉट नहीं दिया। आरोपी प्लॉट देने के नाम पर टालमटोल करने लगे। जब महिला ने अपने पैसे वापस मांगे तो वह भी नहीं दिए।

# कैंटीन में शराब न पिलाने पर सेल्समैन पर छुरी से हमला

● मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मसूरी थानाक्षेत्र के डासना में रात दस बजे कैंटीन में शराब पीने से मना करने पर युवक ने सेल्समैन पर छुरी से हमला कर दिया। हमले में सेल्समैन बाल-बाल बच गया।

इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से छुरी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश व आर्म्स एक्ट के तहत दो केस दर्ज किए हैं। भोपाल, मध्य प्रदेश के न्यू अशोका गार्डन निवासी प्रशांत शर्मा का कहना है कि वह डासना के रफीकाबाद स्थित अंग्रेजी मॉडल शॉप पर सेल्समैन की नौकरी करते हैं। बीती रात 9.50 बजे वह कैंटीन बंद करने की तैयारी करने लगे तो इसी दौरान एक युवक आया और कैंटीन में शराब पीने की बात कहने लगा। प्रशांत का कहना है कि उन्होंने रात 10 बजे दुकान बंदी के आदेश का हवाला दिया तो युवक ने उनके व उनके सहकर्मी के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। आरोप है कि गाली.गलौच का विरोध करने पर युवक तैश में आ गया।

उन्हें थप्पड़ मारने के बाद वह अपने मालवाहक टेंपो से छुरी निकालकर ले आया। उसने हत्या की नीयत से उन पर छुरी से हमला किया, जिसमें वह बाल.बाल बच गए। प्रशांत शर्मा का कहना है कि इसी दौरान पुलिस मौके पर आ गई, जिसने आरोपी को दबोच लिया। आरोपी ने पुलिस वालों को भी भुगत लेने की धमकी दी। मसूरी एसएचओ रविंद्र चंद पंत का कहना है कि आरोपी की पहचान कुशलिया निवासी असलम के रूप में हुई है। सेल्समैन की शिकायत पर उसके खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया गया है।

# चिकित्सा एक आदर्श पेशा : जिलाधिकारी

● डेंटल केअर पर आधारित कार्यक्रम में मेट्रो हॉस्पिटल पहुंचे सुहास एलवाई




**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एल वाई बुधवार को नोएडा के सेक्टर 11 स्थित मेट्रो हॉस्पिटल पहुंचे। दांतों की सुरक्षा व देखभाल पर आधारित एक सेमिनार में यहां उन्होंने शिरकत करते हुए डॉक्टरी पेशे को दुनिया का सबसे आदर्श पेशा बताया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि धरती पर इन्हें भगवान कहा जाता है। कोरोना काल में इन चिकित्सकों व उनके अन्य स्टाफ ने ही लोगों को बचाए रखा। यह सेमिनार मैट्रो अस्पताल के डेंटल विभाग के 20 वर्ष पूरे होने पर किया गया। यहां दन्त रोग विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये। डॉ गौरव वालिआ, वरिष्ठ दन्त रोग विशेषज्ञ हैं मैट्रो हॉस्पिटल नॉएडा, ने बताया कि आजकल दांतों की समस्या को लेकर लोगों में कैंसर का डर बना हुआ है। कैंसर सर्वप्रथम होंठ के पास, जीभ, दांतों के मसूड़ों में, गला के पास देखा जाता है।

मुंह में अल्सर, गांठ, या सफेद चकत्ते, मुह में छाले अगर 20 से अधिक हो, खाना निगलने में दर्द या परेशानी, गले में कुछ फसा होना एवं दांत के पास गांठ होना कैंसर की शुरुआती लक्षण है। अगर इसका प्रथम चरण में इलाज शुरू हो जाए तो ठीक हो सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# हर घर लगेगा तिरंगा, अभियान कल से

## आजादी का अमृत महोत्सवः एलजी ने जारी किए आदेश, नगर निकाय मिलकर देंगे कार्य को अंजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आजादी की 75वीं वर्षगांठ और आजादी के अमृत महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर 15 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी को राष्ट्रीय ध्वज के रंग में रंगा जाएगा। इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत भी 22 जुलाई से हो रही है।

शहर की प्रमुख सड़कें, बाजार, फ्लाईओवर, गोल चक्कर एवं नगर निकाय के सभी स्कूल व अस्पतालों को भी तीरंगे रंग में रंगा जाएगा। नगर निकायों के सभी कर्मचारी अपने कंधे, सीने पर तिरंगा लगाएंगे। कोशिश यह है कि उत्सव मनाते हुए दिल्ली वालों में राष्ट्रीयता की भावना प्रबल और प्रभावी हो। इसी बाबत केंद्रीय गृहमंत्री की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए गत रविवार सभी राज्यपालों, उपराज्यपालों, मुख्यमंत्रियों, केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों के साथ एक बैठक हुई थी। इसके बाद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उपरोक्त कार्यक्रम को स्मरणीय बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। इसके तहत एलजी ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद और दिल्ली नगर निगम को अपने अधीन आने वाली प्रमुख सड़कों जैसे सरदार पटेल मार्ग और शांति पथ के साथ-साथ उनके क्षेत्र में आने वाले बाजारों की पहचान जल्द करने को कहा गया है ताकि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक इनको तिरंगामय किया जा सके। दिल्ली विकास प्राधिकरण भी अपने अधिकार क्षेत्र के बाजारों में इसी तरह का अभियान चलाएगी। एनडीएमसी के क्षेत्र में आने वाले फ्लाईओवरों को राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से रोशन किया जाएगा। साथ ही नगर निगम के स्कूलों एवं अस्पतालों को सजा कर उनके प्रांगण में 13 अगस्त से 15 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। शहरी नगर निकाय अपने क्षेत्र के प्रमुख गोल चक्करों की पहचान कर विभिन्न माध्यमों जैसे फ्लोरल बोर्डस, झंडे एवं रोशनी के माध्यम से तिरंगे का प्रदर्शन करेंगे।

### स्कूली छात्र निकालेंगे प्रभात फेरियां

उपराज्यपाल ने दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद, डीडीए, दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त दिल्ली सरकार के सभी विभागों को हर घर तिरंगा अभियान में जनभागीदारी की पहल सुनिश्चित करते हुए इसे लोकप्रिय बनाने के लिए कारगर प्रयास करने के निर्देश दिए। इसकी सफलता के लिए 22 जुलाई को विशेष प्रचार अभियान की शुरूआत की जाएगी साथ ही 11 अगस्त से 14 अगस्त, तक स्कूली छात्रों द्वारा प्रभात फेरियां भी आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त सभी सरकारी विभागों एवं उपक्रमों को अपने बेवसाइट के होम पेज पर 22 जूलाई से राष्ट्रीय तिरंगा प्रदर्शित करने को कहा है।

# खनन से बने गड्ढों को जलाशय में बदलने का काम शुरू

● योजना से भू-जल स्तर बढ़ेगा, साथ ही जलभराव की समस्या का होगा निदान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने बुधवार को कहा कि आरक्षित वन क्षेत्र में भाटी खदानों में खनन किए गए गड्ढों को जलाशयों में विकसित करने का काम शुरू हो गया है। सक्सेना ने ट्वीट किया कि छोटे कदम स्थाई परिवर्तन की शुरुआत करते हैं।

भाटी माइन्स के दौरे के दौरान अधिकारियों को आसपास के जलभराव के स्थलों की पहचान करने और गहरे खनन वाले गड्ढों में बारिश के पानी को जमा करने के लिए पाइप का इस्तेमाल करने का निर्देश दिया था। इस बात की खुशी है कि जलाशय बनाने, जल स्तर बढ़ाने और जलभराव को रोकने के लिए कार्य आरंभ हो गया है। उपराज्यपाल ने जून में अधिकारियों को बारिश प्रभावित क्षेत्र में खनन किए गए भाटी माइन्स के गड्ढों को जलाशयों में विकसित करने का निर्देश दिया था जो उन्हें पड़ोसी क्षेत्रों से जोड़ते हैं और वहां लगातार जलभराव होता है।

दक्षिणी दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट को आसपास के इलाकों में जलभराव वाले मुख्य स्थानों की पहचान करने का निर्देश दिया गया ताकि गड्ढों तक जाने वाली कनेक्टिंग लाइनें बिछाई जा सकें।

# टिकरी में खुलेगी सेब मंडी, व्यापारियों और किसानों को होगा फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के टिकरी में बन रहे है अस्थाई सेब मंडी से आजादपुर मंडी व उसके आसपास के क्षेत्रों में जाम की समस्या समाप्त होने के साथ प्रदूषण से भी राहत मिल जाएगी। इसके साथ ही इससे किसान और व्यापारियों का धन व समय बचेगा।

आजादपुर मंडी के चेयरमैन आदिल अहमद खान ने बुधवार को बताया कि इससे आजाद पुर मंडी में आने वाले 300-400 ट्रक बाहरी दिल्ली में ही रुक जायंगे। इसके यहां लगने वाला 5-6 घंटे का जाम खत्म होने के साथ प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि बुधवार को टिकरी में बन रहे है अस्थाई सेब मंडी का निरक्षण कर अधिकारियों को सभी सुरक्षा मानको को सखूती से पालन करने का आदेश दिया।

उन्होंने कहा कि टिकरी में बन रहा अस्थाई सेब मंडी के बनने के बाद व्यापारी और किसान को काफी फायदा होगा। जाम के कारण किसानों की फसल घंटो मंडी के रास्तों में फंस कर खराब हो जाती है जिससे किसानों और व्यापारियों को नुकसान होता है।

### 11 हजार स्क्वेयर फुट में बनेगी मंडी

अस्थाई सेब मंडी 11 हजार स्क्वेयर फुट में बनाया जा रहा है। इसके बनने का बाद दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तर भारत में आसानी से सेबों की सप्लाई हो सकेगी। एनसीआर और उत्तर भारत के लिए सेबों की सप्लाई के दौरान ट्रकों को दिल्ली में प्रवेश करने की जरूरत नहीं होगी, जिससे जाम से मुक्ति मिलेगी।

# इस बार सही साबित हुआ पूर्वानुमान, झमाझम बारिश

● भारी वर्षा के कारण सात सात विमानों का रास्ता बदला, 40 उड़ानों मे हुई देरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



बारिश ने लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से राहत दी, तो वहीं सड़कों पर लगे लंबे जाम और विमानों की आवाजाही बाधित होने से उन्हें थोड़ी मुश्किल का भी सामना करना पड़ा।

शहर के कई निचले इलाकों में जलजमाव भी देखने को मिला। इसके साथ ही बारिश को लेकर मौसम विभाग की भविष्यवाणी पिछले एक पखवाड़े के दौरान पहली बार सही साबित हुई। इससे पहले 3 जुलाई के बाद से लगातार बारिश को लेकर भविष्यवाणी गलत साबित हो रही थी।

इससे मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर सवाल भी उठने लगे थे। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को ट्वीट करके लोगों से ऑरोबिंदो मार्ग, रिंग रोड पर मूलचंद अंडरपास और आईआईटी से अधचिनी की तरफ जा रहे रास्ते से बचने की अपील की।

इसके अलावा द्वारका मोड़ से उत्तम नगर की ओर जा रही सड़क और कापसहेड़ा चौक की ओर जाने से भी बचने की सलाह दी। बारिश की वजह से बुधवार दोपहर को इंदिरा गांधी हवाई अड्डा आने वाले तीन विमानों का रास्ता बदला गया, जबकि करीब 40 उड़ानों में देरी हुई।

सूत्रों ने बताया कि बुधवार को खराब मौसम की वजह से कम से कम 25 उड़ानों को रवाना होने में देरी हुई जबकि 15 विमान देरी से हवाई अड्डे पर उतरे। विस्तार एयरलाइंस ने ट्वीट कर बताया कि मुंबई से दिल्ली आने वाली उसकी दो उड़ानों को भारी बारिश की वजह से दूसरे शहरों की ओर मोड़ना पड़ा जिनमें से एक को जयपुर और दूसरे को इंदौर में उतारा गया। सूत्रों ने बताया कि विस्तार की दो उड़ानों सहित कम से कम तीन उड़ानों को दिल्ली हवाई अड्डे के बजाय दूसरे शहरों की ओर मोड़ना पड़ा है।



### कई जगह जलजमाव, यातायात प्रभावित

बारिश की वजह से कई निचले इलाकों में जलजमाव हो जाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ। लोगों ने रिहायशी इलाकों में बारिश का पानी भरने और सड़कों पर जलभराव से वाहनों के गुजरने में परेशानी होने से जुड़ी तस्वीरें और सोशल मीडिया पर साझा किए। सफदरजंग वेधशाला के अनुसार, दिल्ली में एक जून को मानसून की शुरुआत होने के बाद से 189.6 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# डीयू में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू, जेएनयू में तीन से

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



● कोविड-19 के कारण पढ़ाई के हुए नुकसान की भरपाई के लिए विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया

कोविड-19 महामारी के बाद बुधवार से दिल्ली विश्वविद्यालय में ऑफलाइन कक्षाएं शुरू हो गई हैं। कोरोना वायरस के कारण पठन-पाठन को हुए नुकसान की भरपाई के लिए कॉलेज परिसर में लौटे छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। नए अकादमिक वर्ष के पांचवें और छठे सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। वहीं जेएनयू में तीन अगस्त से सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं शुरू होंगी

दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों ने दावा किया कि पहले दिन विभिन्न कॉलेजों में उपस्थिति कम रही। हिंदू कॉलेज के तीसरे वर्ष के छात्र हर्षवर्धन ने कहा कि कक्षाएं सामान्य स्थिति की ओर लौट रही हैं। कॉलेज परिसर में वापस आकर अच्छा लग रहा है यह कोविड से पहले के समय जैसा लग रहा है।

उपस्थिति कम है क्योंकि अन्य शहरों में रहने वाले छात्र अभी लौटे नहीं हैं। छात्रों को पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी देने के लिए कई कॉलेजों में प्रारंभिक सत्र आयोजित किए गए। किरोड़ीमल कॉलेज के तृतीय वर्ष के छात्र लक्ष्य ने कहा कि आज कोई कक्षा नहीं हुई लेकिन एक सत्र चलाया गया। आज कक्षा नहीं चली। शिक्षकों ने हमें बताया कि जब बाहर के छात्र वापस आ जाएंगे तब अगले सप्ताह से कक्षाएं संचालित होंगी। इस बीच जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में सभी पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं के लिए अगले महीने से ऑफलाइन कक्षाएं शुरू होंगी यानी छात्रों को विश्वविद्यालय आकर कक्षाओं में शामिल होना होगा।

जेएनयू की एक अधिसूचना में बुधवार को कहा गया कि तीन अगस्त से ऑफलाइन कक्षाएं शुरू होंगी। जेएनयू को कोविड महामारी की वजह से मार्च 2020 में बंद कर दिया गया था।

विश्वविद्यालय में फरवरी से प्रथम वर्ष के छात्रों को छोड़कर सभी विद्यार्थियों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं शुरू कर दी गई थीं।

# निगम ने चलाया डेंगू की जांच-जन जागरूकता अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




● निगम द्वारा सरकारी प्रतिष्ठानों में चलाया विशेष निगरानी अभियान

दिल्ली नगर निगम के जनस्वास्थ्य विभाग ने बारिश के मौसम के साथ ही डेंगू चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों बचाव के लिए तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी मे डेंगू, चिकनगुनिया के वाहक एडीज मच्छर के प्रजनन की जांच के लिए निगम ने 902 सरकारी दफ्तरों/ परिसरों/ विशेष निगरानी एवं जांच अभियान चलाया।

हाल ही में हुई वर्षा के बाद इनके प्रजनन की संभावना बढ़ जाने के कारण निगम के जनस्वास्थ्य विभाग ने संबंधित सरकारी विभागों से तालमेल करके एडीज मच्छर के प्रजनन वाली जगहों को नष्ट करने संबंधी अभियान चलाया गया।

नगर निगम ने अपने पश्चिमी,नजफगढ़,दक्षिणी एवं मध्य क्षेत्र में सरकारी प्रतिष्ठानों पर वहां कार्य करने वाले अधिकारियों जैसे विद्यालयों में शिक्षकों, अस्पतालों में डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों, सरकारी निर्माण स्थलों पर काम करने वाले कर्मचारियों, मेट्रो स्टेशन प्रभारियों एवं नोडल अधिकारियों को विशेष जागरूकता अभियान के अंतर्गत मच्छरों के प्रजनन के बारे में अवगत कराया गया। दिल्ली नगर निगम ने विशेष अभियान के अंतर्गत 902 सरकारी दफ्तरों/ परिसरों/ कॉलोनियों में जिनमे विद्यालय, फ्लैट्स,कार्यालय एवं पार्क भी सम्मिलत हैं में मच्छरों के प्रजनन की जांच कर उन्हें नष्ट किया गया।

निगम द्वारा संचालित विशेष अभियान में 76 कानूनी नोटिस एवं 30 अभियोजन दायर किए गए। जीजीएसएस नंबर 1 विद्यालय पश्चिमपुरी मार्केट 2 का मौके पर ही चालान किया गया एवं केंद्रीय विद्यालय द्वारका सेक्टर 5 एवं खैरा गांव स्थित सरकारी विद्यालय से प्रशासनिक शुल्क के रूप में 2500/- रुपए वसूले गए।

### सत्येन्द्र जैन के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजयुमो का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश युवा मोर्चा ने बुधवार को दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येन्द्र जैन को बर्खास्त करने की मांग को लेकर चंदगी राम अखाड़ा के पास केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

भाजपा के नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, सांसद मनोज तिवारी और सांसद रमेश बिधूड़ी और मोर्चा अध्यक्ष वासु रुखड़ की अगुवाई में हुए इस विरोध प्रदर्शन में युवा मोर्चा के हजारों कार्यकर्ताओं ने सत्येन्द्र जैन की बर्खास्तगी को लेकर नारेबाजी की। जिसके बाद पुलिस द्वारा विरोध प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार की गई।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के पास भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हुए। फोटोः रंजन डिमरी

## संक्षिप्त समाचार



पूर्वी सीएम शीला दीक्षित की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी नेता।

### पूर्व सीएम शीला दीक्षित की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई के नेताओं ने बुधवार को यहां पार्टी कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी के पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित ने दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अनिल कुमार और पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज के साथ श्रद्धांजलि दी। अरविंद केजरीवाल, कांग्रेस सांसदों गौरव गोगोई और शशि थरूर समेत कई अन्य नेताओं ने ट्वीट करके शीला दीक्षित को श्रद्धांजलि दी।शीला दीक्षित सबसे लंबे समय तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रहीं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने लगातार तीन बार विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। 20 जुलाई, 2019 को 81 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने के कारण उनका निधन हो गया था।

### वेस्टइंडीज दौरे के लिए विकास कत्याल बने मैनेजर



**नई दिल्ली।** आगामी दौरे के लिए भारत की क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज जाने वाली है। इस दौरे के लिए डीडीसीए के पूर्व डायरेक्टर विकास कत्याल को टीम का मैनेजर बनाया गया है। डीडीसीए के कोषाध्यक्ष पवन गुलाटी के बताया कि कत्याल जल्द की भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ जाएंगे।

### एमसीडी चुनाव को लेकर 26 जुलाई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह राष्ट्रीय राजधानी में वार्ड परिसीमन के आधार पर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनाव स्थगित किए जाने को चुनौती देने वाली आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर 26 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति ए. एम. खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता को प्रतिवादियों के वकीलों को याचिका की प्रति अग्रिम में उपलब्ध कराने की छूट प्रदान की। पीठ में न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला शामिल थे। आप की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ के समक्ष दलील दी कि दिल्ली में तीन निगम थे और उनके कार्यकाल इस वर्ष मई के मध्य में समाप्त हो गए थे। आप ने याचिका में केंद्र सरकार, राज्य निर्वाचन आयोग और एमसीडी को प्रतिवादी बनाया है। पीठ ने पूछा कि क्या प्रतिवादियों के वकील इस मामले में पेश हो रहे हैं। पीठ ने कहा कि इस मामले को 26 जुलाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

### पेटेंट कानून पाठ्यक्रम बनाने के लिए समिति गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने पेटेंट कानून से संबंधित पाठ्यक्रम तैयार करने और अन्य तौर-तरीकों के निर्धारण के लिए छह-सदस्ईय समिति का गठन किया है।डीयू ने एक अधिसूचना में कहा है कि समिति की अध्यक्षता डीयू के बीआर आम्बेडकर सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च में मेडिकल बॉयोटेक्नोलॉजी लेबोरेट्री के प्रोफेसर दमन सलूजा करेंगे।इसमें कहा गया है कि समिति के अन्य सदस्यों में लॉ सेंटर-एक के सहायक प्रोफेसर के. रत्नाबली, रसायन विज्ञान विभाग के राजकिशोर शर्मा, प्लांट मॉलिकुलर बायोलॉजी विभाग के संजय कपूर, बायोकेमिस्ट्री विभाग के अश्विनी सिवाल और गरिमा खरे शामिल हैं। अधिसूचना में कहा गया है, दिल्ली विश्वविद्यालय ने पेटेंट कानून संबंधित पाठ्यक्रम और अन्य तौर-तरीकों के निर्धारण के लिए तत्काल प्रभाव से समिति का गठन किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मई में कहा था कि दिल्ली विश्वविद्यालय पेटेंट प्रक्रिया पर अल्पकालिक डिप्लोमा कोर्स शुरू करने पर विचार कर रहा है।

# डीटीयू में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस दो हॉस्टल तैयार

## उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया उद्घाटन, करीब 2600 छात्र-छात्राओं के ठहरने की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रोहिणी स्थित दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र-छात्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। नवनिर्मित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम बॉयज हॉस्टल और वीरांगना लक्ष्मीबाई गर्ल्स हॉस्टल से करीब एक हजार छात्र-छात्रांए यहां मौजूद अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा पाएंगे। इसके साथ हॉस्टलों की कुल क्षमता भी बढ़कर 2600 हो गई है। बुधवार को उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने परिसर में दो नए हॉस्टल का उद्घाटन किया।

12 मंजिला डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम बॉयज हॉस्टल में 107 कमरे हैं जिसमें 321 छात्र रह सकते हैं। वहीं वीरांगना लक्ष्मीबाई गर्ल्स हॉस्टल में कुल 227 कमरे हैं जिसमें 681 छात्राएं रह सकती हैं। इसके अतिरिक्त यहां पूर्व से ही कई अन्य हॉस्टल भी मौजूद है जिनकी कुल क्षमता लगभग 1600 है। इन दोनों हॉस्टल के साथ डीटीयू अब अपने हॉस्टल में 2600 से अधिक स्टूडेंट्स को समायोजित कर सकता है। साथ ही यहां आने वाले दिनों में 2 नए अकेडमिक ब्लाक भी बनकर तैयार हो जाएंगे। इस अवसर पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी के सरकार में आने के बाद से ही उनका मकसद उच्च शिक्षा संस्थाओं को बेहतर बनाते हुए छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा व सुविधाएं मुहैया करवाना है। स्टूडेंट्स को बेहतर हॉस्टल सुविधाएं देना इसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए नीतियां बनाना और सुविधाओं के लिए धन उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन देश के बेहतर भविष्य और बेहतर अर्थव्यवस्था की नींव रखना शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी है।

सिसोदिया ने कहा कि विश्वविद्यालय दाखिले की जरूरत पूरा कर रही है। सिर्फ डीटीयू में ही पिछले 7 साल में सीटों की संख्या 6,000 से बढ़कर 15,000 हो गई। विवि का एक और बड़ा काम समस्या का समाधान करने वाला तैयार करना है।

आज देश के सामने एक बहुत बड़ी समस्या ये है कि यहां 12 करोड़ लोग बेरोजगार है और 27 करोड़ लोग ऐसे है जो प्रतिदिन 35-40 रूपये से भी कम कमाते है। विवि को ऐसे छात्रों को तैयार करने की जरुरत है जो इस समस्या का हल निकाल सकें। आज जापान-जर्मनी ऐसे देश जो विश्व-युद्ध में पूरी तरह तबाह हो चुके थे उनकी प्रतिव्यक्ति आए भारत की प्रतिव्यक्ति आय से 25-30 गुना ज्यादा है। इसका सीधा अभिप्राय है कि कहीं न कहीं कोई कमी रह गई है और जिसे स्कूल व्यवस्था और यूनिवर्सिटी सिस्टम के माध्यम से ही खोजते हुए दूर किया जा सकता है। इसके लिए हमारे विश्वविद्यालयों के लिए यह जानना महत्वपूर्ण है कि दुनिया भर के विश्व स्तरीय विश्वविद्यालयों ने उस देश के इतिहास में उसके वर्तमान को बदलने में क्या भूमिका निभाई है।

डीटीयू विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शानदार काम कर रहा है, जिसके कारण यह विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ये आगे बढ़ रहा है। यूनिवर्सिटी को इंडिया टुडे रैंकिंग में 8वां स्थान मिला है और एनआईआरएफ रैंकिंग में यूनिवर्सिटी जहाँ 2015 में 63वीं रैंक पर थी।

### हॉस्टल में मिलने वाली सुविधाएं

फुल फर्निशड और एयर-कंडीशन कमरे, टीवी रूम, इंडोर गेम एरिया, रीडिंग व इंटरनेट रूम, डाइनिंग रूम, एक्टिविटी रूम, गेस्ट रूम।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 21 जुलाई 2022



# खुद का जीवन खतरे में पड़ा फिर भी दूसरों का जीवन बचाने की रही जिद

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

## बादल फटने से टेंट बहे जीवन रक्षक दवाएं चिकित्सा उपकरण और खाने का सामान सैलाब में बह गया

## देश की प्रमुख हाई एल्टिट्यूड मेडिकल फोर्स सिक्स सिग्मा के सीईओ प्रदीप भारद्वाज से विशेष बातचीत

**अमरनाथ** यात्रा में आने वाले यात्रियों को चिकित्सा सेवाएं मुहैया कराने के लिए पूरी तैयारियां थी। देश की प्रमुख हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल फोर्स सिक्स सिग्मा सेना के सैनिकों की तरह तैनात थी। तभी बादल फटा और टीम की आंखों के आगे सब कुछ सैलाब की भेंट चढ़ गया। भले ही माल की हानि हुई हो, लेकिन जान सबकी बची और जनसेवा को फिर से सक्रिय हो गए।

हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल फोर्स सिक्स सिग्मा के सीईओ डा. प्रदीप भारद्वाज का कहना है कि वर्ष 2014 से ही संस्था के सदस्य हमेशा अमरनाथ गुफा के सबसे नजदीक होते हैं। इस बार (2022 में) भी किसी भी यात्री को चिकित्सा सेवाएं देने के लिए देश की प्रमुख हाई ऐल्टिट्यूड मेडिकल फोर्स सिक्स सिग्मा सेना के सैनिकों की तरह तैनात थी। अमरनाथ यात्रा में हुए मंजर के घटनाक्रम को सांझा करते हुए उन्होंने बताया कि संस्था के जितने भी सदस्य टेंटों में रहते थे, वे सभी बादल फटने से आए पानी में बह गए थे। साथ में सभी जीवन रक्षक दवाएं, चिकित्सा उपकरण व खाने का सामान सैलाब में बह गया। कृपा इतनी रही कि संस्था के सभी सदस्य सुरक्षित बच गए थे। क्योंकि वे उस समय उन टेंटों में नहीं थे।



दुर्गम पहाड़ों में सुरक्षा उपकरणों के साथ सिक्स सिग्मा के सीईओ प्रदीप भारद्वाज।

### मलबा, मौत, मातम के बीच होती रहीं मन्नतें

**सिक्स** सिग्मा के सदस्यों ने यात्रियों को मलबे में दबे हुए देखा। मलबा, मौत, मातम, मन्नत और मदद की दास्तान। पीछे धंसता ट्रैक, आगे बरसते पत्थर और पानी का सैलाब। चारों तरफ उन लोगों की चीख-पुकार थी, जो इस मंजर की चपेट में आने से बच गए थे या फिर पत्थरों के नीचे दबकर घायल हो गए थे। जीवन पर इस खतरे से भी सिक्स सिग्मा ने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि सेना के साथ मिलकर बचाव का कार्य भी किया और घायलों का उपचार भी शुरू किया। उपचार के लिए फिर से सभी सुविधाएं जुटाई गई। डा. भारद्वाज का कहना है कि आज दुनिया को प्रकृति ने अपनी क्षमता को देखने का एक और दर्पण दे दिया है। अमरनाथ में बादल फटने की आफत दबे पांव आई और किसी को संभलने तक का मौका नहीं दिया।

### मुसीबतों से भिड़ आगे बढ़ने का पर्यायवाची है सिक्स सिग्मा

**मूलरूप** से हरियाणा के झज्जर जिला निवासी डा. प्रदीप भारद्वाज दुर्गम यात्राओं में सिक्स सिग्मा के माध्यम से चिकित्सा सेवाएं देते हैं। वे कहते हैं कि आस्था के सैलाब में जब हम अपना घर-परिवार छोड़कर, जिंदगी बचाने के लिए, घोड़े-खच्चर पर दवाइयां व सामान लादकर पहाड़ों पर चलते हैं, तो कभी गिरते हैं, उठते हैं, बीमार भी होते हैं। मुश्किल से जिंदगी आगे बढ़ती जाती है। बस फर्क इतना होता है कि कुछ लोग जिंदगी में आई मुश्किलों से टूट जाते हैं तो हमें छोड़कर चले जाते हैं। कुछ मुसीबतों की आंखों में आंखें डाल भिड़ जाते हैं। विपरीत हालातों में भी अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति के जरिए वो जीत जाते हैं और उदाहरण बन जाते हैं। इन सब बातों का पर्यायवाची है सिक्स सिग्मा है। सिक्स सिग्मा के वीर-वीरांगनाओं ने देश के प्रति असाधारण साहस, बहादुरी, जुनून, समर्पित सेवा भाव और प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। हिमालय की ऊंची चोटियों पर निःस्वार्थ रूप से किसी भी वर्ग, पंथ, नेता, धर्म या जाति इत्यादि की परवाह किए बिना उच्च शिखरों पर जोखिमों भरी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। हमारा भी इन जांबाजों को सेल्यूट है।

# सावन माह में फलों की कीमतों में आया उछाल



सोहना की चुंगी नंबर दो पर लगी फलों की दुकान।

**सोहना।** सावन माह के पहले सप्ताह में फलों की कीमतों आसमानी छलांग लगा दी है। केले की कीमतों ने रिकार्ड बनाया है। जिससे बाजार में बहुत की कम दुकानदारों के पास केला मिल रहा है।

सावन माह में फलों की मांग बढ़ जाती है। फलों की मांग बढ़ने के साथ बाजार में कमी होने के साथ कीमतें बढ़ने लगती है, लेकिन इस बार तो सावन माह के पहले सप्ताह में ही फलों की कीमतों उछाल देखने को मिल रहा है। सबसे ज्यादा तेजी केले की कीमतों में आई है। इस बार केला 50 से 80 रुपये दर्जन पहुंच गई है। केले से ग्राहक तोबा करने लगा है। बाजार में घटती मांग के कारण केला दुकानदार व रेहड़ी कारोबारियों ने अन्य फल बेचना शुरू कर दिया है। बाजार में आम व बब्बूगोशा ही ज्यादा आ रहा है। जिनकी कीमतें 10 से 20 रुपये बढ़ गई हैं। दुकानदार पिंचू का कहना है कि अभी आम लंगड़ा आ रहा है। दशहरी व अन्य किस्म वाला समाप्त हो चला है।

**क्या कहते हैं केला विक्रेता :** शहर के वार्ड-19 निवासी राजू का कहना है कि वह पिछले 10 साल से केला बेचते आ रहा है। पिछले पांच दिन से उसने केले बेचना बंद कर दिया है, क्योंकि केला उन्हें 70 से 75 रुपये में मिल रहा है। पांच रुपये का मुनाफा उन्हें ग्राहक देने में कतरा रहा है। जिससे उसके 15 दर्जन केले एक दिन में नहीं बिक रहे हैं। उसके अगले दिन 2 से 3 तीन दर्जन केला घर में रखने पर खराब हो जाता है। राधेश्याम का कहना है कि फल की रेहड़ी लगाने पर एक दिन में दो सौ रुपये बचत नहीं आ रही है। इसलिए उसने अब चाय की दुकान कर ली है। जिसमें 1000 से 1200 रुपये की दुकानदारी में उसे हर दिन 400 से 450 रुपये की बचत आ रही है।

**क्या कहना है कारोबारियों का :** फल व्यापारी सतनाम का कहना है कि एक दिन में 60 से 70 क्रेट ही केला बिक रहा है। दो माह पहले तक केला एक दिन में 150 से 170 क्रेट बिकता था, लेकिन केले की कीमत बढ़ने के साथ ही मांग कम हो गई है। दुकानदार सुरेन्द्र का कहना है कि केला की फसल में फसल इस बार खराब होने के कारण कमी आई है। केले की कीमतों में अक्टूबर माह के बाद गिरावट आएगी।

# तिरंगे लेकर किया डीटीपी बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

## माहिरा होम्स सेक्टर-68 में समय पर फ्लैट नहीं मिलने पर बिफरे खरीदार

## कहा, डीटीपी और कोर्ट के चक्कर काटकर थक चुके हैं

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-68 में माहिरा होम्स सोसायटी के बाहर तिरंगे लेकर बिल्डर व डीटीपी के खिलाफ प्रदर्शन करते फ्लैट खरीदार।

**सेक्टर-68** स्थित माहिरा होम्स सोसायटी में बिल्डर द्वारा खरीदारों को समय पर फ्लैट नहीं देने के विरोध में बुधवार को खरीदारों ने विरोध प्रदर्शन किया। हाथों में तिरंगे और जुबान पर भारत माता के जयकारे थे। ऐसा अनोखा प्रदर्शन लोगों ने डीटीपी और बिल्डर के खिलाफ किया। इसमें बच्चों की भी अच्छी-खासी संख्या रही।

यहां प्रदर्शन कर रहे फ्लैट खरीदारों ने बताया कि माहिरा होम्स सेक्टर-68 में उन्होंने फ्लैट बुक कराए थे। प्रॉपर्टी की पूरी पेमेंट भी दी जा चुकी है। इसके बाद भी अभी तक बिल्डिंग का काम पूरा नहीं हुआ है। अगले महीने तक फ्लैट का कब्जा मिलने का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन अभी काम ही अधूरा पड़ा है। हरेरा से प्रोजेक्ट पास है, इसके बावजूद डीटीपी विभाग ने साइट पर काम बंद करवा दिया।

वे डीटीपी और कोर्ट के चक्कर काटकर थक चुके हैं। अपना और बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए उन्होंने यह प्रॉपर्टी खरीदी थी, लेकिन अब हालत बहुत खराब हो चुके हैं। अपनी कमाई उन्होंने इस फ्लैट में लगा दी है। इसके बावजूद भी फ्लैट के लिए तरस रहे हैं। तिरंगे के साथ भारत माता के जयकारे लगाते हुए लोगों ने कहा कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे। हरेरा भी बिल्डर और डीटीपी को आदेश दे। जल्द ही ऐसा नहीं हो पाया तो निकट भविष्य में फिर से लोग बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फ्लैट नहीं मिलने के कारण लोग अपने काम भी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं।

## एक महीने में तीन दुर्लभ स्पाइन कैंसर सर्जरी से मरीजों को मिला जीवनदान

**गुरुग्राम।** एक ही महीने में तीन मरीजों की अत्यंत दुर्लभ और मुश्किल स्पाइन कैंसर सर्जरी करके चिकित्सकों ने असाधारण उपलब्धि हासिल की है। इस तरह की ऑन्कोलॉजिकल सर्जरी रीढ़ (स्पाइन) के कैंसर से पीड़ित मरीजों को नया जीवन प्रदान करती है। इस तरह की सर्जरी के बाद पीड़ित क्षेत्र में कैंसर कोशिकाओं के दोबारा बढ़ने की संभावना काफी कम हो जाती है। इन सभी मरीजों में कैंसर स्पाइनल कॉलम के एक हिस्से तक ही था। इस वजह से उन मे इस तरह की सर्जरी सफल हो पायी।

जिन मरीजों की यह सर्जरी की गई है, उनकी पीठ में गंभीर दर्द था। वे दर्द से राहत से पाने के लिए पेन किलर दवाओं को रोज खाते थे। जो ट्यूमर इन मरीजों के शरीर में थे, वे हड्डी के अन्दर से ही पैदा होते हैं। डॉक्टरी भाषा में इन्हें कॉर्डोमास के नाम से जाना जाता है। ये ट्यूमर बढ़ते रहते हैं। कुल सर्जिकल रिमूवल के बाद भी ये ट्यूमर पैदा होते रहते हैं। एक रेडिकल ऑन्कोलॉजिकल सर्जरी में ट्यूमर को पैदा करने वाली हड्डी को ही हटा दिया जाता है। साथ ही आसपास के टिश्यू को ऐसे ऑन्कोलॉजिकल रिसेक्शन के दौरान कैंसर कोशिकाओं के फैलाव से भी बचाया जाता है।

# समारोह में पहुंचे कार्यकर्ताओं का विधायक ने किया धन्यवाद



गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित अपने कार्यालय के बाहर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** ताऊ देवीलाल स्टेडियम में केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद गुरुग्राम व केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह के द्वारा 3449 करोड़ रुपये की लागत से बने 77 किमी लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे कार्यकर्ताओं का विधायक सुधीर सिंगला ने धन्यवाद किया है।

विधायक सुधीर सिंगला के साथ गुरुग्राम के सभी मंडल के सभी वरिष्ठ पदाधिकारीगण, पार्षद सुभाष सिंगला, पार्षद मनीष बजीराबाद, सीमा पाहुजा, नीरज यादव, अश्विनी शर्मा, योगेन्द्र सारवान, अनूप सिंह, वरिष्ठ नेता मंगतराम बागड़ी, सीएम विंडो के सदस्य अमित गोयल, आशीष गुप्ता,स्वाती टंडन, सिद्धार्थ सिद्धू, अजय जैन, अशोक डबास, नेहा अग्रवाल, रविन्द्र त्यागी, बीडी शर्मा, प्रवीण यादव, प्रदीप यादव, कर्मवीर यादव, मोनू वजीराबाद, कार्यकर्ता और गणमान्य ऐतिहासिक समारोह में पहुंचे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि राजीव चौक से सोहना तक, रेवाड़ी से अटेली तक, भिवानी रोड पर 4 लेन सड़कों व हाईवे के लोकार्पण से सभी जिलों के लाखों लोगों को बहुत सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सड़क एवं परिवहन मंत्री के रूप में देश में राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछाया जा चुका है। वे लगातार हर काम की अपडेट लेकर जल्द से जल्द पूरा कराने के पक्ष में रहते हैं। गुरुग्राम के चारों ओर सड़क बनाकर शहर से वाहनों का दबाव कम कर दिया गया है। पहले केएमपी बनाया। अब द्वारका एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन है। इसके बनने के बाद और भी सहूलियत वाहन चालकों को होगी। गुरुग्राम को जाम से मुक्ति मिलेगी।

## हरिद्वार से सोहना गंगाजल लेकर पहुंचे राजस्थान निवासी कांवड़िए

**सोहना।** हरिद्वार व नीलकंठ से गंगा जल लेकर आ रहे राजस्थान के कांवड़ियों का जत्था सोहना पहुंचने लगा है। कांवड़ियों के लिए सामाजिक संगठनों ने राहत शिविर लगा रखे हैं।



राजस्थान के अलवर और भरतपुर जिले के कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर चले हैं। सोहना से वायां नूंह जिले के शहर फिरोजपुर झिरका अलवर जाने वाले कांवड़िए सोहना पहुंचते हैं। अलवर निवासी कांवड़िया मूलचंद का कहना है कि सोहना के बाद उन्हें फिरोजपुर झिरका में राहत शिविर मिलता है। उसके बाद वे हरियाणा को पार करते हुए राजस्थान पहुंचते हैं। एलिवेटेड मार्ग के साथ-साथ भोंडसी, अलीपुर और सोहना की चुंगी नंबर दो पर कांवड़ियों के लिए सामाजिक संगठन व कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए हैं। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि शिविर केन्द्र पर नाकाबंदी करके 24 घंटे पुलिस तैनात कर दी गई है। कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# अधिक पौधारोपण कर बनें पर्यावरण प्रेमी : नवीन गोयल

## पौधारोपण करने के लिए अनुकूल है मौसम



गुरुग्राम के सेक्टर-49 स्थित स्कूल में पौधारोपण करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** सेक्टर-49 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय परिसर में हिल दा गलो फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण में सुधार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने यहां पौधारोपण करके अभियान की शुरुआत की।

इस अवसर पर बच्चों, शिक्षकों, संस्था के सदस्यों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नवीन गोयल ने कहा कि संस्था का यह अच्छा प्रयास है। इस तरह के कार्यों में हर किसी को अपना योगदान देना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए पर्यावरण को प्रदूषित करने में हम सबकी किसी न किसी रूप में भूमिका होती है। इसलिए इसमें सुधार के लिए भी हमारी भूमिका होनी जरूरी है। उन्होंने सभी से कहा कि वे अधिक से अधिक पौधारोपण करके पर्यावरण प्रेमी बनें। स्वच्छ पर्यावरण अजन्मे बच्चे से लेकर उम्रदराज व्यक्ति के लिए जरूरी है। अगर हम आज इस विषय के प्रति गंभीर होंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसका लाभ ज्यादा मिलेगा। पेड़ों को संख्या के हिसाब से नहीं, असंख्य लगाएं, तभी हम अपने मिशन स्वच्छ पर्यावरण में कामयाब हो सकते हैं। मॉनसून चल रहा है। बरसात भी हो रही है। पौधारोपण के लिए यह समय अनुकूल है। अब लगाए गए हुए पौधों में प्राकृतिक स्रोतों से पानी जाएगा और वे लग जाएंगे। प्राकृतिक संसाधनों के माध्यम से किए गए प्रयास सार्थक होंगे और उनका परिणाम अच्छा आएगा। श्री गोयल ने कहा कि हर सोसायटी, हर कालोनी, हर सड़क किनारे पेड़ लगाएं, ताकि उनसे आमजन को लाभ मिल सके। इस मौके पर प्रिंसिपल रमेश गर्ग, रतनलाल गुप्ता, सुल्तान वाल्मीकि, प्रवीण अग्रवाल, रवि शर्मा, रजनीश राठी, विजय वर्मा समेत काफी लोग मौजूद रहे।

# सीएमआर फंड से बदली सिकंदरपुर बढ़ा के स्कूल की सूरत: सुंदर लाल

## सरपंच ने कंपनी का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**बुधवार** को मानेसर नगर निगम के गांव सिकन्दरपुर बढ़ा के सरकारी स्कूल में पेरफ्ट्टी कम्पनी द्वारा स्कूल के सभी बच्चों के साथ मिलकर छुपा-छुपी (लोली पोप) दिवस मनाया।

पेरफ्ट्टी कम्पनी द्वारा हर वर्ष पूरी दुनिया में 20 जुलाई को लोली पोप दिवस के रूप में मनाया जाता है। कम्पनी ने पिछले 4 वर्षो से गांव सिकन्दरपुर बढ़ा के राजकीय उच्च विद्यालय को गोद लिया हुआ है। अपनी सीएसआर योजना से कम्पनी द्वारा हर वर्ष स्कूल में कार्य कराये जा रहे हैं। कम्पनी के मानेसर प्लांट के एचआर हेड धीरेंद्र सिंह ने कहा कि लोली पोप दिवस को मनाने के लिए सरकारी स्कूल से बेहतर जगह कोई नहीं है। इसलिए इस बार कम्पनी ने निर्णय लिया है कि हम अपनी कम्पनी द्वारा गोद लिए स्कूल में इस दिवस को मनाएंगे। गांव के सरपंच सुन्दर लाल यादव ने कम्पनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कम्पनी द्वारा पहले ही गांव और स्कूल में करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराये जा चुके हैं। कंपनी अपनी सीएसआर योजना को जरूरतमंद लोगों की सेवा में लगा रही है। स्कूल की प्रिंसिपल निर्मला देवी ने कहा कि कम्पनी द्वारा जब से स्कूल को गोद लिया है, उसके बाद स्कूल में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

कम्पनी की तरफ से विवेक सूरी डायरेक्टर, रेवन्यु मोनिका मोरे, सीनियर मैनेजर सीएसआर वासु जैन रोहित गुप्ता, सोनू राठी, सोनम, तानवी, सुप्रिया के अलावा पंचायत मेंबर ओमप्रकाश यादव, राकेश यादव समेत स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

## गुरुग्राम विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को एआईसीटीई से मिली मान्यता

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए यह अच्छी खबर है कि विवि को इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के सभी पाठ्यक्रमों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली (एआईसीटीई) से मान्यता मिली है।

जीयू के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार के मुताबिक विवि को एआईसीटीई ने मान्यता प्रदान करके विवि की गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक व्यावसायिक तकनीकी शिक्षा पर मोहर लगाई है। जीयू के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग ने नए सत्र से एआईसीटीई मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग बीटेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग शुरू किए हैं। सभी पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें है।

# जमीन तबादले की फाइल नामंजूर

## वन विभाग ने नगर परिषद को दिया जोर का झटका धीरे से

एन रोहिल्ला। सोहना



सोहना के वार्ड-13 में अरावली पहाड़ी के साथ बना नगर परिषद का अस्थाई कूड़ा केन्द्र।

**वन** विभाग ने नगर परिषद को जोर का झटका धीरे से दिया है। नगर परिषद द्वारा वन विभाग को भेजी गई जमीन तबादले की फाइल को नामंजूर कर दिया है। जिससे नगर परिषद के स्थाई कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाए जाने की करोड़ों रुपये की योजना फेल होती नजर आ रही है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खंड के गांव सरमथला में 23 अक्टूबर को जनसभा संबोधित करते हुए सोहना के विकास में 125 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने की घोषणा की थी। जिसमें नगर परिषद द्वारा शहर में स्थाई कूड़ा केन्द्र स्थापित करने की मांग भी शामिल थी। जिस पर मुख्यमंत्री ने मोहर लगाते हुए आर्थिक मदद की घोषणा की थी। उसके बाद नगर परिषद ने वन विभाग से कूड़ा निस्तारण केन्द्र बनाने के लिए वार्ड-13 में अरावली पहाड़ी के साथ लगती सेक्शन 4/5 की जमीन मांगी थी। जिसके बदले में नगर परिषद ने अन्य स्थान पर तबादले की जमीन देना तय हुआ था। दोनों विभागों के बीच जमीन तबादले को लेकर हुई कार्रवाई में नगर परिषद बदले में पहाड़ी क्षेत्र से वन विभाग को जमीन दे रही थी, लेकिन वन विभाग के उच्चाधिकारियों ने पहाड़ी जमीन को लेने से इंकार कर दिया है। जानकार सूत्रों के अनुसार वन विभाग ने नगर परिषद से तबादले में समतल जमीन मांग करते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया है। जिससे वन विभाग की तरफ से नगर परिषद को झटका लगा है।

**वन विभाग हटवा सकता है कूड़ा केन्द्र :** वन विभाग की तरफ से यह स्पष्ट कर दिया है कि शहर में बरसात के मौसम के बाद अपने सभी प्रकार के अतिक्रमण का सफाया करेगा। जिसमें नगर परिषद का अस्थाई कूड़ा केन्द्र भी शामिल है। जिस पर कूड़ा निस्तारण के अलावा उससे कचरे से खाद तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा नगर परिषद ने उस स्थान पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च करके गीला व सूखा कचरा निपटान के लिए मशीन स्थापित करने की योजना बनाई हुई है। वन विभाग के रेंज अधिकारी संजय यादव ने बताया कि उन्होंने हाल ही में यहां का कार्यभार संभाला है। मामले में उच्च अधिकारियों के आदेश का पालन किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा : तहसीलदार



बैठक करतीं सोहना तहसीलदार शिखा गर्ग और नायब तहसीलदार लक्षीराम।

**सोहना।** सरकार के मापदंडों से अधिक फीस वसूलने वाले स्टांप पेपर विक्रेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से सरकार के नियमानुसार फीस वसूलने का पाठ पढ़ाया गया।

स्थानीय तहसील परिसर में बैठे स्टांप पेपर विक्रेताओं द्वारा सरकारी मांपदंडों से अधिक फीस वसूली कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इस पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने लगाम कसना शुरू कर दिया है। आम नागरिकों से मिल रही शिकायतों के बाद बुधवार को तहसीलदार शिखा गर्ग और नायब तहसीलदार लक्षीराम ने स्टांप पेपर विक्रेताओं की बैठक की। बैठक में स्टांप पेपर विक्रेताओं को हिदायतें देते हुए उन्हें सरकारी नियम के अनुसार ही आम नागरिकों से फीस लेने की बात कही गई। बैठक के बाद नायब तहसीलदार लक्षीराम ने बताया कि स्टांप पेपर विक्रेताओं की मनचाही फीस वसूली से तहसील कार्यालय बदनाम हो रहा था। जिससे अधिकारियों पर भी अंगुलियां उठ रही थीं। पहले भी स्टांप पेपर विक्रेताओं को बुलाकर समझाया गया था, लेकिन समझाने के बाद भी भ्रष्टाचार समाप्त नहीं हो रहा था। बुधवार को बैठक बुलाकर उन्हें प्रदेश सरकार के नियमों की जानकारी दी।

तहसीलदार शिखा गर्ग ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के अंदर भ्रष्टाचार पूरी तरफ से समाप्त है। तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी अधिकवक्ता, स्टांप पेपर विक्रेता और अन्य कर्मचारी को बख्शा नहीं जाएगा। शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ तुरन्त कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

# मायबिलबुक ने बिजनेस कम्प्लायन्स को आसान बनाने के लिए लॉन्च किया ई-इनवॉयसिंग मॉड्यूल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

flobiz

**लघु** एवं मध्यम उद्यमों के विकास के लिए, भारत के अग्रणी नियोबैंक फ्लोबिज ने अपने प्रमुख जीएसटी इनवॉयसिंग और अकाउन्टिंग प्रोडक्ट मायबिलबुक पर नई ई-इनवॉयसिंग सर्विस का लॉन्च किया है। यह सर्विस मायबिलबुक की आधुनिक बिलिंग क्षमता और दक्षता को बढ़ाएगी, और कस्टमर्स सरकार द्वारा जारी नियमों का अनुपालन करते हुए इनवॉयस जनरेट कर सकेंगे। इससे जहां एक ओर टैक्स की प्रक्रिया आसान हो जाएगी, वहीं दूसरी ओर टैक्स योजना में निरंतर सुधार होगा।

एंड्रॉइड, आईओएस, ऑफलाइन डेस्कटॉप और वेब ऐप्लीकेशन के लिए उपलब्ध मायबिलबुक, कारोबारों को उनकी इन्वेंटरी मैनेज करने, रीसीवेबल्स और पेयबल्स ट्रैक करने, भुगतान संग्रहित करने तथा जीएसटीआर रिपोर्ट सहित सभी आधुनिक रिपोर्ट्स के माध्यम से बिजनेस के परफॉर्मेन्स पर नजर बनाये रखने में मदद करता है। ई-इनवॉयस एक ऐसा सिस्टम है जिसके माध्यम से बी2बी इनवॉयस जीएसटीएन द्वारा इलेक्ट्रिक रूप से प्रमाणित हो जाते हैं, जिनका उपयोग जीएसटी पोर्टल पर किया जा सकता है। इलेक्ट्रॉनिक इनवॉयसिंग सिस्टम के तहत इनवॉयस रजिस्ट्रेशन पोर्टल (आईआरपी) द्वारा हर इनवॉयस पर एक आइडेन्टिफिकेशन नंबर जारी किया जाता है, जिसका प्रबन्धन जीएसटी नेटवर्क द्वारा किया जाता है। बिलिंग सॉफ्टवेयर कैटेगरी में एमएसएमई को ई-इनवॉयसिंग फीचर उपलब्ध कराने की पहल में मायबिलबुक अग्रणी है। इससे 20 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले ये उद्यम ई-इनवॉयसिंग के लिए सरकार द्वारा हाल ही में जारी नियमों का पालन कर सकें।

राहुल राज, फ्लोबिज के सह-संस्थापक एवं सीईओ, ने कहा, "मायबिलबुक हमेशा से बिलिंग एवं अकाउन्टिंग के नए नियमों को जल्द से जल्द अपनाता रहा है और उन कारोबारियों के लिए बेहद उपयोगी है जो अपने कारोबारों का प्रभावी संचालन करना चाहते हैं। यह एसएमबी के लिए बेहद किफायती दरों पर उपलब्ध सम्पूर्ण बिलिंग समाधान है। अब हम इस विशिष्ट पेशकश के जरिए ऊंचे टर्नओवर वाले एसएमबी उपभोक्ताओं को भी अपनी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हमारे प्लेटफॉर्म पर ई-इनवॉयस को शामिल करने से ज्यादा टर्नओवर वाले उन कारोबारों का फायदा होगा जो पहले से हमारी टेक्नोलॉजी पर भरोसा रखते हैं। इससे हम भविष्य के लिए तैयार हो सकेंगे क्योंकि उम्मीद है कि ई-इनवॉयसिंग जल्द ही 5 करोड़ से अधिक सालाना टर्नओवर वाले कारोबारों पर लागू होगी, जो भारतीय एसएमबी सेक्टर का बड़ा हिस्सा बनाते हैं।

मायबिलबुक वर्तमान में देश भर में 65 लाख से अधिक कारोबारों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। वे यूजर्स को व्हॉट्सऐप मार्केटिंग, यूट्यूब कंटेंट, ऑन ग्राउण्ड और कस्टमर सपोर्ट आदि से भी शिक्षित कर रहे हैं।

**मायबिलबुक के ई-इनवॉयसिंग फीचर के कुछ फायदे :**

- एक ही यूजर अकाउंट से सभी बिजनेस का ई-इनवॉयसिंग एक साथ सक्रिय किया जा सकता है
- कई यूजर मल्टीपल सिस्टम्स पर एक साथ ई-इनवॉयसिंग कर सकते हैं

# शहर की सबसे पुरानी चावला कॉलोनी बदहाली का शिकार

## जगह-जगह खुदे गड्ढों और सीवर ओवरफ्लो से लोग हैं परेशान

**कविता।** बल्लभगढ़


नगर निगम के द्वारा 15 दिन पहले खोदा गया गड्ढा।


मुख्यमार्ग पर सीवरेज ओवरफ्लो का नजारा।

**शहर** की सबसे पुरानी कॉलोनियों में शामिल बल्लभगढ़ की चावला कॉलोनी की हालत नगर निगम की लापरवाही के कारण एक दम खस्ता होने लगी है। यहां सड़कों पर खुले गड्ढे और सीवरेज ओवरफ्लों की समस्या के कारण लोग काफी परेशान हो गए है। सीवरेज ओवरफ्लों की समस्या मुख्य मार्गों पर होने की वजह से यहां से निकलने वाले लोगों को परेशानियां हो रही हैं। ऐसे में अब बरसात के कारण तो यहां स्थिति और खराब हो सकती है। सड़कों पर जगह जगह खुदे हुए गड्ढों के कारण यहां कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है। लेकिन पिछले 15 दिनों से खोदे गए गड्ढों पर किसी का भी ध्यान नहीं गया है। यहीं हालत रही तो बरसात में स्थित काफी खतरनाक हो सकती है।

**20 दिन से खुदा गड्ढा :** चावला कॉलोनी निवासी पंकज लाम्बा ने बताया कि चावला कॉलोनी में पूर्व मेयर के घर के निकट पिछले दिनों पानी लिकेज की समस्या आई थी। जिस पर 20 दिन पहले नगर निगम ने गड्ढे खोदकर वहां जांच की और गड्ढा भरकर लौट गए, लेकिन करीब पांच दिन बाद एक बार फिर पानी भरने की समस्या आ गई। जिस पर नगर निगम की टीम ने 15 दिन पहले एक बार फिर गड्ढा खोदकर जांच की, लेकिन उसके बाद से वहां खोदे गए गड्ढों को न तो भरा गया और न ही उन्हें किसी तरह से कवर किया गया। ऐसे में सड़क किनारे खुदे इन गड्ढों में बरसात के दिनों में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**सीवर ओवरफ्लो :** मथुरा रोड के निकट मौजूद इस कॉलोनी में सीवरेज ओवरफ्लों की समस्या भी गंभीर है। लेकिन नगर निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। पंकज ने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत भी की है। सीवरेज का पानी लगातार सड़कों पर बह रहा है, लेकिन नगर निगम ध्यान ही नहीं दे रहा है। यहां स्थित बैंक में बुजुर्ग समेत हर तरह के लोग आते हैं। जिसके कारण यहां इंफेक्शन का खतरा मंडरा रहा है।

# तीन साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश सिंह की टीम ने चेक बाउंस के मुकदमे में तीन वर्ष से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपी का नाम हरगोविंद है जो उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के झाड़सेतली गांव में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ 2017 में मुकदमा दर्ज किया था जिसमें आरोपी ने 50 हजार रुपये का चेक बाउंस किया था। वर्ष 2018 के बाद आरोपी फरार चल रहा था जिसे अदालत के आदेश पर पीओ का मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू की। क्राइम ब्रांच 56 की टीम ने आरोपी को फरीदाबाद के सेक्टर 59 से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए जगह बदल-बदल कर रहा था।

# पीएम के आगमन की तैयारियों को एफएमडीए ने बनाई रणनीति

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरीदाबाद में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


अधिकारियों को संबोधित करते एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

**एफएमडीए** (फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने बुधवार को ग्रेटर फरीदाबाद क्षेत्र में चल रही नागरिक बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए परियोजनाओं की प्रगति और फरीदाबाद में उद्घाटन के लिए तैयार हो रहे अमृता अस्पताल के संबंध में समीक्षा की और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने बताया कि फरीदाबाद में बनने वाला अमृता अस्पताल भारत में सबसे बड़ा निजी क्षेत्र का अस्पताल होने वाला है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आगामी अगस्त माह के अंत में किया जाएगा। सीईओ सुधीर राजपाल ने आयुक्त, नगर निगम फरीदाबाद यशपाल यादव, एफएमडीए, एचएसवीपी, पुलिस विभाग व स्मार्ट सिटी के वरिष्ठ अधिकारियों और अमृता अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजनाओं के वर्तमान विकास का जायजा लिया।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा कि अमृता अस्पताल के संचालन और कामकाज को और अधिक समर्थन देने के लिए फरीदाबाद प्रशासन व एफएमडीए द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल जब आम जन के लिए खोल दिया जाएगा तब न केवल हरियाणा राज्य में, बल्कि पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं का उत्थान करेगा। सम्बंधित क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है और इसके साथ ही समय पर निष्पादन, गुणवत्ता जांच और निगरानी का कड़ाई से पालन किया जाएगा। जिला फरीदाबाद के सेक्टर-88 फरीदाबाद में 2400 बिस्तरों वाला अमृता अस्पताल 133 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और 81 विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। उद्घाटन के बाद यह अस्पताल भारत की सबसे बड़ी ग्रीन बिल्डिंग हेल्थकेयर प्रोजेक्ट होगा जो न्यूनतम कार्बन फुटप्रिंट और शून्य अपशिष्ट निर्वहन के साथ सौर ऊर्जा से संचालित सबसे बड़ी परियोजना होगी।

एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने बताया कि अस्पताल से सटे ग्रेटर फरीदाबाद में बड़े पैमाने पर नागरिकों की बेहतर पहुंच की सुविधा के लिए 32 करोड़ की सड़क निर्माण परियोजना को तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाएगा। यह कार्य बिना किसी चूक के, समयबद्ध तरीके से पूरा हो, इसके लिए नियमित रूप से निरीक्षण किया जाएगा। अस्पताल को पानी की आपूर्ति की एक अतिरिक्त लाइन की भी आवश्यकता है जो बिना किसी देरी के प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त अमृता अस्पताल के पास 75 मीटर चौड़ी सड़क के किनारे चार ट्यूबवेल हैं, जिनमें से केवल दो ही काम कर रहे हैं। सीईओ एफएमडीए ने निर्देश दिया कि शेष दो को भी प्राथमिकता के आधार पर रीबोरिंग कर चालू किया जाए ताकि उनका समुचित उपयोग हो सके। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा मानसून और शेष वर्ष के दौरान किसी भी जल निकासी से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए अस्पताल परिसर के आसपास जल निकासी नेटवर्क को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा।

# 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पुलिस चौकी प्रभारी गिरफ्तार


रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार चौकी इंचार्ज।

## मारपीट के मामले में समझौता कराने की एवज में मांग रहा था रिश्वत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर**-16 स्थित एक निजी अस्पताल में लड़ाई-झगड़े में घायल होकर भर्ती हुए एक व्यक्ति से राजीनामा कराने की एवज में सेक्टर-16 चौकी इंचार्ज ने रिश्वत मांगी थी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने विजिलेंस को दे दी। विजिलेंस ने जाल बिछाकर चौकी इंचार्ज को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक विजिलेंस की जांच जारी रही।

**यह है पूरा मामला :** क्यूआरजी अस्पताल में दाखिल दुष्यंत पुत्र विष्णु ने विजिलेंस को शिकायत दी कि उसका झगड़ा हो गया था। जिसमें घायल होने पर उसका इलाज चल रहा था। जिसकी शिकायत उसने सेक्टर-16 पुलिस चौकी में दी थी। लेकिन पुलिस ने पिछले दिनों राजीनामा कराने की एवज में उससे 10 हजार की मांग की। जिस पर उसने इसकी सूचना अस्पताल से ही विजिलेंस को दे दी। सूचना पाकर विजिलेंस की टीम सतर्क हो गई।

विजिलेंस अधिकारियों ने आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित कर दिये। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति को टीम ने हस्ताक्षरयुक्त नोट देकर पुलिस चौकी भेज दिया। पीड़ित की तरफ से चौकी इंचार्ज किशन कुमार को 10 हजार रुपये की रिश्वत दे दी गई। इस दौरान बाहर खड़ी टीम ने इशारा मिलते ही आरोपी चौकी प्रभारी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। समाचार लिखे जाने तक विजिलेंस मामले की गहनता के साथ छानबीन कर रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## वर्ल्ड रेलवे गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रीति लांबा का स्वागत



**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 13 से 16 जुलाई तक बर्लिन जर्मनी में वर्ल्ड रेलवे गेम्स में क्रास कंट्री दौड में भाग लेकर व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत देश, हरियाणा राज्य, फरीदाबाद जिला और अपने पैतृक गांव जवां का नाम विश्व पटल पर रौशन किया। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि प्रीति लांबा के पिता जगबीर लांबा साधारण किसान हैं और माता गुड्डी लांबा गृहणी है। मंच का संचालन मास्टर नेम सिंह ने किया और मुख्य अतिथियों के मान सम्मान कार्यक्रम की रूपरेखा प्रीति लांबा के कोच रोशन लाल मलिक और जगबीर लांबा ने की। प्रीति लांबा के सम्मान समारोह में इनेलो महिला जिलाध्यक्षा जगजीत कौर पन्नू, आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश मलिक, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बिजेंदर नेहरा, बलदेव डागर, इनेलो की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रूपचंद लांबा, राष्ट्रीय जाट एकता मंच हरियाणा सचिव बीरपाल धारीवाल, अटेरना सरपंच अत्तर, मास्टर नेम सिंह, प्रीति लांबा के पति विकी भारतीय रेलवे, शारीरिक प्रशिक्षक कुलदीप ठाकुर अजरोंदा आदि गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित हुए और पदक विजेता खिलाड़ी प्रीति लांबा को आशीर्वाद प्रदान करते हुए भविष्य में और भी अच्छा खेल प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

## निकाले गए कर्मचारियों की बहाली की मांग

**फरीदाबाद।** जेसी बोस साइंस एंड टेक्नोलॉजी विवि वाईएमसीए सेक्टर 6 से फरीदाबाद की ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने बुधवार को यूनिवर्सिटी प्रशासन के द्वारा काम से निकाले गए कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर यूनिवर्सिटी के गेट के सामने विरोध सभा का आयोजन किया। विरोध सभा को सीटू के जिला सचिव विरेंद्र सिंह डंगवाल ने संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर सफाई कर्मचारी बीरू और रसोई में खाना बनाने वाले कुक को नौकरी से निकालने का आरोप लगाया। बीरू नाम का कर्मचारी पिछले आठ साल से ड्यूटी पर था। यह कर्मचारी वाइस चांसलर के निवास स्थान पर सफाई का कार्य करता था । यह कर्मचारी काम में काफी मेहनती और ईमानदार है। इसको बिना किसी कारण बताये काम से बाहर करना किसी भी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। इतना ही नहीं विश्वविद्यालय में काम करने वाले नॉन टीचिंग स्टाफ, सफाई कर्मचारी, और टीचिंग स्टाफ को समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कामगार यूनियन के प्रधान वीरेंद्र पाल, ज्वाइंट एक्शन कमिटी के अशोक शर्मा ने, स्पष्ट शब्दों में प्रशासन को चेतावनी दी है। कि यदि नौकरी से हटाए कर्मचारी को काम पर नहीं लिया गया तो ज्वाइंट एक्शन कमेटी अनिश्चितकालीन आंदोलन करने पर मजबूर होगी। प्रदर्शन को नॉन टीचिंग इंप्लाइज यूनियन के के प्रधान अशोक शर्मा, टीचिंग स्टाफ के प्रधान विजय शर्मा और जनरल सेक्रेटरी अविनीश गौड़, सीटू के उपप्रधान विजय झा, कामगार यूनियन के प्रधान विरेंद्र पाल, कामरेड से शिव प्रसाद, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान दीपक, सचिव लेखराज, उपप्रधान रमेश करोतिया, देवेंद्र, मुकेश, अरुण हरवीर, डालचंद, इंद्रपाल, अजीत, राजकुमार, दुर्गा प्रसाद,राजु, जय राम, आदि ने भी संबोधित किया।

## जूनियर रेडक्रॉस का न्याय दिवस जागरुकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी तीन फरीदाबाद की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस पर सभी के लिए न्याय विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया। जेआर सी एवं एसजेएबी अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का एक महत्वपूर्ण न्यायिक अंग है। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना 1945 में हॉलैंड के शहर हेग में हुई थी इस के बाद 1946 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने अपना काम प्रारंभ कर दिया था। अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अनुसार इसका कार्य कानूनी विवादों का निपटारा करना है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र के अंगों और विशेष एजेंसियों द्वारा उठाए कानूनी प्रश्नों पर राय देना है। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य छात्राओं शालू, कीर्ति, गायत्री, अंशिका और चंचल ने पेटिंग बना कर सभी को नि:शुल्क लीगल सर्विसेज ऑथोरिटी की सेवाएं लेने के लिए जागरूक किया ता कि सभी को समय पर सुलभता से न्याय मिल सके। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका और प्राध्यापिका शीतल एवम छात्राओं शालू, कीर्ति, गायत्री, अंशिका और चंचल का सुंदर प्रस्तुति के लिए आभार प्रकट किया।

## लाइनैस क्लब ने साईं धाम में पौधारोपण किया

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी सेक्टर 86, के प्रांगन में लाइनैस क्लब द्वारा पौधारोपण समर्थ मिताली खन्ना (बागबानी एक्पर्ट) की देखरेख में किया गया। लाइनैस क्लब के प्रधान ईशा गुप्ता ने बताया कि पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। जिनके कारण ही हम सांस लेते हैं। पौधे लगाकर हमें एक सुख की अनुभूति होती है। उन्होंने सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़-पौधे का बहुत महत्व है। प्रिसिंपल बीनू शर्मा व लाइनैस क्लब के सदस्य सुधा गुप्ता, मोनिका गुप्ता, आरती गुप्ता, मीनाक्षी अरोड़ा, भावना अरोड़ा, प्रीति, अन्जू अरोड़ा, अनीता अवस्थी, वंदना मदान आदि ने इस में भाग लिया। इस पौधारोपण का कार्यक्रम साईंधाम के अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता के निर्देशानुसार किया गया। उन्होंने सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का प्रोत्साहित किया।

## पत्नी से मनमुटाव के चलते घर से निकला युवक, मिला

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने पांच दिन पहले घर से नाराज होकर निकले युवक को फरीदाबाद के मंझावली से सकुशल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 14 जुलाई को पुलिस थाना सूरजकुंड में युवक के परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दी थी जिसमें उसने बताया कि उनका 32 वर्षीय पति घर से लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले उनकी शादी हुई थी। उनके दो बच्चे हैं।

# डीसी दफ्तर पर झाड़ू और काले झंडों के साथ प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** 10 मई व 28 जून 2022 को स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता की अध्यक्षता में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के साथ हुई दो दौर की वार्ताओं में मानी गई मांगों के पत्र जारी न करने से नाराज नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने कमिश्नर ई वास तिथि वार दिए जाने वाले फलों के प्रथम चरण में फरीदाबाद जिला उपायुक्त कार्यालय पर हाथों में झाड़ू काले झंडे लेकर प्रदर्शन किया।

अब यह कर्मचारी 22 जुलाई को हिसार कमिश्नरी के सभी उपाय करा लो 26 जुलाई को अंबाला कमिश्नरी 27 जुलाई को गुरुग्राम कमिश्नरी 28 जुलाई को रोहतक कमिश्नरी 29 जुलाई को करनाल कमिश्नरी के सभी जिला उपायुक्त कार्यालय पर झाड़ू झंडा आक्रोश प्रदर्शन कर अपने गुस्से का प्रगति करें। इसके बाद भी सरकार ने मानी गई मांगों के पत्र जारी नहीं किए तो पालिका परिषद निगम एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारी एक अगस्त से 10 अगस्त तक सभी विधायकों के कारणों आवासों पर प्रदर्शन झाड़ू झंडा करते हुए ज्ञापन प्रेषित करेंगे। 20 अगस्त को रोहतक में राज सतरिया आक्रोश रैली कर अनिश्चितकालीन हड़ताल जैसा बड़ा फैसला लेंगे रैली के समापन के बाद त्रिवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन रोहतक के शहीद मदन लाल धींगरा कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया जाएगा। झाड़ू झंडा आक्रोश प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान दलीप सिंह बहुत नेकी मंच का संचालन कर्मी नेता कृष्ण चंडालिया ने किया।

# बीआईएफपीसीएल के लिए बनाई सबसे ऊंची चिमनी

## कंपनी का एफआरपी सेगमेंट मे 2024 तक 300 करोड़ का सालाना कारोबार का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भारत** की सबसे प्रमुख इंडस्ट्रियल पाइपिंग सॉल्यूशन कंपनी केमिकल प्रोसेस पाइपिंग (सीपीपी, जो जीआरपी और एफआरपी आधारित पाइपों के निर्माण में एक अग्र-दूत कंपनी है, ने बांग्लादेश इंडिया फ्रेंडशिप पॉवर कंपनी लिमिटेड - बीआईएफपीसीएल द्वारा एफजीडी प्लांट सेटअप में एफआरपी स्टैक के क्रियान्वयन की घोषणा की है। बीआएफपीसीएल भारत सरकार के स्वामित्व वाली नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन और बांग्लादेश पॉवर डेवलपमेंट बोर्ड के बीच 50-50 भागीदारी वाला संयुक्त उद्यम है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं के साथ, सीपीपी 2024 तक 300 करोड़ रुपये वार्षिक कारोबार तक पहुंचने की उम्मीद कर रहा है, जो कि एफआरपी पाइपिंग कंपनी के लिए पहली बार है।

कंपनी ने बांग्लादेश में बीएचईएल और सिम्प्लेक्स के साथ मिलकर मैत्री सुपर थर्मल पॉवर प्लांट परियोजना का पहला चरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। रामपाल, बांग्लादेश में 1,320 मेगावॉट वाले कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्र के लिए 800 फीट ऊंची एफआरपी स्टैक (बड़ी चिमनी) का निर्माण कर इस सेगमेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली कंपनी बन गई है। दुनिया के इस भाग में सीपीपी पहली एफआरपी निर्माता कंपनी है जिसने बांग्लादेश में अपनी परियोजना के लिए एफआरपी स्टैक (चिमनी) की फिलामेंट वाइंडिंग के लिए वर्टिकल वाइंडिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग किया है। यह परियोजना अति महत्वपूर्ण टेक्नोलॉजी पर आधारित पर्यावरण के अनुकूल थर्मल पॉवर प्लांट है।

विजय राजपुरोहित, मैनेजिंग डाइरेक्टर, केमिकल प्रोसेस पाइपिंग (सीपीपी) ने जानकारी साझा करते हुए कहा, एफजीडी कोयले पर चलने वाले ऊर्जा संयंत्रों (सुपर-एफजीडी-फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन) के लिए एफआरपी का उपयोग करते हुए स्टैक लाइनर का निर्माण पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला समाधान है। इसका कारण यह है कि इसका निर्माण एक सिंगल सामग्री से किया जाता है जिसकी वजह से इसके रखरखाव का खर्च बहुत ही कम हो जाता है। इसके साथ ही एफआरपी के जांचे और परखे गए गुणों के कारण इसमें एक उच्च रूप से क्षयकारी चिमनी के लिए सबसे योग्य निर्माण विशेषताएं मौजूद हैं। मेक इन इंडिया कार्यक्रमों के साथ भारतीय एफआरपी निर्माता भारत में विदेशी मुद्रा लाने और अर्थव्यवस्था में गति लाने की स्थिति में हैं। कंपनी द्वारा 19 और 20 जुलाई 2022 को दिल्ली में आयोजित छठे फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन परिषद में एक श्वेत पत्र प्रस्तुत दिया गया।

# एचसीएस परीक्षा संचालन के लिए की रिहर्सल आयोजित

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव के दिशा-निर्देश पर बुधवार को सेक्टर-12 के कन्वेंशन हाल में जिला में एचपीएससी द्वारा ली जाने वाली एचसीएस एग्जीक्यूटिव व अलाइड सर्विसेज की परीक्षा 24 जुलाई को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ सफल संचालन कराने के लिए परीक्षा केंद्रों पर लगे ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट आफिसर व अन्य अधिकारियों को टिप्स दिए।

जिला प्रशासन की ओर से परीक्षा के आयोजन को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। ताकि हरियाणा लोक सेवा आयोग/ एचपीएससी द्वारा 24 जुलाई को ली जाने वाले हरियाणा सिविल सर्विस एचसीएस प्रारंभिक व एलाइड परीक्षा के मद्देनजर संबंधित अधिकारी पूरी तरह सजग एवं सतर्क रहेंगे। तभी परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सकेगा।

# साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से सिमकार्ड सहित 28 मोबाइल, लैपटॉप, छह डेबिट कार्ड तथा 1.07 लाख नकद बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार युवक योगेश, अंशु, यश, विकास और मोहम्मद कैफ।

**पुलिस** उपायुक्त मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा साइबर ठगी की वारदातों में आरोपियों की जल्द से जल्द धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने साइबर ठगी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में योगेश, अंशु, यश, विकास तथा मोहम्मद कैफ का नाम शामिल हैं। आरोपी योगेश, यश, विकास तथा मोहम्मद कैफ दिल्ली में रह रहे थे वहीं आरोपी अंशु यूपी के फैजाबाद जिले का निवासी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आजकल के आधुनिक युग में अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आमजन क्रेडिट कार्ड पर बहुत अधिक निर्भर होते जा रहे हैं और क्रेडिट कार्ड से संबंधित सभी सुविधाएं वह ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। परंतु कुछ ठग प्रवृत्ति के लोग इसका फायदा उठाकर भोले भाले नागरिकों को साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं और ऑनलाइन माध्यम से साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हैं।

इसी प्रकार साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम देते हुए आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले राघवेंद्र को झांसा देकर उसके साथ करीब 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी एसबीआई क्रेडिट कार्ड उपभोक्ताओं को अपना निशाना बनाते हैं और एसबीआई क्रेडिट कार्ड धारकों को फोन करके उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने या किसी अन्य बहाने से फोन करके उन्हें एक लिंक भेजते हैं। लिंक पर क्लिक करने पर एक वेबसाइट खुलती है जो हूबहू एसबीआई क्रेडिट कार्ड जैसी दिखाई देती थी जिसमें आरोपी क्रेडिट कार्ड धारक से उसके क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरवा लेते हैं जिसके पश्चात आरोपी क्रेडिट कार्ड की राशि को फर्जी बैंक खाते में ट्रांसफर कर लेते हैं।

# एनपीटीआई ने मीडिया के छात्रों को किया सम्मानित



**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं तकनीकी विवि वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्रों को राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने सम्मानित किया गया।

संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर ने मीडिया विभाग का दौरा किया तथा विभाग के छात्रों से रूबरू हुई। उन्होंने कहा कि संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग निरंतर तरक्की करते हुए नए आयामों को हासिल कर रहा है। विभाग में छात्रों के मीडिया सम्बन्धित कौशल विकास पर विशेष कार्य किया जा रहा है। उन्होंने छात्रों की मीडिया स्किल से प्रभावित होकर कहा कि भविष्य में राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) संचार एवं मीडिया विभाग के साथ मिलकर कुछ प्रोजेक्ट करना चाहेगा। राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान (एनपीटीआई) की महानिदेशक तृप्ता ठाकुर तथा कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने बीजेएमसी तृतीय वर्ष के छात्र अंकुर त्रिपाठी, दीपु, हर्ष, अनिरुद्ध , आस्था दत्ता को सम्मानित किया गया। सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल आर्य तथा राम रसपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया और विभाग को प्रशंसा पत्र सौपा

# आईएएस गुरुकुल के 40 अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

## आईएएस एवं आई.पी.एस. ऑफिसर्स के नये बैच का अभिनन्दन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**भारत** के अग्रणी कोचिंग संस्थानों में से एक, आईएएस गुरुकुल ने हाल ही में एक समारोह में सिविल सेवकों के 2022 बैच को सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय सिविल सेवा संघ, जो सेवानिवृत्त नौकरशाहों का एक थिंक टैंक और अनुसंधान एवं प्रशिक्षण का संचालन करता है ने दिया। समारोह में आईएएस गुरुकुल के 40 से अधिक चयनित उम्मीदवारों को प्रख्यात अर्थशास्त्री संजीव सान्याल, सेवानिवृत्त नौकरशाह वजाहत हबीबुल्लाह और पीसी हलदर की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

प्रणय अग्रवाल, निदेशक - आईएएस गुरुकुल, प्रख्यात समाजशास्त्री और शिक्षा पर यूनेस्को की अंतर्राष्ट्रीय समाजशास्त्रीय सोसायटी अनुसंधान समिति में भारत के प्रतिनिधि भी हैं ने परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए छात्रों को बधाई दी। उन्होंने सलाह दी कि एक बार उत्साह समाप्त हो जाने के बाद, यह आत्मनिरीक्षण और चिंतन का भी समय है। आपको इस बात पर विचार करना चाहिए कि आप लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी स्थिति का उपयोग कैसे कर सकते हैं।

उन्होंने समाजशास्त्र के अपने छात्रों से, जो अब सरकार में अधिकारी होंगे, समाज के अपने ज्ञान का उपयोग दलितों के उत्थान और समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण के लिए करने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे अत्यंत प्रेम और भक्ति के साथ राष्ट्र की सेवा करने का आग्रह किया। प्रणय ने उन्हें अपने शासन के लिए स्वयं से पहले सेवा' होने दें रखने की सलाह दी। संजीव सान्याल ने सिविल सेवाओं की छवि से एक स्टील फ्रेम के रूप में दूर जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया, जो आखिरकार, एक पिंजरे के रूप में कार्य करता है। युवा अधिकारियों को उनके संबोधन ने सिविल सेवाओं में सुधार और इसे नए परिवेश के अनुकूल बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

हबीबुल्ला, जो भारत के पहले मुख्य सूचना आयुक्त थे और यूपीएससी साक्षात्कार के लिए आईएएस गुरुकुल में नए सिविल सेवा उम्मीदवारों को तैयार करते थे, ने नए लोगों से अभिजात्यवाद और अज्ञानता के नुकसान से बचने का आग्रह किया। हलदर ने नए रंगरूटों को सेवा में रहते हुए धैर्य और विवेक के गुणों को विकसित करने' की सलाह दी। चयनित उम्मीदवारों में से कई ने सभा को संबोधित किया और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के दौरान अपने संघर्षों और चुनौतियों को साझा किया।

## दंतेवाड़ा प्रकरण
### न्यायिक सुधार जरूरी

**दंतेवाड़ा** में पांच साल पुराने नक्सली हिंसा मामले में जेल में बंद सभी 121 आदिवासियों को रिहा कर दिया गया है। यह पुलिस व न्यायपालिका के लिए एक दुःखद परिघटना है। नेशनल इन्विस्टीगेशन एजेंसी-एनआईए की एक अदालत ने शुक्रवार को फैसला देते हुए कहा, 'अभियोजन पक्ष द्वारा दर्ज कराए बयानों या प्रमाणों से यह स्पष्ट नहीं होता है कि आरोपी नक्सली शाखा में शामिल थे और उनकी अपराध में संलिप्तता है। यह भी सिद्ध नहीं हुआ है कि पुलिस ने आरोपियों के पास से कोई हथियार या गोला-बारूद बरामद किया था।' इसके बावजूद दुर्भाग्य के मारे 121 लोगों को पांच साल जेल में काटने पड़े, हालांकि इनमें से 13 अभी अन्य आरोपों के कारण सीखचों के पीछे रहेंगे। नक्सलियों या माओवादियों ने 24 अप्रैल, 2017 को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल-सीआरपीएफ की 74वीं बटालियन पर हमला कर एक इंस्पेक्टर रैंक अधिकारी समेत 25 जवानों को मार डाला था। छत्तीसगढ़ पुलिस की लचर जांच न केवल आरोपियों के लिए कष्टदायक रही, बल्कि यह शहीद सीआरपीएफ कर्मियों के साथ भी अन्याय है क्योंकि उनकी शहादत को न्याय नहीं मिला है।

बिना किसी अपराध के पांच साल किसी अंधेरी जगह में बंद रहने की कल्पना करें, सौ से अधिक लोगों को इस यातना से गुजरना पड़ा है। इसका कारण केवल यह था कि कुछ पुलिसजनों ने अपनी जिम्मेदारी ठीक से नहीं निभाई। यदि उन्होंने ऐसा किया तो क्या वे अक्षम थे अथवा आरोपियों को जेल से रिहा करने में पांच साल क्यों लगे? क्या उनको पहले जमानत पर नहीं छोड़ा जा सकता था? आरोपित आदिवासियों की पीड़ा कई बार सामने आई है जो राजनीतिक बयानबाजी और जमीनी यथार्थ के बीच



अंतर स्पष्ट करती है।

दलितों तथा कुछ अन्य समुदायों की तरह आदिवासी भी ऐसे लोग हैं जिनके प्रति राजनीतिक आका हमेशा दया दिखाते रहते हैं अथवा वे इसका दावा करते हैं। इन समूहों के प्रति सरोकार प्रकट किए बिना कोई भाषण पूरा नहीं होता है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति उम्मीदवार चुने जाने का एक कारण यह भी है कि वे आदिवासी समुदाय से हैं। कहने का यह अर्थ नहीं कि वे राज्य की प्रमुख बनने योग्य नहीं हैं क्योंकि वे एक वरिष्ठ नेता हैं तथा झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं। उनकी कथा वैसे भी प्रेरणादायक है, लेकिन दुर्भाग्य से उनका चयन तथा यहां तक कि कुछ गैर-राजग पार्टियों द्वारा उनका समर्थन केवल उनकी आदिवासी पहचान के कारण है। हालांकि, प्रतीकवाद हर लोकतंत्र में एक भूमिका अदा करता है, पर जब यह भूमिका अतिरंजित हो जाती है तो राजनय प्रभावित होती है तथा समाज का बहुत बड़ा वर्ग इससे उत्पीड़ित होता है। राजनेता वर्ग पहचान की राजनीति पर जोर देता रहता है तथा प्रतीकवाद के चलते लोगों का चयन उनकी जाति व समुदाय के आधार पर करता है। इसके साथ ही चलने वाले घटनाक्रम के कारण प्रशासन पर कम ध्यान दिया जाने लगता है। प्रशासन पर कम ध्यान देने से 121 आदिवासियों की तरह गरीबों में सबसे गरीब सर्वाधिक प्रभावित होता है। मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा इस मामले में बचाव पक्ष की एक वकील बेला भाटिया ने मीडिया को बताया, 'उनके जीवन के पांच साल बरबाद हुए और उनको सुनवाई के दौरान केवल दो बार अदालत लाया गया, जबकि आरोपी को हर सुनवाई में लाना अनिवार्य है। उनको एनआईए अदालत के साथ जिला व उच्च न्यायालय द्वारा भी जमानत नहीं मिली।' वास्तव में समय आ गया है कि हम समग्र पुलिस व न्यायिक सुधार शुरू करें।

# बनाएं धार्मिक मामलों का मंत्रालय

**धार्मिक सहिष्णुता की भारतीय अवधारणा में धार्मिक समुदायों का मिश्रण अनिवार्य रूप से जरूरी नहीं है। बहुसंख्य भारतीय अपने ही धार्मिक समुदाय में मित्र बनाना पसंद करते हैं।**



**प्रशांत तिवारी**
(लेखक, द पायनियर के नियमित स्तंभकार हैं)



पिछले काफी समय से विभिन्न क्षेत्रों के विचारवान लोग नरेन्द्र मोदी सरकार से अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय समाप्त करने तथा उसके स्थान पर धार्मिक मामलों का एक नया मंत्रालय बनाने का अनुरोध किया है। ऐसी मांग का काफी औचित्य है। भारत एक बढ़ती हुई अंतरराष्ट्रीय शक्ति है और वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान वैश्विक दृष्टिकोण से उसकी संस्कृति व धर्म प्रस्तुत कर मजबूत की जा सकती है। प्रस्तावित धार्मिक मामलों के मंत्रालय का प्रमुख कोई धार्मिक नेता हो सकता है जो भारत की आध्यात्मिक शक्ति का चेहरा हो सकता है। भारत ने हमेशा सभी धर्मों का सम्मान किया है, लेकिन बड़े धार्मिक हिंदूवाद से ज्यादा समानता नहीं देखते हैं और अलग रहना चाहते हैं। प्रस्तावित मंत्रालय के प्रमुख के रूप में एक विद्वान आध्यात्मिक नेता इस खाई को पाट सकता है और समुदायों को एकसाथ ला सकता है। पश्चिम में अनेक लोग यह तर्क दे सकते हैं कि हिंदूवाद एक पुरानी शैली का धर्म है और समकालीन दुनिया से संबंध बनाने के लिए उसे अतीत के भारी बोझ से मुक्ति पानी होगी। आधुनिकता इस बात पर जोर देती है कि धर्म पूर्णतः व्यक्ति के निजी जीवन तक सीमित है। यह किसी संस्कृति के लिए चुनौतीपूर्ण विचार है। भारत में हमें एक खास असाधारण समस्या का सामना करना पड़ता है। अनेक परंपराओं व धार्मिक व्यवहारों का अर्थ है कि धर्म और आधुनिकता को एक जटिल, बहुआयामी, परिवर्तनशील तथा ऐतिहासिक रूप से विकसित हो रहे संबंधों में सह-अस्तित्व बनाना होगा।

विश्व हिंदू परिषद-विहिप ने पहले ही एक प्रस्ताव पास कर 'अल्पसंख्यक आयोग व अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय तत्काल समाप्त करने' की पैरवी की क्योंकि इन संस्थानों के पीछे 'विचार अलगाववादी सोच को विश्वसनीयता प्रदान करता है।' इस प्रस्ताव में कहा गया है कि 'जिहादियों व मिशनरियों के बजाय उनकी आलोचना करने वालों को दंड मिलता है' तथा 'अल्पसंख्यक आयोग व अलग मंत्रालय के माध्यम से उनको हिंदू-विरोधी व राष्ट्र-विरोधी गतिविधियां चलाने को प्रोत्साहन मिलता है।' इसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग 'देश के सभी नागरिकों के अधिकारों की चिन्ता करने के लिए काफी है।' इसके अनुसार, 'अल्पसंख्यक आयोग यह गलत भावना पैदा करता है कि मुस्लिम व ईसाई समुदायों का उत्पीड़न हो रहा है' जबकि 'यथार्थ यह है कि इनके उत्पीड़न के जिम्मेदार कोई और नहीं, बल्कि केवल हिंदू, बल्कि सिख व बौद्ध जैसे अन्य अल्पसंख्यक समुदाय भी हैं।' धार्मिक मामला मंत्रालय के मुख्य कार्य यह होने चाहिए-1. उसे धार्मिक मामलों के प्रबंधन में आईसीटी के अधिकतम प्रयोग, आनलाइन पंजीकरण शुरू करने तथा संसाधनों की लामबंदी की पहल कर अनुदान उपलब्ध कराने तािा विकास गतिविधियों में समन्वय के प्रयास करने चाहिए। 2. धर्म के क्षेत्र में शोध व प्रकाशनों में सहायता कर दानदाता संस्थानों के प्रबंधन में सहयोग करना चाहिए। 3. धर्मो तथा धार्मिक मामलों में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों, सेमिनारों व संवाद स्थापित कर संपर्क बनाने तथा संबंध सुधारने का काम करना चाहिए। इसके लिए वह विभिन्न देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठनों से अनुबंध व समझौतों पर हस्ताक्षर करेगा तथा सम्मेलन आयोजित करेगा। 4. धर्म व शिक्षा संस्थानों में सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए शोध व आतंकवाद-विरोधी अभियानों को मजबूत कर धार्मिक मूल्यों, निष्ठा, भाईचार व सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देगा। 5. विभिन्न धार्मिक संगठनों व संस्थानों में सुधार के लिए अनुदान देगा जिनमें चांद देखने व महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहार मनाने में सहायता शामिल है। वह पुनर्वास व वित्तीय सहायता के लिए वंचित लोगों की सहायता करेगा।

औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता के 70 वर्ष से अधिक बीतने के बाद आमतौर से भारतीय अनुभव करते हैं कि उनका देश स्वतंत्रता-पश्चात एक आदर्श का पालन कर सका है और वह ऐसा समाज बना सका है जहां अनेक धर्मों के लोग स्वतंत्रता पूर्वक रह कर अपने धार्मिक क्रियाकलाप कर सकते हैं। भारत की जनता अत्यधिक विविधतापूर्ण व आध्यात्मिक है। दुनिया के अधिकांश धर्मानुयाई, जैसे हिंदू, जैन और सिख न केवल भारत में रहते हैं, बल्कि दुनिया की एक सबसे बड़ी मुस्लिम जनसंख्या का घर भी है और लाखों ईसाइयों व बौद्धों का भी घर है। भारतीय धार्मिक सहिष्णुता को अपने देश का एक केन्द्रीय बिंदु मानते हैं। विभिन्न धार्मिक समूहों में अधिकांश लोग कहते हैं कि सभी धर्मों का सम्मान करना बहुत जरूरी तथा 'सचमुच भारतीय' चरित्र है। सहिष्णुता एक धर्म होने के साथ ही नागरिकता का मूल्य भी है। भारतीय इस दृष्टिकोण के प्रति एकमत हैं कि दूसरे धर्मों का सम्मान करना बहुत महत्वपूर्ण है और यह अपने धार्मिक समुदाय का सदस्य होने जितना ही महत्वपूर्ण है। ये साझा मूल्य सभी धर्मानुयाइयों में पाए जाते हैं। न केवल देश के बहुसंख्य 77 प्रतिशत हिंदू कर्म में विश्वास करते हैं, बल्कि लगभग इतने ही मुसलमानों का यह विश्वास है। भारत में रहने वाले एक तिहाई या 32 प्रतिशत ईसाई 81 प्रतिशत हिंदुओं के साथ कहते हैं कि गंगा नदी में शुद्धीकरण शक्ति है जो हिंदूवाद का प्रमुख आधार है। उत्तर भारत में 12 प्रतिशत हिंदू, 10 प्रतिशत सिख तथा 37 प्रतिशत मुसलमान सूफीवाद को स्वीकार करते हैं जो इस्लाम की रहस्यवादी परंपरा है। सभी धर्मों के बहुसंख्य भारतीय कहते हैं कि बुजुर्गों का सम्मान उनके विश्वास में महत्वपूर्ण है। लेकिन अनेक मूल्यों व धार्मिक विश्वासों का साझा करने तथा एक ही देश में एक संविधान के अंतर्गत रहने के बावजूद भारत के प्रमुख धार्मिक समुदायों के अनेक लोग अक्सर यह अनुभव करते हैं कि वे एक-दूसरे से अलग हैं। बहुसंख्य हिंदू-66 प्रतिशत अनुभव करते हैं कि वे मुसलमानों से बिल्कुल अलग हैं और अधिकांश मुस्लिम-64 प्रतिशत भी हिंदुओं के प्रति यही भावना व्यक्त करते हैं। इसके कुछ अपवाद भी हैं। दो तिहाई जैन तथा लगभग आधे सिख अनुभव करते हैं कि उनमें हिंदुओं के साथ काफी समानतायें हैं। लेकिन आमतौर से बड़े धार्मिक समुदायों के लोग खुद को दूसरों से अलग समझते हैं। लेकिन इसके साथ ही भारतीय आमतौर पर अपने ही धार्मिक समूह के लोगों से दोस्ती करना पसंद करते हैं और यह बात हिंदुओं के लिए ज्यादा सही है। अधिकांश हिंदू कहते हैं कि उनके सभी या अधिकांश निकटस्थ मित्र हिंदू हैं। निश्चित रूप से हिंदू जनसंख्या का बहुमत हैं और इसके परिणामस्वरूप उनकी अन्य धर्मानुयाइयों की तुलना में हिंदुओं के साथ संपर्क की संभावनायें अधिक हैं। लेकिन राष्ट्रीय जनसंख्या में बहुत थोड़ा हिस्सा रखने वाले सिखों व जैनों में भी बहुसंख्य या सभी मित्र अपने छोटे धार्मिक समुदाय के ही होते हैं।

इसके साथ ही भारतीय धार्मिक सहिष्णुता के प्रति जोश प्रदर्शित करते हैं, लेकिन अपने धार्मिक समुदायों को अलग स्थानों में रखना पसंद करते हैं। इस प्रकार वे साथ-साथ रहते हुए भी अलग रहते हैं। ये दोनों भावनायें देखने में विरोधाभासी लग सकती हैं, लेकिन अधिकांश भारतीय ऐसा नहीं मानते हैं। वास्तव में बहुत से लोग दोनों दृष्टिकोण अपनाते हैं। उनका मानना है कि दूसरों के प्रति सहिष्णु रहने के साथ व्यक्तिगत संबंध धार्मिक आधार पर रखना ठीक है। धार्मिक रूप से अलग-थलग समाज पसंद करने वाले भारतीय भी पूरे जोश के साथ धार्मिक सहिष्णुता को प्रमुख मूल्य मानते हैं। दूसरे शब्दों में, धार्मिक सहिष्णुता की भारतीय अवधारणा में अनिवार्य रूप से धार्मिक समुदायों का मिलना शामिल नहीं है। हालांकि, कुछ देशों में लोग विभिन्न धार्मिक पहचानों का 'विलयन बिंदु' बनाने में दिलचस्पी ले सकते हैं, अनेक भारतीय ऐसा देश पसंद करते हैं जो समुदायों के बीच स्पष्ट रेखाओं वाला पैचवर्क हो। भारत के अधिकांश हिंदुओं का कहना है कि हिंदू होने का अर्थ हिंदी बोलना है और वे इसे 'सच्चा' भारतीय होने के लिए बहुत जरूरी मानते हैं। इस पृष्ठभूमि में देखने पर अब समय आ गया है कि अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को फौरन समाप्त किया जाए तथा धार्मिक मामलों के एक मंत्रालय का गठन किया जाए।

# बेलगाम जनसंख्या वृद्धि से अराजकता की आशंका

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



सरकार को जनसंख्या वृद्धि की खूबियों व खामियों को तौलना चाहिए और सही रास्ता चुनना चाहिए। देश के वर्तमान परिदृश्य में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या जनसंख्या भारत के लिए वरदान है या अभिशाप, और क्या हम इसके मानव संसाधनों को उत्पादक उपयोग में बदलने में सक्षम होंगे? जानकारों का कहना है कि यह वरदान हो सकती है लेकिन तभी जब लोग इसे नियमित करने में भागीदार हों।

यह विषय वर्तमान समय में इसलिए चर्चा में आया है क्योंकि भारत 2023 में चीन को पछाड़कर दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाला देश होगा। नवीनतम विश्व जनसंख्या संभावना रिपोर्ट के अनुसार, भारत की आबादी अगले वर्ष 1.429 बिलियन तक जा सकती है जबकि चीन की आबादी 1.426 बिलियन होगी।

संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इस सप्ताह विश्व जनसंख्या दिवस पर संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट जारी की और कहा कि 15 नवंबर तक दुनिया आठ अरब वैश्विक जनसंख्या के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। यह 2030 में 8.5 बिलियन और 2100 में 10.4 बिलियन तक बढ़ सकती है, जो जनसंख्या वृद्धि का समर्थन करते हैं, उनका मानना है कि यह जनसंख्या वृद्धि सस्ते श्रम की आपूर्ति करने में सहायक होगी, जो भारत के लिए एक मूल्यवान संसाधन है। वे कहते हैं कि यह एक सकारात्मक तत्व है, जिसके परिणामस्वरूप भारत को लाभ होगा क्योंकि हमारे देश में उच्च आय और मजदूरी व उत्कृष्ट निर्यात क्षमता है। भारत की जनसंख्या युवा और बहु-प्रतिभाशाली है, इसलिए यह आर्थिक रूप से अधिक उत्पादक हो सकता है।

ऐतिहासिक रूप से, वैश्विक आबादी को एक अरब तक पहुंचने में कई शताब्दियां लगीं। 2011 में यह सात अरब अंक तक पहुंच गयी थी और 1950 और 2020 के बीच तीन गुना हो गयी। (स्रोतः यूएन डीईएसए)

1901 में 23 करोड़ भारतीयों से, 1951 तक जनसंख्या वृद्धि धीमी थी। अगले पांच दशकों में, यह तीन गुना बढ़ गयी। 2001 की जनगणना में 1.02 अरब (102 करोड़) दर्ज किया गया। विश्व स्तर पर, लगभग 1.2 बिलियन हिंदू हैं। 1.4 अरब की आबादी वाले भारत में 80 फीसदी हिंदू हैं। बीजेपी नेता हिंदुओं की घटती आबादी और मुसलमानों की बढ़ती संख्या को लेकर चिंतित हैं।

जो लोग जनसंख्या वृद्धि का विरोध करते हैं, उनका तर्क है कि एक त्वरित प्रवृत्ति का अर्थ है अधिक लोगों को स्वच्छ पानी, बिजली, और शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल जैसी पर्याप्त सामाजिक सेवाएं खिलाना और प्रदान करना। इसका अर्थ एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय प्रभाव भी है।

दूसरे, भारत की अर्थव्यवस्था कोविड-19 संकट से पहले ही कमजोरी के संकेत दे रही थी। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक नई रिपोर्ट अगले 12 से 18 महीनों के लिए एक सुधार योजना की पहचान करती है। रिपोर्ट में कहा गया है, "यदि भारत पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं करता है और इसके कर्मचारी अप्रशिक्षित हैं, तो इसका जनसांख्यिकीय लाभांश एक दायित्व बन सकता है। और शिक्षा व कौशल विकास इस लाभांश को प्राप्त करने का सबसे बड़ा समर्थक होगा।"

तीसरा, 'जनसांख्यिकीय लाभांश' गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सृजन में निवेश का परिणाम है, कि हम बुढ़ापा, बीमारी और विकलांगता से कैसे निपटते हैं। चौथा, महामारी के कारण बच्चों को लगभग दो साल की पढ़ाई का नुकसान हुआ है। इस नुकसान की भरपाई की जरूरत है। स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए अधिक बजट आवंटन होना चाहिए, जैसा कि महामारी संकट के दौरान कमी के रूप में दिखा है।

जनसंख्या वृद्धि को कम करने के भारत के प्रयास अपेक्षाकृत जल्दी शुरू हुए थे और वे 1952 में राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम शुरू करने वाले पहले प्रयास थे। और तब से, बढ़ती संख्या को नियंत्रित करने के कई प्रयास किए गए हैं। 1975 में जब इंदिरा गांधी ने आपातकाल की घोषणा की तो 'परिवार नियोजन' कार्यक्रम टकरावपूर्ण और विवादास्पद हो गए। अप्रैल 1976 में, सरकार ने परिवार नियोजन के लिए एक 'एकीकृत' दृष्टिकोण अपनाया जिसने गर्भनिरोधकों और नसबंदी को प्रोत्साहित किया। तब से, यह विषय राजनेताओं के लिए निषेधात्मक सा रहा है। यह माना जाता रहा है कि कांग्रेस सरकार के पतन का एक कारण आपातकाल के समय लागू जनसंख्या नियंत्रण के दबाव डालने वाले तरीके थे। बाद में सरकार ने परिवार नियोजन विभाग का नाम बदलकर परिवार कल्याण कर दिया है। इससे संदेश देने का प्रयास किया गया कि अब जनसंख्या नियंत्रण दबाव के बजाय परस्पर सहमति वाला कार्यक्रम बन गया है।

15 अगस्त, 2019 को स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय चर्चा में ला दिया। उन्होंने छोटे परिवारों के गुणों की प्रशंसा की, वह चाहते थे कि जनसंख्या के 'अनियंत्रित विकास' को रोका जाए। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, 2024 में अगले आम चुनाव से पहले पार्टी में एक नई जनसंख्या नीति तैयार करने के लिए चर्चा चल रही है। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ भाजपा शासित राज्यों ने जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के उपाय पहले ही कर लिए हैं। अब शायद इसे नियंत्रित करने के लिए नीतियां बनाने का समय आ गया है। 2000 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित एक राष्ट्रीय आयोग ने भी जनसंख्या विनियमन कानून बनाने की सिफारिश की थी। संसद भी समय-समय पर नियमन की मांग करती रही है। दोनों सदनों व विभिन्न दलों के सांसदों ने अब तक 35 निजी विधेयकों का प्रस्ताव रखा है।

सत्तारूढ़ भाजपा के मूल संगठन आरएसएस ने भी एक समान जनसंख्या नीति की वकालत की है। पिछले विजयादशमी दिवस पर आरएसएस कार्यकर्ताओं को अपने सामान्य संबोधन में, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, "अगले 50 वर्षों को ध्यान में रखते हुए एक जनसंख्या नीति तैयार की जानी चाहिए, और इसे सभी के लिए समान रूप से लागू किया जाना चाहिए।"

परिवार नियोजन बजट स्वास्थ्य बजट का केवल 4 प्रतिशत है, और भारत जन्म-अंतराल विधियों पर केवल 1.5 प्रतिशत खर्च करता है। हमें स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में और अधिक निवेश करने की आवश्यकता है।

विश्लेषकों का मानना है कि जनसंख्या वृद्धि दोधारी तलवार हो सकती है और देश को अपनी क्षमता को अधिकतम करने की आवश्यकता है। सरकार को जनसंख्या-वृद्धि के फायदे और नुकसान को तौलना चाहिए और सही रास्ता चुनना चाहिए। सभी मानते हैं कि जनसंख्या के अनियोजित विकास व वृद्धि से देश में अराजकता ही पैदा होगी।

## आप की बात

### अवमूल्यन से संकट

चूंकि कोरोना महामारी का संकट समाप्त हो रहा है और चौथी लहर का प्रभाव कम हो गया है, या नगण्य मात्र है। कई परिवारों ने दो साल की लंबी अवधि के बाद यात्रा करने की योजना बनाई है। लेकिन डॉलर के मुताबिक रुपये के अवमूल्यन से आयोजकों और पर्यटकों को इसका नुकसान उठाना होगा। भारत में अनिवासी भारतीय परिवारों को विदेश से पैसा भेजते समय विदेशों में रहने वाले भारतीयों को रुपये में पैसा भेजते समय अधिक पैसा देना होगा। रूपये के अवमूल्यन के कारण, सबसे बड़ा बोझ विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता पर होगा। छात्रों के माता-पिता को अतिरिक्त मूल्य देना होगा। साथ ही, विदेशी शिक्षण संस्थानों की फीस को विदेशी मुद्रा भुगतान डॉलर में करना पड़ता है। इसका सीधा असर छात्रों के माता-पिता पर पड़ेगा। आर्थिक विशेषज्ञों की राय है कि रुपये के मुकाबले डॉलर 80 रुपये के आसपास आ रहा है। रुपया देश में महंगाई का खतरा पैदा कर सकता है। रुपये की गिरावट का असर विदेशों में पढ़ने वाले छात्रों के माता-पिता और शिक्षा ऋण लेने वालों पर पड़ेगा, लंबे समय बाद पर्यटकों के सपनों पर भी पड़ रहा है।

-**दत्त प्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

### हरियाणा में खनन माफिया

**पिछले** काफ़ी वर्षों से मेवात कई बार अनेक घटनाओं को लेकर चर्चा का विषय बना रहा है। ज्यादातर ये चर्चाएं गैर कानूनी गतिविधियों के कारण रहीं, मगर ताज़ा घटना सारे समाज के सामने है कि कैसे एक सड़कछाप गुंडे चालक ने डम्पर से एक डीएसपी को ही कुचल दिया। खनन माफियाओं का जाल अनेक जगहों पर बिछा हुआ है परन्तु इतनी हिमाकत कोई नहीं कर सकता कि एक़ आला अधिकारी को मौत के घाट उतार दे। ऐसा कुकृत्य करने के पीछे वही घिनौनी मेवाती सोच है जो पहले भी सुर्खियों में रही है। क़ानून का कोई खौफ इनमें नहीं है, वाहन चोरी, खनन समेत अन्य कई बड़े अपराधों के कारण ये क्षेत्र पहले से ही बदनाम है। अब ये हरियाणा सरकार के लिए बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है कि मेवात में कानून का साम्राज्य स्थापित करने के लिए इन अपराधियों में खौफ सुनिश्चित हो ताकि ऐसी घटना भविष्य में घटित न हो सके। खनन माफिया कानून-व्यवस्था के साथ ही पर्यावरण विनाश के लिए भी जिम्मेदार हैं। हरियाणा सरकार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सबक लेकर माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

-**मनोज**, मेरठ


### संसद में स्थगन

**संसद** के मानसून सत्र का पहला ही दिन स्थगन की भेंट चढ़ गया। संसद की कार्यवाही के प्रति मिनट का खर्चा लगभग ढाई लाख रुपए आता है। यह स्थगन प्रत्येक भारतवासी के लिए कितना महंगा पड़ता है। राजनैतिक दल अपनी राजनैतिक स्वार्थ के कारण जनता के हितों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के बजाय पैसा बरबाद करवाते हैं। दिया जाता है। एक समाचार के अनुसार वर्ष 1992 में संसद ने पूरे 80 दिन काम किया था। वर्ष 2016 के शीतकालीन सत्र के दौरान 92 घंटे व्यवधान की वजह से बर्बाद हो गए थे। सांसदों को देशहित में संसद को लंबे और अनावश्यक स्थगन से बचाने की पहल करनी चाहिए। देश की संसद राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण की योजनाओं पर चर्चा करने और उनको क्रियाविंत करने के लिए है जिसका क्रियाशील रहना देश में होगा। संसद का कामकाज सुचारु बनाने में सरकार की सबसे बड़ी भूमिका है, पर कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा सस्ती लोकप्रियता बटोरने के प्रयासों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

-**राजेंद्र कुमार शर्मा**, रेवाड़ी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



"**परंपरागत** सुरक्षा चुनौतियों के साथ इसके अनेक नए आयाम हैं जिनको संबोधित किया जाना चाहिए।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**उन्होंने** गरीबी, असमानता व असुरक्षा पैदा की। बोरिस जान्सन की यही विरासत है।

- **जेरेमी कार्बिन**
ब्रिटिश सांसद





**केवल** डेढ़ साल में 200 करोड़ टीकाकरण। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में न्यू इंडिया की इच्छाशक्ति प्रकट करता है।

- **अमित शाह**
गृह मंत्री"

# केजी से पीजी तक प्रत्येक छात्र के लिए बने शिक्षा योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन स्थित गांधी सभागार में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, राष्ट्रीय और वैश्विक रैंकिंग में सुधार के लिए विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों के निर्माण पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में तेजी से हो रहे परिवर्तनों के बीच इस संगोष्ठी का आयोजन निश्चय ही उच्च शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। आज भारत दुनिया की नजर में नई उम्मीद के रूप में उभर रहा है, इसलिये हमारे विद्यार्थियों और युवाओं को ऐसे नये भारत के निर्माण में सहयोग करना होगा। विद्यार्थियों को परिपक्व बनाने का यह कार्य हमारे विश्वविद्यालयों को करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी शिक्षण व्यवस्थाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानक के अनुसार तैयार करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में देश को 'वैश्विक डेस्टिनी' बनाने की जो बात की गई है, उसके अंतर्गत उच्च शिक्षा का अंतरराष्ट्रीयकरण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। केवल शिक्षण तक सीमित विश्वविद्यालयों को विशेष रूप लक्षित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में आज भी उच्च शिक्षा संस्थानों का सारा ध्यान केवल शिक्षण कार्य पर ही केन्द्रित है, शोध-अनुसंधान पर नहीं अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग पाने के लिए यह बहुत आवश्यक है कि हमारे विश्वविद्यालय अपना ध्यान शोध-अनुसंधान पर केन्द्रित करें। उन्होंने कहा कि हमें समाज के वंचित तथा गरीब/जरूरतमंद छात्रों के बारे में सोचना होगा और प्रीस्कूल एजुकेशन लेवल यानी केजी से लेकर पीजी तक हर वर्ग के प्रत्येक छात्र के लिए शिक्षा की योजना बनानी होगी। हमें शिक्षा प्रणाली को बनाते समय पिछड़े युवाओं को ध्यान में रखना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के किसी भी स्तर पर, चाहे वह प्राइमरी हो, मिडल या हायर एजुकेशन लेवल, हमारे सिस्टम में आपस में कोई तालमेल नहीं है, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति शिक्षण संस्थानों में सभी स्तरों पर व्याप्त इस अंतर को पाटने में महत्तवपूर्ण भूमिका निभा रही है। गौरतलब है कि नई शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के माध्यम से, भारत सरकार शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा सुधार लेकर आई है, उसी दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल के साथ राजभवन में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सहयोग से आज इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तीन सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा विचार व्यक्त किए गए, जिसमें प्रतिभागी कुलपतियों की जिज्ञासाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विषयों की जानकारी भी प्रदान की गई।

कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ उनकी यह साझेदारी राज्य में शैक्षणिक क्षेत्र के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश की राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने कहा कि हमें मिलकर एक ऐसा एजुकेशन सिस्टम बनाने पर जोर दिया।

## दिसंबर तक इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज का निर्माण कार्य हो पूरा

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नवनिर्मित होने वाले उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फारेंसिक साइंसेज के शीघ्र संचालन के लिए किए जाने वाले प्रयासों को और अधिक तेज किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में बुधवार को कमांड सेंटर लोक भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अब तक किए गए प्रयासों की सघन समीक्षा की गई। अवस्थी ने निर्देशित किया है कि इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता उच्चस्तरीय होनी चाहिए, जिसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने अब तक लगभग 35 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया है कि संस्था का निर्माण कार्य इस वर्ष दिसम्बर के अंत तक पूर्ण कर लिया जाए। उल्लेखनीय है कि इस संस्थान मे भवन एडमिन व एकेडमिक ब्लॉक, ईसेन्सियल कमोडिटी ब्लॉक, छात्र-छात्राओं के लिए हास्टल, गेस्ट हाउस, कैंटीन, विभिन्न प्रकार के आवासीय व आधिकारिक भवन आदि का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव गृह ने निर्माण कार्यों के साथ-साथ अन्य जरूरी उपकरणों को भी समय से स्थापित कराए जाने के निर्देश दिए हैं ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। भवन में स्थापित किए जाने वाले जरूरी उपकरणों आदि के संबंध में समय पर प्रस्ताव तैयार कर उसकी वित्तीय स्वीकृति नियमानुसार प्राप्त किये जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इंस्टीट्यूट के संबंध में तैयार बाइलाज में आवश्यक संशोधन किए गए हैं, जिसका अनुमोदन गर्वनिंग बाडी की बैठक में लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# गन्ना सर्वे एवं सट्टा के आंकड़ों का गांव-गांव होगा प्रदर्शनः भूसरेड्डी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुक्त,** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने कहा कि पेराई सत्र 2022-23 के लिए 1 मई से 30 जून 2022 तक गन्ना सर्वेक्षण का कार्य विभाग द्वारा समयान्तर्गत सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इसी क्रम में 20 जुलाई बुधवार से पूरे प्रदेश में ग्राम स्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया है, जो 30 अगस्त 2022 तक चलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत गन्ना विकास विभाग के कार्मिक गन्ना कृषकों को उनके गन्ना सर्वे एवं सट्टा से संबंधित कुल 63 आंकड़े दिखाकर उनसे सहमति प्राप्त करेंगें अथवा आपत्ति प्राप्त होने की दशा में उनका निस्तारण करायेंगें। गन्ना आयुक्त ने किसानों से अपील की है कि वह ग्रामस्तरीय सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम में 63 कॉलम की सर्वे एवं सट्टे से संबंधित सूचना का अवलोकन करने के लिये इस सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रतिभाग ज़रूर करें तथा अपनी कृषि योग्य भूमि, गन्ना प्रजाति, मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर, बैंक खाता संख्या, बेसिक कोटा एवं बेसिक सट्टा का अवलोकन कर लेंए यदि कोई त्रुटि है तो गन्ना पर्यवेक्षक को संबंधित अभिलेख देकर लिखित प्रार्थना.पत्र के माध्यम से मौके पर ही संशोधन करा लें। जिससे पेराई सत्र के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। भूसरेड्डी ने बताया कि सर्वे-सट्टा कार्यक्रम में प्रथम बार गाटा संख्यावार कृषि योग्य भूमि एवं गन्ना क्षेत्रफल को दर्शाया गया है, जिससे कृषक द्वारा घोषणा पत्र में किये गये उल्लेख का राजस्व अभिलेखों से मिलान किया जा सकेगा एवं फर्जीवाड़े पर भी रोक लगेगी। गन्ना आयुक्त ने यह भी बताया कि ऐसे गन्ना किसान जो सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मौके पर उपस्थित नही हो पा रहे हैं अथवा प्रदेश के बाहर कहीं अपनी सेवाएं प्रदान कर रहें है, उनके लिये 63 कॉलम का डाटा पोटर्ल पर भी उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे देखकर किसान के ग्रीवान्स रिडर्सल सिस्टम पर ऑनलाइन अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। जिसका संबंधित अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन ही निस्तारण करा दिया जायेगा। गन्ना आयुक्त ने यह भी बताया कि ऐसे गन्ना कृषक जो अंश प्रमाण.पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान अपने अंश प्रमाण.पत्र नही ले पाये हैं, वे सर्वे सट्टा प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान अंश प्रमाण-पत्रों को भी प्राप्त कर सकते है।

# जल है तो कल है की भावना को करना होगा आत्मसात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● जल शक्तिमंत्री मंत्री ने 'जल के लिए चल' जागरूकता अभियान को दिखायी हरी झंडी**

**जलशक्ति** मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जल संरक्षण के सम्बन्ध में गंभीर है इसलिए भू-गर्भ जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा गया है। आने वाली पीढ़ी को पानी नसीब है। इसके लिए भूमि के भीतर स्थित जल भंडार समृद्ध रखना एवं सुरक्षित रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'जल है तो कल है' की भावना को प्रत्येक नागरिक को आत्मसात करना होगा तथा जल संरक्षण के अभियान के साथ जुड़कर अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना पड़ेगा। जल संकट से निपटने की दिशा में 'अटल भू-जल योजना' मील का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के हर क्षेत्र में भूजल का संवर्धन करने व भू-जल स्तर को बनाए रखने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह बात बुधवार को स्वप्न फाउंडेशन और भूगर्भ जल विभाग द्वारा हजरतगंज में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के दौरान कही। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री ने 'जल के लिए चल' रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में लखनऊ की 20 से अधिक विद्यालयों एवं संस्थाओं ने भाग लिया। हजरतगज में गांधी स्मारक से जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई, जहां विभिन्न वक्ताओं ने छात्रो को भूजल के महत्व के बारे में बताया जिसमें विभिन्न संस्थानों के लगभग 800 छात्रो ने भाग लिया और एक मानव श्रृंखला बनाई गयी। कार्यक्रम में छात्रों ने आगे तख्तियां लेकर सड़कों पर भीड़ के साथ बातचीत की। स्वप्न के कार्यकर्ताओं के साथ छात्रों ने बारिश के पानी के संरक्षण का संकल्प लिया और हर संभव तरीके से पानी बचाने का फैसला किया। कार्यक्रम का समापन स्कूलों और विभिन्न संस्थानों के सम्मान के साथ हुआ जो की भूजल के प्रति निरंतर समर्पण सप्ताह में शामिल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीएम लखनऊ सुर्यपाल गंगवार, भू-गर्भ जल विभाग के निदेशक बीके उपाध्याय सहित स्कूल के छात्र-छात्रायें की उपस्थिति में जागरूकता मार्च का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## 11 से 17 अगस्त तक मनाया जायेगा स्वतंत्रता सप्ताह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जाना है। 'हर घर तिरंगा' देश के हर नागरिक में देशभक्ति की भावना को उच्चतम स्तर पर ले जाने का कार्यक्रम है। जनभागीदारी के माध्यम से 13 से 15 अगस्त, 2022 के बीच में सभी घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराना है, इस प्रयास में सरकारी और निजी प्रतिष्ठान भी शामिल होंगे। मुख्य सचिव शासन के प्राथमिकता के कार्यक्रमों की समीक्षा कर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम मे अंतर्गत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक आवासित घरों/सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में 3 दिन तक तिरंगा फहराया जाना है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये तैयारियों की समीक्षा कर सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाये। 22 जुलाई से सभी सरकारी वेबसाइट के होमपेज पर, प्रदेश की हर एक वेबसाइट और प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर और अन्य सोशल मीडिया अकाउंट के होमपेज पर तिरंगा लगाये उन्होंने कहा कि गांव से लेकर शहर तक सभी प्रदेशवासियों में एक उत्साह, उमंग से भरा देशभक्ति का माहौल हो। प्रिण्ट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, रेडियो, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, बैन, पैम्पलेट्स आदि विभिन्न प्रचार माध्यमों से इस अभियान का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में प्रार्थना के बाद झण्डा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' का गायन कराया जाये। विद्यार्थियों के मध्य स्लोगन लेखन, पेन्टिंग, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाये। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा बनाया गया 'हर घर तिरंगा' ऑडियो/वीडियो गीत का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। तिरंगा सभी पोस्ट ऑफिस व ई-कॉमर्स प्लेटफार्म यथा-अमेजन, फिल्पकार्ट, इंडिया मार्ट आदि पर उपलब्ध होंगे, हर व्यक्ति ऑनलाइन भी तिरंगा खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि कोविड वैक्सीन अमृत महोत्सव के अंतर्गत 15 जुलाई से 18 से अधिक उम्र के पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क प्रिकॉशन डोज लगायी जा रही है। यह कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलेगा। इस अभियान के तहत माइक्रो प्लान तैयार कर शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को प्रिकॉशन डोज लगवायी जाये।

# हिमाचल व जम्मू-कश्मीर में पूरी तैयारी के साथ चुनाव लड़ेगी बसपा

## जीत-हार से विचलित हुए बिना अपने मिशनरी कार्य में डटें कार्यकर्ताः मायावती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को बसपा मुख्यालय में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और जिला प्रमुखों के साथ वहां के ताजा राजनीतिक हालात, जातिवादी व साम्प्रदायिक माहौल, चुनावी तैयारियों तथा पार्टी संगठन के जमीनी कार्यकलापों, जनाधार को बढ़ाने के लिए सक्रियता आदि के बारे में गहन समीक्षा की। उन्होंने आने वाले समय में इन कार्यों में गति प्रदान करने के लिए दिए गए कई जरूरी दिशा-निर्देशों पर पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अमल करने की भी हिदायत दी।

लम्बी चली इस अहम बैठक में मायावती ने खासकर हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के आगामी विधानसभा आमचुनाव में घोर स्वार्थी, विश्वासघाती व बिकाऊ सोच के लोगों को प्रश्रय नहीं देते हुए ज्यादातर मिशनरी आधार पर ही पार्टी संगठन एवं प्रत्याशी आदि भी तैयार करने की सख्त नसीहत दी। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मिशन अधूरा, बीएसपी करेगी पूरा के दृढ़ संकल्प के साथ बीएसपी व इसके आत्मसम्मान एवं स्वाभिमान के अम्बेडकरवादी मूवमेन्ट को मजबूत करने का आह्वान किया। मायावती ने कहा कि जहां तक हिमाचल प्रदेश व जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा आमचुनाव का मामला है तो दोनों ही राज्यों में बीएसपी को अपनी पूरी तैयारी करनी है और फिर समय पर चुनाव मैदान में उतरना है तथा पार्टी के कैडरों व समर्थकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि खासकर जम्मू-कश्मीर के मामले में सरकार का दावा है कि वहां के हालात पहले से काफी बेहतर व काफी सामान्य हो गए हैं और अब तो केन्द्र सरकार द्वारा जी 20 शिखर सम्मेलनों की तैयारी बैठकें वहां करने की बात चल रही है। इसलिए इसके प्रमाण के रूप में जरूरी है कि वहां विधानसभा का आमचुनाव कराकर लोकतंत्र की यथाशीघ्र बहाली की जाए। पंजाब प्रदेश में आम आदमी पार्टी की नई सरकार के रिमोट कन्ट्रोल से चलने के चर्चित आरोपों का संज्ञान लेते हुए मायावती ने कहा कि पार्टी के लोगों को अपना संघर्ष पहले की तरह ही लगातार जारी रखना है और बीएसपी तथा इस मूवमेन्ट के जन्मदाता एवं संस्थापक कांशीराम के सपनों को वहां उनकी जन्मस्थली में भी साकार करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना है। चुनाव की जीत-हार से बहुत विचलित हुए बिना अपने मिशनरी कार्य में डटे रहना है।

### एनएसए लगाना यूपी सरकार का फैशन

**यूपी के** वर्तमान हालात का उल्लेख करते हुए मायावती ने कहा कि बात-बात पर एनएसए जैसी गंभीर धाराओं में लोगों की गिरफ्तारी व परिवारों का उत्पीड़न दमन का नया सरकारी फैशन बन गया है ताकि अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था के मामले में अपनी विफलताओं पर पर्दा डाला जा सके, यह घोर अनुचित है। इसके साथ ही मामूली बात पर व गैरजरूरी होने के बावजूद भी लोगों की गिरफ्तारी कर लिए जाने आदि की गलत सरकारी नीतियों से पूरे प्रदेश में भय व आतंक का माहौल है जबकि सत्ताधारी पार्टी से अपने आपको जोड़ने वाले आपराधिक तत्व बेखौफ घूम रहे हैं तो ऐसे में अपराध नियंत्रण व कानून का राज कैसे संभव है। कानून का खौफ सभी अपराधियों में जरूर होना चाहिए। इसके अलावा, अंधाधुंध गिरफ्तारी तथा लगभग असंभव होती जा रही जमानत का यह रोग इतने गंभीर व चिन्ताजनक स्तर पर पहुंच गया है कि इसके प्रति स्वयं देश के प्रधान न्यायाधीश को चिन्तित होकर देश को आगाह करना पड़ा है। इसलिए यूपी सहित देश की सभी सरकारें जितनी जल्दी अपनी कार्य प्रणाली में जरूरी सुधार ले आएं देश व जनहित के लिए उतना ही बेहतर होगा।

# किसानों के लिए बिजली आपूर्ति में कटौती बर्दाश्त नहीं: एके शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य व विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष राजस्व वसूली करने, लो-वोल्टेज, विद्युत आपूर्ति, विद्युत संयोजन आदि शिकायतों पर गंभीरता के साथ ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व की कम वसूली पर अब डिस्काम स्तर के उच्च अधिकारियों पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी डिस्काम के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य अभियन्ताओं को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग करने एवं निगरानी रखने के भी निर्देश दिये।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा आज शक्ति भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी स्तरों पर बिजली की मांग बढ़ गई है। बढ़ी हुई मांग की सुनिश्चित आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर व लाइनों का सही से काम करना बहुत आवश्यक है। इसके लिए सभी अधिकारी अपने स्तर पर इनके प्रिवेन्टिव मेन्टीनेन्स पर ध्यान दें। इस वर्ष मानसून के देरी से आने पर किसानों को सिंचाई की असुविधा न हो, इसके लिए उन्हें पर्याप्त विद्युत आपूर्ति दी जाए। किसानों के लिए बिजली आपूर्ति में कटौती बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों व प्रतिष्ठानों, प्रमुख धार्मिक स्थलों पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कांवड़ यात्रा वाले क्षेत्रों, रास्तों पर भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसकी सतत निगरानी की जाए। उन्होंने लोगों की शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए टोलफ्री नम्बर 1912 को अपग्रेड करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान विद्युत आपूर्ति को लेकर समस्या न हो। सभी अधिकारी बिजली चोरी रोकने के लिए अपने कार्यालय से निकलकर प्रतिदिन सायं 06 बजे से रात्रि 12 बजे तक पेट्रोलिंग करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स की नीति पर कार्य कर रही है। इसमें किसी भी प्रकार की संलिप्तता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने घूसखोरी पर सख्त करवाई हो, संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाय, गिरफ्तारी भी की जाय, इसके भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर के भण्डारण को डिसेंट्रलाइज करें, जिससे कि इसकी खराबी पर ले जाने में ज्यादा समय न लगे और शीघ्र आपूर्ति बहाल हो। किसानों को निर्वाध बिजली मिले इसके लिए इनके फीडर अलगाव पर भी शीघ्र कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक मीटर लगाने पर भी ध्यान दें, प्रदेश में 40 लाख मीटर लगाने है। इलेक्ट्रिक मीटर से भी बिजली चोरी होने की शिकायतें आ रही है यह गंभीर बात है। इसकी जांच कराई जाए।

### अवर अभियंता अजय कुमार दुबे को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को शक्ति भवन में 'सम्भव' पोर्टल पर आई जनशिकायतों की वर्चुअल सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने सभी शिकायतकर्ताओं, प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य अभियंताओं से वर्चुअल संवाद कर शिकायतों की वास्तविकता जानी और मौके पर ही 20 शिकायतों का निस्तारण किया। सुनवाई के दौरान उन्होंने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के तहत उन्नाव जिले के निवासी श्री दिलीप कुमार त्रिपाठी की निजी नलकूप संयोजन की शिकायत के प्रकरण को अधिकारियों द्वारा की गई, लापरवाही, उत्पीड़नात्मक रवैया को गंभीरता से लेते हुए दिनेश कुमार मौर्य (अधिशासी अभियंता), रजनीश कुमार (एसडीओ), दिवाकर यादव (जेई) सुबोध कुमार (अधीक्षण अभियंता, उन्नाव) वैभव चौधरी (अधीक्षण अभियंता, आईटी सेल मुख्यालय) पर आज ही सख्त कार्रवाई करने तथा उपभोक्ता को शीघ्र राहत देने के लिए एमडी, मध्यांचल को निर्देशित किया।

# इन्वेस्ट यूपी के जरिए निवेशकों को व्यावसायिक भूखंडों का आफर देगा एलडीए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए** अब अपनी बड़ी व्यवसायिक सम्पत्तियों को कॉरपोरेट सेक्टर को बेचेगा। इसके लिए विभिन्न योजनाओं में अनिस्तारित व्यवसायिक सम्पत्तियों को पूरी ब्रॉडिंग के साथ नये सिरे से लांच किया जाएगा। प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त डॉ रौशन जैकब ने व्यवसायिक सम्पत्तियों के निस्तारण के सम्बंध में हुई बैठक में यह निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से देश-विदेश के बड़े निवेशकों तक प्राधिकरण की महत्वपूर्ण व्यवसायिक सम्पत्तियों की जानकारी पहुंचाई जाए। साथ ही निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सम्पत्ति खरीदने का ऑफर दिया जाए।

बुधवार को गोमतीनगर एलडीए कार्यालय में हुई बैठक में प्राधिकरण अध्यक्ष और मंडलायुक्त ने डॉ रौशन जैकब ने एलडीए से इंवेस्टर सम्मिट में व्यावसायिक संपत्तियों की ब्रैडिंग की जाएगी। एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी व सचिव पवन कुमार गंगवार द्वारा उन्हें यह बताया गया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में कुल 607 व्यवसायिक सम्पत्तियां अनिस्तारित हैं। जिसमें भूखंड 97, दुकान, चबूतरा 510, सीजी सिटी में विभिन्न भू उपयोग के कुल सृजित भूखंड 62, लखनऊ मेट्रो को कुल प्रस्तावित भूखंड 28, लखनऊ विकास प्राधिकरण के पास 34, इस तरह विभिन्न योजनाओं में आवासीय 4000 है। जिसमें ग्रुप हाउंसिंग, शॉपिंग मॉल एवं मल्टीप्लेक्स, होटल, सिटी क्लब, पेट्रोल पम्प, स्कूल, टेक्निकल एजुकेशन भूखण्ड, नर्सिंग होम, फैसेल्टीज, कन्वीनिएंट शॉप व मिश्रित भू-उपयोग के बड़े भूखण्ड भी शामिल हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि बड़े व्यवसायिक भूखण्डों के निस्तारण के लिए इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से बड़े निवेशकों से संपर्क स्थापित किया जाए। इसके अतिरिक्त व्यवसायिक भूखण्डों के विक्रय के लिए सम्बंधित स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक आयोजित की जाएं। जैसे होटल के लिए आरक्षित भूखण्ड के विक्रय के लिए होटल उद्योग से जुड़े निवेशकों के साथ बैठक की जाए और नर्सिंग होम के भूखण्ड के सम्बंध में मेडिकल संस्थाओं व डॉक्टरों से संपर्क कर समन्वय स्थापित किया जाए। इसके अलावा छोटे भूखण्डों को भौगोलिक क्षेत्र के हिसाब से विभाजित करते हुए नीलामी में लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पत्ति खरीदने के इच्छुक लोगों को फील्ड विजिट कराया जाए।



### बेहतर मार्केटिंग नीति बनाकर होगा प्रचार प्रसार

**मंडलायुक्त** ने आवासीय भूखण्डों के निस्तारण के सम्बंध में भी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा यह बताया गया कि सम्पत्तियों के शीघ्र निस्तारण के लिए बेहतर मार्केटिंग नीति अपनाते हुए कार्य किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है। इस पर अध्यक्ष महोदया ने निर्देश दिये कि विक्रय की सम्पत्तियों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए। इसके लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर होर्डिंग्स, बैनर लगाए जाएं। साथ ही सूचना विभाग की एलईडी वैन पर भी सम्पत्तियों का विज्ञापन प्रसारित कराया जाए। बैठक के अंत में उन्होंने प्रबंध नगर योजना व मोहान रोड योजना की भी जानकारी ली और कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# राज्य सेतु निगम संयुक्त कर्मचारी परिषद की मांग पर सरकार ध्यान देः संतोष कुमार

**लखनऊ।** यूपी राज्य सेतु निगम संयुक्त कर्मचारी परिषद की बैठक परिषद अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता ऐशबाग में संपन्न हुई। बैठक में जनपद शाखा लखनऊ में रिक्त चल रहे शाखा महामंत्री पद पर सर्व सम्मति से मो फारुख को मनोनीत किया गया। इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने परिषद के पदाधिकारियों को निगम की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुये कहा गया कि यदि ईपीसी मोड से कार्य कराना आवश्यक है तो निगम के समस्त संसाधनों तथा अभियंताओ/कार्मिकों सहित लोक निर्माण विभाग के सेतु विंग मे समाहित कर दिया जाना समयोचित होगा। वहीं दूसरी ओर जनपद लखनऊ शाखा के अध्यक्ष शिव कुमार ने ईपीसी मोड निर्माण कार्य का ठेके पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की बात उठाई। आम सभा में परिषद के केंद्रीय महामंत्री शिव कुमार तिवारी द्वारा कई परियोजना प्रबंधको का दो पदो पर काबिज होने का मुद्दा उठाते हुए तत्काल डीपीसी गठित कर अहर्ता प्राप्त अभियंताओं की प्रोन्नति की मांग की। नवनियुक्त लखनऊ शाखा के महामंत्री मो फारुक द्वारा कार्य प्रभारित कार्मिकों का वेतन सेंट्रलाइज (सीधे मुख्यालय से भुगतान) करने की बात कही गयी।

**लहरपुर की ग्राम पंचायत ढखेरा में समस्याओं की भरमार**

# मंत्री जी! अपने गांव का तो विकास कराइए!

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर







**एक तरफ** योगी सरकार ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य कराए जाने की बात जहां कह रही है, वहीं दूसरी तरफ सीतापुर के लहरपुर ब्लाक के कुछ ऐसे भी गांव है जहां पर रोजगार के साथ बिजली, पानी, आवास, शौचालय, सड़के, टूटी नालियों से ग्रामीण परेशान है, जिन्हें सुविधाएं आज भी नहीं मिल पायी है। मजेदार तो बात यह है कि इनमें से एक ढखेरा गांव भाजपा से हरगांव विधायक सुरेश राही का भी है जहां के ग्रामीण समस्याओं से जूझते नजर आ रहे है। पंचायत चुनाव के 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में अधिकतर गांवों में विकास कार्य न होने से उनको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर विकास खंड लहरपुर की राजस्व ग्रामसभा ढखेरा में जब आई इंडिया की टीम पहुंची तो ग्रामीणों ने विकास कार्यों की पोल खोल कर रख दी। पंचायत चुनाव के बाद से गांव के अंदर एक भी काम नहीं हुआ है, जबकि ग्राम सभा ढखेरा के अंतर्गत तीन मजरे राजस्व ग्राम ढखेरा, केदार टांडा व अतरौरा आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछली पंचवर्षीय प्रधानी में शौचालय बनवाए गए थे लेकिन सिर्फ औपचारिकता दिखाते हुए शौचालय तो बन गया लेकिन उसका टैंक नहीं बन सका जिसके चलते गांव की महिलाओं तथा बहू बेटियों को बरसात के मौसम के चलते जान जोखिम में डालकर मजबूरन खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। गांव पहुंची पायनियर टीम ने जब ग्रामीण जय देवी, जानकी, रविन्द्र, रामजीव से बात की तो उन्होंने कहा कि कोई कार्य नहीं हुआ है और न ही हमें कोई योजना का लाभ मिल रहा है। जैसे-जैसे समय बदलता गया वैसे वैसे स्थितियां पहले की तरह ही सामान्य रही। आपको बता दें कि लहरपुर की ग्राम सभा ढखेरा गांव राजस्व ग्राम होने के साथ-साथ हरगांव से भाजपा विधायक व कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही का पैतृक गांव भी है। राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त करने के बाद गांव में आयोजित कार्यक्रम को भी राज्यमंत्री ने संबोधित किया था, जिसके बाद वहां की सूरत बदलनी चाहिए थी, लेकिन अभी तक वहां मात्र मनरेगा के तहत 2 तालाबों की सफाई करवाई गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से होकर गुजरने वाला मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, जिसे दुरुस्त कराने के लिए अभी तक कोई आगे नहीं आया है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान शिवम वर्मा द्वारा अपने गांव अतरौरा में ही जन चौपाल का आयोजन किया जाता है, जिसमें अन्य गांव के लोगों को नहीं बुलाया जाता और ना ही उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाता है। गांव में साफ सफाई व्यवस्था से लेकर विकास कार्य हवा हवाई ही साबित हो रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### बड़ी मात्रा में अफीम बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**बरेली।** पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी में सवार 5 तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से लाखों की अफीम बरामद की गिरफ्तार किए गए तस्करों को पुलिस ने जेल भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र में आज पुलिस ने एक बोलेरो कार को रोककर उसमें बैठे अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव पंडरिया फैजुल्लापुर निवासी पूरन लाल सिरौली थाना क्षेत्र के गांव अंजनी निवासी अखिलेश विपिन कोरी और भमोरा थाना क्षेत्र के गांव मिलक मजारा निवासी हेमराज व धर्मपाल तेली को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार किए गए तस्करों के पास से 2 किलो 376 ग्राम अफीम बरामद हुई पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी तस्कर लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लगे हुए थे और आज पुलिस ने उन्हें मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने उनसे बरामद बोलेरो कार को भी कब्जे में ले लिया और सभी तस्करों को जेल भेजा गया

### स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार, साथी फरार

**बरेली।** गश्त के दौरान पुलिस ने पीछा करते हुए स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया जबकि उसका दूसरा साथी मौका देखकर फरार हो गया पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तस्कर से बड़ी मात्रा में स्मैक बरामद की।फरीदपुर थाना क्षेत्र मे पुराना भूता रोड पर गश्त के दौरान पुलिस ने सड़क पर आ रहे दो लोगों को रोकने की कोशिश की लेकिन वह पुलिस को देखकर भागने लगे तब पुलिस ने उनका पीछा किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति फरीदपुर थाना क्षेत्र के भूरे खा घटिया निवासी मोहम्मद इरफान अंसारी के पास से पुलिस ने 155 ग्राम स्मैक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गिरफ्तार तस्कर ने पुलिस को बताया कि फरार हुआ उसका साथी उसी के गांव का रहन वाला इकरार है पुलिस ने इरफान अंसारी को जेल भेज कर फरार इकरार को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।

### पत्नी की हत्या के आरोपी पति गिरफ्तार

**बरेली।** घर के बाहर सो रही महिला की गला रेत कर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार किया। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव धीरपुर में सड़क किनारे खड़े डनलप में सो रही रिंकी यादव की हत्या के आरोप में पुलिस ने आज उसके पति विष्णु यादव को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा। गिरफ्तार विष्णु यादव ने ने पूछताछ में बताया कि 17 जुलाई की रात उसने अपनी पत्नी रिंकी यादव को अवैध संबंधों के शक पर मार डाला। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल किए गया बांका, खून से सने कपड़े बरामद किए हैं।

### धरती पर लोटकर, आग के सामने बैठकर बच्चे कर रहे इन्द्रदेव को खुश

**रेउसा/सकरन सीतापुर।** बारिश न होने से अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग इन्द्र भगवान को खुश करने के लिए तरह-तरह के टोटके कर रहे है। ग्रामीणों का मानना है कि सदियों से टोटके कर भगवान को खुश करने की परम्परा रही है, टोटके करने के बाद इन्द्रदेव खुश होकर उनकी मन की मुराद बारिश कर पूरी करते है। ग्रामीण क्षेत्रों में काले मेघा पानी दे-पानी दे गुरधानी दे, सावां की रोटी दो घुइयां, बरसो राम जियय दुनिया, काले मेघा बरसौ, गगरी में तरसौं, गगरी छूंछी बैल पियासैं, बरसे जा बरसाए जा, धान का माढ़ कटाए जा' जैसे गीत गाकर गांव के बच्चे मिट्टी में लोटकर लादा मांगते है, ग्रामीण तपती जमीन पर लेटकर इन्द्रदेव को मनाने में अपने को झुलसाने वाले बच्चों पर पानी डालते है। ऐसा इसलिए करते है। जिससे भगवान खुश हो जाएं और बरसात कर दें। ऐसा ही एक नजारा सीतापुर के बाढ़ प्रभावित रेउसा इलाके में देखने को मिला जहां लोग पानी से त्राहिमाम-त्राहिमाम करते है, लेकिन भीषण इस गर्मी में पानी को पाने के लिए लादा मांगा जा रहा है, इसी इलाके से कुछ दूर सकरन में एक साधू इन्द्रदेव को प्रसन्न करने के लिए खेत में आग जलाकर तपस्या कर रहा है ताकि भगवान इन्द्रदेव खुश हो जाएं और पानी न गिरने से चिंता में डूबे किसानों, आमजनों के लिए बारिस कर दें। भगवान इन्द्रदेव को खुश करने के लिए लादा मांग रहे यह बच्चे रेउसा इलाके से है, राजापुर कलां गांव के गोडियनपुरवा गांव में बच्चों की टोली पहले देवी स्थान पर मिट्टी में लोटकर लादा मांगती है फिर भगवान इन्द्रदेव को खुश करने के लिए गीत गाते है, ग्रामीण उन पर पानी डालते है और उन्हें लादा देते है। लादे में मिले आंटा, नमक, आलू से भंवरिया बनाते है फिर सभी खाते है। रेउसा से उलट सकरन में इन्द्रदेव को प्रसन्न करने के लिए एक महात्मा का तप चर्चा में है, कारण एक खेत में आग के पास महात्मा इन्द्रदेव को खुश करने के लिए तपस्या कर रहे है, यह महात्मा अन्न को भी त्याग दिए है, ग्राम पंचायत नकैला में स्थित इमलिया कुटी के बाबा टाऊदास आग के बीच बैठकर किस तरह तपस्या में लीन है। बाबा को देखने के लिए यहां पर भारी भीड़ जुट रही है। तपस्या कर रहे बाबा को देखने के लिए प्रधान ग्राम पंचायत कल्ली जमाल अहमद, प्रधान प्रतिनिधि ग्राम पंचायत नकैला रईस अहमद, अनुज पंडित, कौशल, शाबान, राम सेवक, कमलेश, दुर्गा प्रसाद, जियाउद्दीन, राम कुमार, मौलाना शकील अहमद, चेतराम आदि भारी संख्या पहुंचे।

# डूबती नाव में बैठे लोगों को पीएसी जवानों ने बचा लिया



संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** नैमिषारण्य में देवदेवेश्वर धाम पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक नांव को पलटने के बाद ग्रामीणों को बचाने के लिए पीएसी बल पहुंचा गया। जहां पर नांव को डूबते देख पीएसी के जवानो ने उसमें बैठे ग्रामीणों को बचाया, तथा उपचार के लिए अस्पताल को भेजा, डूब रहे नांव से आवाजे आ रही है थी बचाव-बचाव नांव पलट गया है, डूबते नांव में बैठे लोगो को पीएसी के जवानों ने सकुशल बचाया ही नहीं बल्कि उन्हें उपचार के लिए अस्पताल भी भेजा। दरअसल यह कोई डूबता नांव नहीं था बल्कि पीएसी द्वारा नाविको को मॉकड्रिल के जरिए डूबते नांव में बैठे लोगो को कैसे बचाया जाए, इसका पूर्वाभ्यास प्रदर्शित करते हुए लोगो को वह सभी तरीके बता रहे थे कि ऐसा हादसा होने पर वह क्या करें। यह मॉकड्रिल जिलाधिकारी अनुज सिंह की मौजूदगी में देवदेवेश्वर धाम नैमिषारण्य में हो रहा था। मॉकड्रिल में नाविको को जागरूक करते हुए क्षमता से अधिक सवारी न बैठाये जाने की भी बात कही गई है। अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, संबंधित उपजिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। द्वितीय वाहिनी के कम्पनी कमांडर जयवीर सिंह ने पायनियर को बताया कि नाविको को पूर्वाभ्यास कराया गया है जिससे नाव पलटते समय कोई हादसा न हों।

## अटरिया में महिला की पिटाई के बाद भी आरोपी पुलिस से दूर!

संवाददाता। सिधौली सीतापुर

**सीतापुर के** अटरिया थाना क्षेत्र में दबंगो के हौंसले बुलंद है, कारण पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने को लेकर आए दिन मारपीट की घटनाएं सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को थाना क्षेत्र के हिम्मतनगर का सामने आया है, जहां पर खेत की मेंड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया जिसमें एक महिला की लात घूसों से वहीं एक मनोज पुत्र रामपाल ने बबली पत्नी राजकुमार की पिटाई इस कदर कर दी जिससे उसके पेट, सीने, सिर में काफी चोट आयी है, सीएचसी पर दिखाने के बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया है जहां पर महिला का इलाज चल रहा है। तहरीर देने के बाद अटरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है लेकिन आरोपी को अभी तक भी नहीं पकड़ा है, जिससे उसके हौंसले बुलंद है। जिला अस्पताल में भर्ती महिला के परिजन ने पायनियर को बताया कि महिला अकेली थी वह दो लोग थे जिसने बबली की खूब पिटाई कर दी है।

**सावधान! डाक्टरों की कमी से इलाज में पड़ सकता है रोड़ा!**

## सीतापुर जिला अस्पताल से 7 चिकित्सकों का हुआ तबादला

**सीतापुर।** एक तरफ प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक जहां स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी बनाने को लेकर अस्पतालों का निरीक्षण करते नजर आ रहे है, वहीं दूसरी ओर ज्यादातर अस्पतालों में चिकित्सको की कमी से मरीज जूझते दिखाई दे रहे है। ऐसा ही हाल है कुछ सीतापुर के जिला अस्पताल का, जहां पर 38 डाक्टर होने चाहिए, जिनमें से सिर्फ 21 डाक्टर ही काम कर रहे थे, पहले से ही चिकित्सको की कमी से जूझ रहे जिला अस्पताल के 7 चिकित्सको का तबादला होने से वहां की स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। आपको बता दें कि सीतापुर से डा. मिथिलेश कुमार चर्म रोग, डा. पी.के. सिंह नेत्र सर्जन, डा. विजय प्रकाश बाल रोग विशेषज्ञ, पीयूष कुमार गोयल ईएमओ, डा. जे.एन सिंह फीजिशिएन, डा. अभय स्वरूप नेत्र सर्जन, डा. बृजेश कुमार सिंह चर्मरोग विशेषज्ञ का तबादला कर दिया गया है, अब यहां पर 14 चिकित्सक ही बचे है, फिलहाल 4 चिकित्सक सीतापुर को दिए भी गए है जिनमें से एक ने ज्वाइन कर लिया व 3 चिकित्सक अभी तक ज्वाइन नहीं किए है जिससे मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में हर रोज मरीजों के आने की संख्या बढ़ती जा रही है, उधर चिकित्सकों की कमी आ रही, इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर कोई भी ध्यान देते नजर नहीं आ रहे हैं, ऐसा क्यों ? सीतापुर जिला अस्पताल से हुए तबादलों को लेकर पायनियर ने सीएमएस आर.के. सिंह से जब चिकित्कों को लेकर जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि 7 चिकित्सको का तबादला कर दिया गया है, 4 डाक्टर मिले है जिनमें से 1 चिकित्सक ने चार्ज लिया है। लेकिन चिकित्सको की कमी है, शासन को भेजा है, जल्द ही चिकित्सको की कमी पूरी हो जाएगा।

# पुलिस ने हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**मैलान-खीरी।** एसपी, एएसपी तथा सीओ गोला आर के सिह के निर्देश पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत 29 जुलाई को हरिशचंद्र पुत्र दुजई निवासी खंजन पुर थाना मैलानी जिला खीरी द्वारा पप्पू पुत्र नेत राम व लज्जावती पत्नी पप्पू को अपने पुत्र की हत्या मे नामजद करते हुए तहरीर दी थी। इसके चलते थाना मैलानी प्रभारी निरिक्षक राम लखन पटेल, चौकी प्रभारी कुकरा सुरेश चंद्र, उप निरीक्षक राहुल कुमार, आरक्षी चकित कुमार, आरक्षी रोबिन, आरक्षी आरिफ व महिला आरक्षी दीप्ति चौधरी ने बुधवार की सुबह कुकरा चौराहे से बांकेगंज मोड़ से गिरफ्तार किया। अभियुक्त गणों की निशान देही पर हत्या मे प्रयुक्त आला कत्ल लोहे की पाइप भी बरामद की। पुलिस ने अभियुक्तगणों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा दिया गया है।

## नाराज किसानों बिजली आफिस पर दिखा आक्रोश

**मोहम्मदी-खीरी।** उपखंड मोहम्मदी में किसानों को बिजली न मिलने पर उनका आक्रोष आज अधिशासी अभियंता के ऑफिस के बाहर देखने को मिला। किसानों का कहना कि मोहम्मदी उपखंड पर बैठे कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ अनदेखी की जा रही है और मात्र तीन से चार घंटा बिजली मिलने से हमारी फसलें सूख रही हैं। रेहरिया और गोला फीडर पर लगातार खराब सप्लाई के चलते किसान परेशान लाइट न आने से धान की फसल सूख रही। किसानों के मुताबिक लगभग 3 से 4 घंटे ही मिल रही लाइट। जिस समस्या को लेकर किसान मोहम्मदी उपखंड पर अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी ने किसानों को संतुष्ट करते हुए कहा किआपकी समस्या को तत्काल प्रभाव से सुधारा जाएगा तथा आपको विद्युत मिलेगी तब जाकर किसान अपने अपने घर गए।

# चोरी की घटनाओं को लेकर एसओ लाइन हाजिर



**बेहजम खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र में एक पखवाड़े से हो रही ताबड़तोड़ चोरी की घटनाओं पर अंकुश न लगा पाने के कारण एसपी खीरी संजीव सुमन की गाज एसओ देवेंद्र गंगवार पर गिरी और उन्हें लाइन हाजिर होना पड़ा। बीती रात थाना क्षेत्र के रमुआपुर गांव में रामपाल के यहां मकान के पीछे गन्ने के खेत के पास दीवार पर चढ़कर घर में दाखिल हो गये वहां कमरों में रखी अलमारी से चोरों ने जेवर और नकदी उठा ले गये। वहीं दूसरे गांव सुनौरी में पूर्व प्रधान अजीज खां के भाई खैरुल्ला खां के यहां मकान के पिछवाड़े दीवार में नकब लगाकर चोरों ने लाखों रुपए के जेवर सहित कीमती कपड़ों और 20 हजार की नकदी चोर चोरी कर ले गये। वहीं पड़ोस के दूसरे पूर्व प्रधान भुट्टो के यहां चोर चोरी की वारदात करते तब तक घर वालों और मुहल्ले के लोगों के जाग जाने पर हो हल्ला मचने पर चोर मौका पाकर नौ दो ग्यारह हो गए। घटना की सूचना पर नीमगांव पुलिस ने मौके पर पहुंच कर चोरी की तफ्तीश कर पीड़ित परिवार से तहरीर ले ली और घटना के खुलासे में जुट गई। ग्रामीणों के अनुसार सुनौरी गांव में चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद पड़ोस के गांव अजमतपुर से एक बकरा खोलकर अपने खाने की व्यवस्था कर ली। गांव से बाहर बकरे के अस्थि पंजर पड़े देखे गये। इन चोरियों की वारदातों से नीमगांव थाना सुर्खियों में आया और कप्तान की गाज एसओ देवेन्द्र गंगवार पर गिर गई। तभी एसपी खीरी ने नीमगांव क्षेत्र में हो रही ताबड़तोड़ चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए एसओ देवेंद्र गंगवार को लाइन का रास्ता दिखा दिया। नीमगांव थाने की कमान दूसरे एसओ को सौंपने की तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया। इन मामलों पर प्रशिक्षु सीओ आदित्य कुमार प्रभारी थाना एसओ ने बताया कि रमुआपुर गांव में चोरी की खबर गलत और मनगढ़ंत है। वहीं सुनौरी गांव में हुई चोरी की वारदात में पीड़ित परिवार से तहरीर ले ली गयी। पुलिस चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए पूरी ईमानदारी के साथ जुटी है और शीघ्र ही चोरियों में लिप्त लोग पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## प्राचार्य ने काउ प्रोटेक्शन में दिये 17 हजार



**लखीमपुर खीरी।** खीरी जिले में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शुरू अभिनव मुहिम काउ प्रोटक्शन फंड में लोगों के जुड़ने का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को डीएम से कलेक्ट्रेट स्थित उनके दफ्तर में युवराज दत्त महाविद्यालय के प्राचार्य डा. हेमंत पाल ने मुलाकात कर फंड में 17 हजार की चेक सौंपी। समाचार लिखे जाने तक कॉउ प्रोटक्शन फंड में 19.32029 लाख की धनराशि जमा की जा चुकी है। झमाझम बारिश के बीच डीएम दफ्तर पहुंचे प्राचार्य डा. हेमंत से डीएम ने मुलाकात का कारण जाना, जिस पर उन्होंने कॉउ प्रोटक्शन फंड की चेक देने की बात कही। डीएम से बातचीत में प्राचार्य डॉ हेमंत ने बताया कि फंड में दी धनराशि उनके व महाविद्यालय शिक्षकों के स्वैच्छिक सहयोग शामिल है। प्रशासन की इस अनूठी व पुनीत मुहिम से महाविद्यालय परिवार आगे भी जुड़ा रहेगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जनपदवासियों से भी अपील की कि उनकी जो भी क्षमता है उसके हिसाब से फंड में धनराशि दे सकते हैं। गोवंश की सेवा हमारी संस्कृति की पहचान हैं। हमारी सभी से अपील है कि गोवंश के संवर्धन और सेवा के लिए यथासंभव धन और भाव का दान करने के लिए आगे आएं।

# पेज एक का शेष

### मूसेवाला हत्याकांड...

के आसपास करीब दो किलोमीटर के इलाके को सील कर दिया था, जहां गैंगस्टर छिपे हुए थे। स्थानीय लोगों, नागरिकों को भी घर के अंदर रहने के लिए कहा गया। मारे गए गैंगस्टरों की पहचान जगरूप सिंह उर्फ रूपा और मनप्रीत सिंह उर्फ मनु कूसा के रूप में हुई है। ये दोनों मूसेवाला की हत्या में संलिप्त छह शूटरों में शामिल थे। दोनों ही हत्याकांड के बाद से पुलिस से बचने के लिए छिपते घूम रहे थे, और पंजाब के भीतर ही लगातार ठिकाने बदल रहे थे। पुलिस जांच में पता चला था कि जून के अंत तक रूपा तरनतारन जिले में अपने पैतृक गांव में मनु कूसा के साथ छिपा था। यह भी पता चला कि एक अन्य गैंगस्टर ने उन्हें अपने फार्महाउस में ठिकाना मुहैया कराया था। पुलिस ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या में संलिप्त छह शूटरों के दो मॉड्यूल की पहचान की थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इससे पहले तीन शूटरों प्रियव्रत फौजी, कुलदीप उर्फ कशिश और अंकित सेरसा को गिरफ्तार किया था।

### वृहद पीठ...

चाहिए थी क्योंकि यह मामला शीर्ष अदालत में लंबित है। सुनवाई की शुरुआत में, उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा, पार्टी द्वारा नामित आधिकारिक सचेतक के अलावा किसी अन्य सचेतक को विधानसभाध्यक्ष द्वारा मान्यता दिया जाना दुर्भावनापूर्ण है। उन्होंने कहा, लोगों के फैसले (जनादेश) का क्या होगा। संविधान की 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल दलबदल को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। सिब्बल ने कहा कि राज्यपाल एक ऐसे व्यक्ति (एकनाथ शिंदे) को शपथ नहीं दिला सकते जो जनता द्वारा जनादेश दिए गए राजनीतिक दल से खुद को अलग करना चाहते हैं और इसलिए, उन्हें संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

### 'दो सप्ताह...

प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। न्यायालय ने कहा कि चुनाव अब और नहीं टाला जा सकता। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर, न्यायमूर्ति एएस ओका और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने चुनाव प्रक्रिया दो सप्ताह के भीतर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा, हम चाहते हैं कि चुनाव हों और हम आप सभी के लिए यह स्पष्ट कर रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने दें। इसे तार्किक अंत तक ले जाने दें। पीठ महाराष्ट्र में स्थानीय निकायों के चुनाव से संबंधित एक अर्जी पर सुनवाई कर रही थी।

### रानिल विक्रमसिंघे...

के साथ-साथ पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे तथा मैत्रीपाला सिरिसेना दोनों से समर्थन मांगा। विक्रमसिंघे ने कहा, देश की मौजूदा स्थिति के बारे में मुझे बताने की जरूरत नहीं है कि यह कितनी मुश्किल है। युवा बदलाव की मांग कर रहे हैं। दुनिया में कई समस्याएं हैं। हमें बिना उलझे आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षों को नया कार्यक्रम बनाने के लिए एकजुट होना चाहिए। विक्रमसिंघे ने कहा, मैंने इस संसद में 45 साल तक काम किया है। मेरा जीवन यह संसद है। मुझे यह सम्मान देने के लिए मैं संसद का आभारी हूं। उन्होंने अध्यक्ष से संसद में शपथ लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया, जो उनके किसी पूर्ववर्ती ने नहीं किया है। विक्रमसिंघे ने बृहस्पतिवार को होने वाले अपने शपथग्रहण समारोह से पहले कहा, हम पिछले 48 घंटों से बंटे हुए थे। वह अवधि अब समाप्त हो गई है। हमें अब एकसाथ काम करना होगा। उन्होंने कहा, अब चुनाव खत्म हो गया है तो हमें उस विभेद को खत्म करना होगा... अब से मैं आपसे बातचीत के लिए तैयार हूं।

### उप्र के...

दोनों पक्षों की तरफसे मामला दर्ज किया। यहां भी मंत्री की किरकिरी हुई। खटीक की नाराजगी और इस्तीफे की चर्चाएं मंगलवार की रात शुरू हुईं। बुधवार को दोपहर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित उनका पत्र वायरल हुआ। पत्र में उन्होंने दलित होने के कारण सुनवाई न होने, तबादलों और नमामि गंगे योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। पत्र की अंतिम पंक्ति में त्यागपत्र देने की बात कही है। हालांकि दिनेश खटीक के इस पत्र को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं कि इस्तीफा भेजना था तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ या फिर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को भेजते। अपने पत्र में उन्होंने लिखा है कि मुझे मेरे ही विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई तव्वजो न दिए जाने के कारण एवं दलितों को उचित मान-सम्मान न मिलने के कारण और प्रधानमंत्री के योजना नमामि गंगे एवं हर घर जल योजना के नियमों की अनदेखी हो रही है। मेरे विभाग में स्थानांतरण के नाम पर गलत तरीके से धन वसूली की गई है। संज्ञान में आने पर जब मैंने विभागाध्यक्ष से इसकी सूचना मांगी तो अभी तक उनके द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जब विभाग में दलित समाज के राज्यमंत्री का विभाग में कोई अस्तित्व नहीं है तो फिर ऐसी स्थिति में राज्यमंत्री के रूप में मेरा कार्य करना दलित समाज के लिए बेकार है। इन्हीं सब बातों से आहत होकर मैं अपने पद से त्यागपत्र दे रहा हूं। हस्तिनापुर सीट से विधायक दिनेश खटीक जलशक्ति राज्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। इसके बाद पूरे मंत्रिमंडल की एक बैठक अलग से दोपहर 12 बजे बुलाई गई। इसमें सभी कैबिनेट, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्रियों को बुलाया गया। दिनेश खटीक इस बैठक में पहुंचे ही नहीं। सूत्रों का कहना है कि एक दिन पहले वह संगठन मंत्री सुनील बंसल से भी मिले थे। इसके बाद मंगलवार को वह लखनऊ से गायब हो गए और बुधवार की सुबह मेरठ में प्रकट हुए।

### पत्रकार जुबैर...

जुबैर को ट्वीट से रोकने संबंधी उत्तर प्रदेश सरकार की मांग यह कहते हुए खारिज कर दी कि क्या किसी वकील को (अदालत में) बहस करने से रोका जा सकता है। लगभग दो घंटे से अधिक समय तक चली सुनवाई के बाद पारित लंबे आदेश में पीठ ने कहा, एक पत्रकार को ट्वीट करने और लिखने से कैसे रोका जा सकता है। अगर वह ट्वीट कर किसी कानून का उल्लंघन करता है तो उस पर कानून के मुताबिक कार्रवाई की जा सकती है। न्यायालय ने कहा, यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है, कि गिरफ्तारी की शक्ति के अस्तित्व को गिरफ्तारी की कवायद से अलग रखा जाना चाहिए और गिरफ्तारी की शक्ति का इस्तेमाल संयम के साथ किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि जुबैर के साथ निष्पक्षता के लिए जरूरी है कि सभी प्राथमिकी की पूरी जांच एक साथ और एक ही जांच प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। जुबैर के खिलाफ इन्हीं आरोपों में उत्तर प्रदेश में कई प्राथमिकियां दर्ज है जिनमें से दो हाथरस में जबकि सीतापुर, लखीमपुर खीरी, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद और चंदौली में एक-एक प्राथमिकी दर्ज है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोपों की गंभीरता उनके द्वारा किए गए ट्वीट से संबंधित है। उसने कहा कि रिकॉर्ड से पता चला है कि दिल्ली पुलिस द्वारा याचिकाकर्ता को निरंतर जांच के अधीन रखा गया है, हमें याचिकाकर्ता को उसकी स्वतंत्रता से और अधिक वंचित रखने का कोई कारण या औचित्य नजर नहीं आता। शीर्ष अदालत ने विस्तृत आदेश को अपनी वेबसाइट पर अभी नहीं डाला है, बल्कि इसने केवल ऑपरेटिंग पार्ट ही अपलोड किया है। पीठ ने कहा कि राजधानी की पटियाला हाउस अदालत में मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष 20,000 रुपये का एक मुचलका (जमानत बॉण्ड) जमा करने के बाद जुबैर को उत्तर प्रदेश में दर्ज सभी मामलों में अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने...

ही अदालत ने प्राधिकारियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि मामले पर विचार किए जाने की आवश्यकता है। इसलिए जब तक मामले में अगली सुनवाई नहीं हो जाती तब तक चार जुलाई, 2022 के दिशानिर्देशों के पैरा सात में निहित निर्देश पर रोक रहेगी। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के सदस्यों को निर्देश दिया जाता है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कीमत और कर के अतिरिक्त उपभोक्ताओं से सेवा शुल्क वसूले जाने और इसके भुगतान की बाध्यता को मेन्यू या अन्य स्थानों पर विधिवत और प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। अदालत ने कहा कि इसके अलावा होटल और रेस्तरां पैक कराकर ले जाए जाने वाले सामान पर सेवा शुल्क नहीं वसूलने के बारे में हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायालय ने कहा कि यदि आप भुगतान नहीं करना चाहते हैं, तो रेस्तरां में प्रवेश न करें। यह अंतत: इच्छा पर निर्भर करता है। दिशानिर्देशों के पैरा-सात पर रोक लगाई जाती है, जिसमें इन दो शर्तों का उल्लेख किया गया है। सीसीपीए के वकील ने अदालत से कहा कि रेस्तरां और होटलों का सेवा शुल्क वसूलना उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत अनुचित कारोबारी व्यवहार है। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 नवंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। एनआरएआई ने अपनी याचिका में दावा किया था कि चार जुलाई के आदेश के तहत लगाई गईं पाबंदियां मनमानी व गैर-जरूरी हैं और इन्हें रद्द किया जाना चाहिए।

# विधाई कामकाज पर अंकुश का प्रयास न करें राहुल: भाजपा

**वित्त मंत्री के स्वस्थ होते ही सरकार महंगाई तथा कुछ आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने जैसे मुद्दों पर चर्चा को तैयार**



**भाषा।** नई दिल्ली

**संसद** के दोनों सदनों में कामकाज बाधित करने का आरोप लगाते हुए भाजपा ने बुधवार को कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के स्वस्थ हो जाने के बाद सरकार महंगाई तथा कुछ आवश्यक वस्तुओं पर माल और सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने जैसे मुद्दों पर चर्चा करने को तैयार है। पार्टी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजनीतिक रूप से अनुपयोगी हो सकते हैं लेकिन उन्हें विधायिका के कामकाज पर अंकुश लगाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। बुधवार को लगातार तीसरे दिन महंगाई सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों में कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही बाधित होने के बाद यह दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। केंद्र सरकार ने आक्रामक रुख अख्तियार करते हुए बुधवार को विपक्षी दलों के हमलों का जवाब देने के लिए अपने तीन केंद्रीय मंत्रियों-पीयूष गोयल, प्रल्हाद जोशी और स्मृति ईरानी को सामने किया तथा इन सभी ने संसद में हंगामे व व्यवधान के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

गोयल और जोशी ने कहा कि महंगाई के मुद्दे पर किसी भी चर्चा का जवाब सीतारमण देंगी लेकिन वह अभी कोविड-19 से संक्रमित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार महंगाई तथा कुछ आवश्यक वस्तुओं पर माल और सेवा कर (जीएसटी) लगाए जाने जैसे मुद्दों पर चर्चा को तैयार है। दोनों नेताओं ने विपक्ष के इन आरोपों को सिरे से खारिज किया कि सरकार इन मुद्दों पर चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से संक्रमित वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के स्वस्थ होने के बाद इन मुद्दों पर चर्चा की जा सकती है।

राज्यसभा में सदन के नेता गोयल ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, लोकतंत्र के प्रति कांग्रेस का रवैया विध्वंसात्मक है। यह (कांग्रेस नेता) जयराम रमेश के उस ट्वीट से भी साबित होता है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कांग्रेस संसद में कामकाज नहीं होने देने में सफल रही है। रमेश ने इससे पहले एक ट्वीट में कहा था, आज सुबह राज्यसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने मूल्य वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर लगाए गए जीएसटी पर तत्काल बहस की मांग की। सरकार ने इससे इनकार कर दिया। सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। मोदी सरकार की जिद जारी है। संसद में कामकाज नहीं हो पा रहा है।

गोयल ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों में प्रतिस्पर्धा चल रही है कि कौन संसद की कार्यवाही अधिक बाधित करेगा। जीएसटी परिषद के फैसले लागू होने के बाद सोमवार से कई खाद्य वस्तुएं महंगी हो गई हैं। इनमें पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही शामिल हैं, जिन पर पांच प्रतिशत जीएसटी देना होगा। विपक्षी दल पांच प्रतिशत जीएसटी वापस लेने की मांग कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि जिस जीएसटी परिषद की बैठक में यह फैसला हुआ था उसमें कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री भी शामिल थे। मध्य प्रदेश और कुछ अन्य राज्यों के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणामों का उल्लेख करते हुए गोयल ने कहा कि जनता ने बता दिया है कि वे किसके साथ हैं। जोशी ने कहा कि कांग्रेस रचनात्मक बहस को तैयार नहीं है बल्कि वह विध्वंसक नुकसान चाहती है। चर्चा के लिए विपक्ष को नियम व प्रक्रियाओं का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष भी चर्चा कराने के पक्ष में हैं।

ईरानी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजनीतिक रूप से अनुपयोगी हो सकते हैं लेकिन उन्हें विधायिका के कामकाज पर अंकुश लगाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अपने राजनीतिक जीवन में गांधी पूर्व में भी संसदीय कार्यवाहियों और परंपरा के प्रति असम्मान दिखा चुके हैं और अब वह लोकसभा कामकाज पर भी अंकुश लगाने पर अड़े हैं। ईरानी ने कहा कि वर्ष 2004 से 2019 के बीच अमेठी के सांसद के तौर पर राहुल गांधी ने संसद में एक भी प्रश्न नहीं उठाया और जब उन्होंने संसदीय क्षेत्र को छोड़ दिया तथा वायनाड के सांसद बन गए तब लोकसभा में 2019 में शीतकालीन सत्र में उनकी उपस्थिति 40 प्रतिशत से भी कम थी। स्मृति ईरानी ने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने सदन में कभी कोई निजी विधेयक भी पेश नहीं किया। ईरानी ने गांधी की विदेश यात्राओं पर भी कटाक्ष किया और कहा कि यह उनकी अपनी ही पार्टी में चिंता का विषय बन गया है। अपने राजनीतिक जीवन में गांधी पूर्व में भी संसदीय कार्यवाहियों और परंपरा के प्रति असम्मान दिखा चुके हैं और अब वह यह सुनिचित करने के लिए स्वयं को समर्पित कर चुके हैं कि न तो संसदीय कार्यवाही हो और न ही कोई बहस हो।

# सरकार की जिद के चलते संसद में कामकाज नहीं हो पा रहा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कई जरूरी खाद्य वस्तुओं को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाए जाने को लेकर संसद के दोनों सदनों में चल रहे गतिरोध के बीच बुधवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा से भाग रही है और उसकी जिद के कारण संसदीय कामकाज नहीं हो पा रहा है। विपक्षी सदस्य दोनों सदनों में इस विषय और कुछ अन्य विषयों पर चर्चा की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से हंगामा कर रहे हैं जिस कारण कार्यवाही बाधित हुई है।

राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, नियम 267 के तहत चर्चा करना जरूरी है, क्योंकि सारा देश देख रहा है कि इस वक्त सभी पार्टियों के लोग संसद में किस तरह से हमारी समस्याओं को उठाएंगे। लोगों की हमसे अपेक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी के विषय पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, आज सुबह राज्यसभा में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने मूल्य वृद्धि और खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी पर तत्काल बहस की मांग की। सरकार ने इससे इनकार कर दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया, मोदी सरकार की जिद जारी है। संसद में कामकाज नहीं हो पा रहा है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया, भयंकर महंगाई के बीच गृहस्थी को चाहिए थी संजीवनी। भाजपा सरकार ने आटा, अनाज, मूड़ी (लाई), गुड़, दही पर गृहस्थी सत्यानाश टैक्स (जीएसटी) लगाकर महंगाई का बोझ और बढ़ा दिया। नरेंद्र मोदी जी खर्चा बढ़ा रहे हैं और संसद में चर्चा से कतरा रहे हैं। क्या महंगाई पर चर्चा करना 'असंसदीय' है? जीएसटी परिषद के फैसले लागू होने के बाद सोमवार से कई खाद्य वस्तुएं महंगी हो गईं। पहले से पैक और लेबल वाले खाद्य पदार्थ जैसे आटा, पनीर और दही शामिल हैं।



हरिद्वार में हर की पैड़ी घाट पर पवित्र गंगा जल भरने के लिए जुटी कांवरियों की भीड़

## रेलवे ने चीनी कंपनी से पहिए खरीदने के लिए दिया ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को बताया कि रेलवे ने चीनी कंपनी ताइयुआन से एलएचबी कोच के लिए 39,000 पहिए खरीदने के लिए ऑर्डर दिया है जो एक यूक्रेनी कंपनी द्वारा प्रस्तावित दर से 1.68 प्रतिशत अधिक है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच मौजूदा युद्ध के संकट के कारण रूस और यूक्रेन की कंपनियों के अनुबंधों के तहत आपूर्तियां प्रभावित हुईं। वैष्णव ने बताया कि इससे पहले यूक्रेन की एक कंपनी को पहियों की आपूर्ति करनी थी लेकिन युद्ध के संकट के कारण आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से उस कंपनी को औपचारिक रूप से खरीद ऑर्डर जारी नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पूर्व में एलएचबी कोच के लिए 30 हजार पहियों के लिए स्वीकारोक्ति पत्र (एलओए) यूक्रेन स्थित विनिर्माता एमएएस केएलडब्ल्यू को जारी किया गया था।

# रतलाम-देवास में भाजपा व रीवा-मुरैना में कांग्रेस जीती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे दौर की मतगणना के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देवास और रतलाम जबकि कांग्रेस ने रीवा और मुरैना में महापौर सीट पर विजय हासिल की। वहीं, कटनी महापौर का पद एक निर्दलीय प्रत्याशी के खाते में गया। प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतगणना बुधवार सुबह नौ बजे शुरू हुई। रीवा में महापौर पद के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार अजय मिश्रा बाबा ने भाजपा उम्मीदवार प्रमोद व्यास को 10,301 मतों के अंतर से पराजित किया। 1999 से मध्य प्रदेश में महापौर पद के लिए प्रत्यक्ष चुनाव की शुरुआत के बाद से रीवा में महापौर पद के लिए कांग्रेस की यह पहली जीत है।

मुरैना में महापौर पद पर कांग्रेस की शारदा सोलंकी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा की मीना मुकेश जाटव को 14,631 मतों के अंतर से पराजित किया। यह नगर निगम मुरैना लोकसभा सीट का हिस्सा है, जिसका प्रतिनिधित्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर करते हैं।

देवास में भाजपा की उम्मीदवार गीता अग्रवाल ने कांग्रेस की विनोदिनी व्यास को 45,889 मतों के अंतर से हराया। भाजपा ने देवास की सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखा है। रतलाम महापौर पद भी भाजपा ने अपने पास बरकरार रखा है। रतलाम से भाजपा के उम्मीदवार प्रहलाद पटेल ने कांग्रेस के मयंक जाट को 8,591 मतों के अंतर से पराजित किया। कटनी में महापौर पद की निर्दलीय उम्मीदवार प्रीति संजीव सूरी ने बड़ा उलटफेर करते हुए अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा की ज्योति दीक्षित को 5,287 मतों के अंतर से हराया। कटनी नगर निगम, खजुराहो लोकसभा सीट का हिस्सा है, जिसका प्रतिनिधित्व मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वी.डी. शर्मा करते हैं। दूसरे चरण के तहत रतलाम, देवास, कटनी, रीवा और मुरैना के पांच नगर निगमों सहित 40 नगर पालिकाओं और 169 नगर परिषदों में

13 जुलाई को मतदान हुआ था। 43 जिलों में फैले इन स्थानीय निकायों में महापौर और पार्षद पदों के चुनाव दलीय आधार पर हुए।

नगरीय निकाय चुनाव के पहले चरण की मतगणना गत रविवार को हुई थी। इसमें भाजपा ने सात सीट पर विजय हासिल की थी जबकि कांग्रेस ने तीन और आम आदमी पार्टी (आप) ने सिंगरौली की एक सीट पर जीत दर्ज की। मध्य प्रदेश में आप की यह पहली जीत थी। आप प्रदेश में पहली दफा नगरीय निकाय चुनाव में उतरी है। इस प्रकार, मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय के दोनों चरणों के चुनाव परिणामों के बाद कुल 16 नगर निगम के महापौर में से भाजपा ने नौ शहरों भोपाल, इंदौर, बुरहानपुर, खंडवा, सतना, सागर, उज्जैन, देवास और रतलाम के महापौर का चुनाव जीता। वहीं, कांग्रेस ने पांच शहरों जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, रीवा और मुरैना नगरों में महापौर का चुनाव जीता। जबकि सिंगरौली में आप और कटनी में निर्दलीय उम्मीदवार विजई रहे। इससे पहले प्रदेश की सभी 16 नगर निगमों पर भाजपा का कब्जा था।

## फडणवीस के सीएमओ का हिस्सा रहे आईएएस गगरानी को शिंदे सरकार में मुख्य भूमिका

**मुंबई।** महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस नीत भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री कार्यालय का हिस्सा रहे आईएएस अधिकारी भूषण गगरानी को बुधवार को नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का अवर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया। आईएएस के 1990 बैच के अधिकारी गगरानी शिंदे नीत सरकार में अवर मुख्य सचिव नियुक्त किए गए हैं। शिंदे ने 30 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। गगरानी शिवसेना-भाजपा गठबंधन की फडणवीस नीत सरकार (2014 से 2019) में तत्कालीन मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में काम कर चुके हैं। शिंदे नीत सरकार में फडणवीस उपमुख्यमंत्री हैं। गगरानी नवंबर में 2019 में शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बनी महा विकास आघाडी की सरकार में भी कुछ दिनों पर अपने पद पर बने रहे थे। बाद में गगरानी के संबंध में सूचना का अधिकार कानून के तहत सवाल किए जाने पर उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय से हटा दिया गया था।

# केंद्र के मनमाने रवैए के खिलाफ होगी तृणमूल की शहीद दिवस रैली: ममता

**भाषा।** कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि पार्टी की ओर से बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाली वृहद शहीद दिवस रैली केंद्र के मनमाने रवैए के खिलाफ होगी। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बृहस्पतिवार को यहां अपनी शानदार वार्षिक रैली आयोजित करेगी, जो महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद आयोजित होगी।

तृणमूल कांग्रेस (तृकां) महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि इस रैली में में करीब 20 लाख लोग शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस रैली में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विपक्षी एकता को मजबूत करने और अपनी अखिल भारतीय विस्तार योजनाओं की घोषणा कर सकती है।

बनर्जी ने कार्यक्रम स्थल का दौरा करने के बाद कहा, हम इस रैली को शहीदों को समर्पित कर रहे हैं और यह केंद्र के मनमाने रवैए के खिलाफ होगी। तृकां महामारी के कारण पिछले दो साल से अपनी वार्षिक शहीद दिवस रैली का आयोजन आनलाइन माध्यम से कर रही थी।

तृकां सूत्रों के अनुसार इस बात की प्रबल संभावना है कि दूसरी पार्टी खास कर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इस रैली के दौरान पार्टी में शामिल हो सकते हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, कई नेता हमारे साथ संपर्क में हैं। पार्टी अध्यक्ष नीतियों और पार्टी के अखिल भारतीय विस्तार की योजनाओं के बारे में बोलेंगी। वह अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर संदेश भी देंगी।



सूरत में 15 अगस्त पर लोगों को बांटने के लिए झण्डे तैयार करते कारीगर

## कुशवाहा ने अग्निवीरों से जाति विवरण मांगने संबंधी रक्षा मंत्री राजनाथ के बयान को कुतर्क बताया

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अग्निवीर उम्मीदवारों से जाति विवरण मांगे जाने संबंधी बयान को बुधवार को खारिज कर दिया। राजनाथ सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए मंगलवार को कहा था, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह एक अफवाह है। आजादी से पहले जो (भर्ती) व्यवस्था थी, वह अब भी जारी है और उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। सिंह के स्पष्टीकरण से असहमत दिखे कुशवाहा ने ट्वीट कर कहा, सवाल यह नहीं है कि सेना में जाति-धर्म जानने की प्रथा की शुरुआत कब से हुई। सीधा सा सवाल तो यह है कि आखिर इसका औचित्य व प्रसांगिकता ही क्या? अगर अप्रासंगिक परंपरागत कानूनों को समाप्त किया जा सकता है तो परंपरा के नाम पर इसे बनाए रखने का कुतर्क क्यों।

## क्विक न्यूज

### कॉलेजियम ने 21 न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न अदालतों में पदोन्नत करने की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने 21 न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न उच्च न्यायालयों में बतौर न्यायाधीश पदोन्नत किए जाने की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने सात न्यायिक अधिकारियो को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय मे न्यायाधीश के तौर पदोन्नत करने के प्रस्ताव की बुधवार को सिफारिश की। कॉलेजियम मे न्यायमूर्ति रमण के अलावा न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति ए. एम.खानविलकर भी शामिल हैं। जिन न्यायिक अधिकारियो की पदोन्नति की सिफारिश की गई है, उनमें ए. वेंकट रवीन्द्र बाबू, वी. राधाकृष्णन कृपा सागर, श्यामसुन्दर बंडारू, श्री श्रीनिवास वुटुकुरु, बोपन्ना वराह लक्ष्मी नरसिम्हा चक्रवर्ती, टी. मल्लिकार्जुन राव और दुप्पला वेंकट रमण शामिल हैं। कॉलेजियम ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लिए जिन नौ न्यायिक अधिकारियों को पदोन्नति की सिफारिश की है, उनमें रेणु अग्रवाल, मोहम्मद अजहर हुसैन इदरिशी, राम मनोहर नारायण मिश्रा, ज्योत्सना शर्मा, मयंक कुमार जैन, शिवशंकर प्रसाद, गजेंद्र कुमार, सुरेन्द्र सिंह-प्रथमा और नलिन कुमार श्रीवास्तव शामिल है। कॉलेजियम ने 19 जुलाई, 2022 को आयोजित बैठक मे कर्नाटक उच्च न्यायालय के लिए पांच न्यायिक अधिकारियो के पदोन्नति की सिफारिश की है। इनमें अनिल भीमसेन कट्टी, गुरुसिद्धैया बसवराजा, चंद्रशेखर मृत्युंजय जोशी, उमेश मंजूनाथभट अडिग और तलकड़ गिरिगौड़ा शिवशंकर गौड़ा शामिल हैं।

### जनगणना में व्यक्तिगत आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए जाते

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद मे कहा कि जनगणना के तहत एकत्र किए गए व्यक्तिगत आंकड़े सार्वजनिक नही किए जाते और न ही उनका उपयोग राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर सहित अन्य कोई डेटाबेस तैयार करने के लिए किया जाता है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के लिखित जवाब मे राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होने कहा कि जो जनगणना 2021 मे होनी थी, उसे कोविड-19 महामारी के प्रकोप के कारण अगले आदेशो तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। राय ने कहा, जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना मे एकत्रित व्यक्तिगत आंकड़े अधिनियम के प्रावधानो के तहत सार्वजनिक नही किए जाते है। व्यक्तिगत आंकड़े का उपयोग राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर सहित अन्य किसी डेटाबेस को तैयार करने के लिए नही किया जाता है। विभिन्न प्रशासनिक स्तरो पर केवल समेकित जनगणना आंकड़े ही जारी किए जाते है। उन्होने कहा कि आगामी जनगणना पहली डिजिटल जनगणना होगी जिसमे स्व-गणना का भी प्रावधान है। आंकड़ो के संग्रह के लिए मोबाइल ऐप्स तथा जनगणना संबंधी विभिन्न गतिविधियो के प्रबंधन और निगरानी के लिए जनगणना पोर्टल विकसित किए गए है। मंत्री ने कहा कि जनगणना मे, जनसांख्यिकीय और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक मापदंडो जैसे कि शिक्षा, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति, धर्म, भाषा, विवाह, प्रजनन क्षमता, विकलांगता, व्यवसाय और व्यक्तियो के प्रवास के संबंध मे आंकड़े एकत्र किए जाते है।

### पश्चिम बंगाल के हावड़ा में जहरीली शराब पीने से छह की मौत

**हावड़ा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले मे कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगो की मौत हो गई और कई अन्य बीमार पड़ गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मौत की वजह हालांकि अभी स्पष्ट नही हुई है लेकिन पुलिस ने शराब की दुकान के मालिक प्रताप करमाकर को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारी ने बताया कि यहां मालीपंचघोरा इलाके मे मंगलवार रात को देशी शराब पीने से कई लोग बीमार पड़ गए। पुलिस अधिकारी ने कहा, बीमार पड़ने वालो में से ज्यादातर लोगो को अस्पताल में भर्ती किया गया है और उनमें से छह की आज सुबह मौत हो गई। मौत का कारण जानने के लिए हम पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे है। हमने दुकान के मालिक को गिरफ्तार कर लिया है और शराब के कुछ नमूनो को रासायनिक परीक्षण के लिए भेज दिया है। बीमार पड़े कुछ लोगो की हालत नाजुक बताई गई है। अधिकारियों ने दुकान को सील कर दिया है। घटना के बाद इलाके के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे है।

### ई-श्रम पोर्टल पर करीब 28 करोड़ असंगठित श्रमिक पंजीकृत

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को संसद मे कहा कि असंगठित श्रमिको के व्यापक राष्ट्रीय आंकड़े तैयार करने के लिए शुरू की गई ई-श्रम पोर्टल पर अब तक करीब 28 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हो चुके है। जनजातीय कार्य राज्यमंत्री रेणुका सिंह सरुता ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा में यह जानकारी दी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने असंगठित श्रमिको का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने के लिए पिछले साल 26 अगस्त को ई-श्रम पोर्टल की शुरुआत की थी। पोर्टल शुरू करने के बाद उसे पंजीकरण के लिए राज्यो को सौंप दिया गया और 14 जुलाई 2022 तक जनजातीय श्रमिको सहित 27.97 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिको को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है।

# भारत के 70% जिलों में मातृ मृत्यु दर संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य से अधिक

**नई दिल्ली।** भारत के 640 जिलों में से 448 में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के तहत निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। भारत में जिला स्तर पर एमएमआर के प्रथम अध्ययन में यह बात सामने आई है। जर्नल पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ में मंगलवार को प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि राज्यों के मामले में अरूणाचल प्रदेश ने सबसे खराब प्रदर्शन किया है। वैज्ञानिकों ने 2017-2019 के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) में दर्ज 61,982,623 जीवित बच्चों की संख्या और 61,169 माताओं की मृत्यु के आंकड़ों का विश्लेषण किया।

एचएमआईएस एक वेब आधारित निगरानी प्रणाली है जिसे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने लगाया है। चूंकि 2011 की जनसंख्या के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया, इसलिए 2022 के 773 जिलों के बजाय केवल 640 जिलों के ही आंकड़ों को लिया गया। शोधकर्ताओं ने कहा, अध्ययन के नतीजों से पता चलता है कि भारत में 70 प्रतिशत जिलों (640 में 448) में एमएमआर 70 से अधिक दर्ज की गई।

मातृ मृत्यु दर प्रति एक लाख जन्म पर प्रजनन या गर्भावस्था की जटिलताओं के चलते होने वाली माताओं की मृत्यु को कहा जाता है। सतत विकास लक्ष्यों के तहत 2030 के लिए एमएमआर 70 निर्धारित किया गया है। भारत का एमएमआर अभी 113 है। अध्ययन में कहा गया है कि मातृ मृत्यु के मामले में विश्व में 15 प्रतिशत माताओं की मौत भारत में हुई। इस मामले में यह नाइजीरिया (19 प्रतिशत) के बाद दूसरे स्थान पर है। मुंबई स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पोपुलेशन साइंसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ पोर्ट्समाउथ, ब्रिटेन और यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने सर्वाधिक एमएमआर अरूणाचल प्रदेश (284) और सबसे कम महाराष्ट्र (40) में पाया।

अध्ययन में मातृ मृत्यु दर पंजाब में 143, छत्तीसगढ़ (144), जम्मू कश्मीर (151), दिल्ली (162), राजस्थान (162), बिहार (164), मध्य प्रदेश (179), लक्षद्वीप (208), उत्तर प्रदेश (208) और असम में 209 पाया गया। अध्ययन के लेखकों ने जर्नल में कहा है, भारत की प्रतिदर्श पंजीकरण प्रणाली ने प्रति एक लाख शिशु के जन्म पर एमएमआर में गिरावट दर्ज की है जो 130 से घटकर 113 हो गई है। शोधकर्ताओं के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और लाहौल-स्पिति जिले में एमएमआर सबसे कम हैं।

## भारत ने चीतों को लाने के लिए नामीबिया के साथ करार किया

**नई दिल्ली।** भारत ने 1952 में विलुप्त घोषित किए जा चुके चीतों को देश में लाने के लिए नामीबिया के साथ बुधवार को एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। पर्यावरण मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अगस्त में नामीबिया से आठ चीतों को भारत लाया जाएगा, जिसमें चार नर और चार मादा चीते होंगे। अधिकारी ने कहा, दक्षिण अफ्रीका के साथ भी बातचीत चल रही है। मंजूरी मिलते ही उसके साथ भी सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। दुनिया के सबसे तेज दौड़ने वाले पशु चीतों को मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कुनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में रखा जाएगा। चीते भारत से पूरी तरह विलुप्त हो चुके हैं। इसका मुख्य कारण अधिक शिकार किया जाना और रहने के लिए जगह का न होना बताया जाता है। आखिरी बार 1948 में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के साल वनों में एक मृत चीता पाया गया था।

# गो फर्स्ट के दिल्ली से गुवाहाटी जा रहे विमान की विंडशील्ड में बीच रास्ते में आई दरार

**नई दिल्ली।** गो फर्स्ट के दिल्ली से गुवाहाटी जा रहे विमान की विंडशील्ड में बीच रास्ते में दरार आने के बाद उड़ान का मार्ग बदल कर उसे जयपुर ले जाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह विमान ए-320 नियो मॉडल है और गत दो दिनों में गो फर्स्ट के विमानों में तकनीकी गड़बड़ी की यह तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए तीनों घटनाओं की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि पायलटों ने विमान के विंडशील्ड में जब दरार देखी तो वे दिल्ली लौटना चाहते थे, लेकिन बुधवार दोपहर को भारी बारिश की वजह से ऐसा नहीं कर सके। उन्होंने बताया कि इसके बाद ए-320नियो विमान को जयपुर मोड़ा गया।

इस मामले पर प्रतिक्रिया लेने के लिए पीटीआई-भाषा ने विमानन कंपनी से संपर्क किया, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को भी गो फर्स्ट की मुंबई-लेह और श्रीनगर-दिल्ली उड़ान के दौरान विमानों के इंजन में गड़बड़ी पाई गई थी तथा डीजीसीए ने दोनों विमानों के उड़ान भरने पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार की घटना में संलिप्त दो विमानों को डीजीसीए की अनापत्ति के बाद ही दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दी जाएगी।

गो फर्स्ट की वेबसाइट के मुताबिक कंपनी के बेड़े में 57 विमान हैं। गौरतलब है कि गत एक महीने में भारतीय विमानन कंपनियों के विमानों में तकनीकी खामी आने की कई घटनाएं हुई हैं। इसके मद्देनजर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार और मंगलवार के बीच लगातार विमानन कंपनियों, उनके मंत्रालय के अधिकारियों और डीजीसीए के साथ कई दौर की बैठकें की हैं।

# पुतिन को यूक्रेन मुद्दे पर ईरान से मिला समर्थन



**एपी। तेहरान**

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ईरान की यात्रा पर हैं जहां उन्हें यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के कदम पर पुरजोर समर्थन मिला और देश के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने कहा कि पश्चिमी देश स्वतंत्र और मजबूत रूस के खिलाफ हैं। खामनेई ने कहा कि अगर रूस ने यूक्रेन में सेना नहीं भेजी होती तो उसे उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) बलों के हमले का सामना करना होता। खामनेई का यह बयान पुतिन के अपने बयान से काफी मेल खाता है और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों का सामना कर रहे दोनों देशों के बीच नजदीकी का संकेत देता है।

नाटो सहयोगियों ने पूर्वी यूरोप में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाई है और रूस के हमले का सामना करने के लिए यूक्रेन को हथियार मुहैया कराए हैं। रूस के आक्रमण के बाद से पुतिन की विदेश की यह दूसरी यात्रा है और इस दौरान उन्होंने ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोगन से भी मुलाकात की। इस दौरान नेताओं के बीच सीरिया में जारी संकट तथा वैश्विक खाद्य संकट को दूर करने के लिए यूक्रेन से अनाज के निर्यात को दोबारा शुरू करने के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। एर्दोगन के साथ मुलाकात के दौरान पुतिन ने यूक्रेन अनाज निर्यात संबंधी समझौता करने में मदद करने के वास्ते उनका आभार व्यक्त किया। पुतिन ने कहा, सभी मुद्दे हल नहीं हुए है लेकिन कुछ प्रगति हुई जो अच्छी बात है।

## यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले दक्षिण हिस्से में एक अहम पुल को निशाना बनाया

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने रूस के कब्जे वाले दक्षिण यूक्रेन में आपूर्ति मार्ग के लिए अहम एक पुल पर हमला कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। क्षेत्रीय अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं, रूस द्वारा यूक्रेन के पूर्वोत्तर हिस्से में की गई गोलाबारी में 13 वर्षीय एक किशोर सहित कई आम नागरिक मारे गए हैं। रूस के कब्जे वाले दक्षिण यूक्रेन के खेरसॉन इलाके में मॉस्को समर्थित प्रशासन के प्रमुख किरिल स्ट्रेमोसोव ने कहा कि यूक्रेन की सेना ने नीपर नदी पर बने पुल पर मिसाइलों से हमले किए जिनमें से 11 मिसाइल पुल पर गिरी। इंटरफैक्स समाचार एजेंसी ने उनके हवाले से बताया है कि करीब 1.4 किलोमीटर लंबे पुल को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन उसे यातायात के लिए बंद नहीं किया गया है। यह पुल खेरसॉन इलाके में नीपर नदी को पार करने का प्रमुख रास्ता है और इसके नष्ट होने से रूस को इलाके में लड़ रहे अपने सैनिकों को सामान की आपूर्ति जारी रखने में मुश्किल आएगी।

## अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में समलैंगिक विवाह विधेयक पारित

**वाशिंगटन।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने समलैंगिक और अंतरनस्लीय विवाह को सुरक्षा देने वाले एक विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक ऐसे वक्त पारित किया गया है जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात से जुड़े अधिकार को समाप्त कर दिया है और आशंका है कि वह अन्य अधिकारों पर भी इस प्रकार के कदम उठा सकती है। विधेयक रिस्पेक्ट फॉर मैरिज एक्ट को लेकर हुई चर्चा में डेमोक्रेटिक सांसदों ने संघीय कानून में विवाह समानता के पक्ष में मजबूत तर्क दिए वहीं रिपब्लिकन सांसदों ने समलैंगिक विवाहों का खुल कर विरोध किया। इन सांसदों ने देश के सामने चल रहे अन्य मुद्दों के समक्ष इस मामले को गैरजरूरी करार दिया। रिपब्लिकन पार्टी के 47 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया। रिपब्लिकन सदस्य एम जोन्स ने कहा, मेरे लिए यह व्यक्तिगत बात है। राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने विवाह विधेयक के पक्ष में एक बयान जारी किया।

# भारतीय सेना प्रमुख जनरल पांडेय ने शेख हसीना से शिष्टाचार भेंट की

**भाषा। ढाका**

**भारतीय** सेना प्रमुख मनोज पांडेय ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से उनके आधिकारिक आवास पर शिष्टाचार भेंट की और अपनी पहली यात्रा के दौरान शीर्ष सैन्य कमांडरों के साथ बातचीत की। भारतीय सेना प्रमुख जनरल पांडेय अपने बांग्लादेशी समकक्ष जनरल एस एम शफीउद्दीन अहमद के निमंत्रण पर बांग्लादेश की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने मंगलवार को ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, एडीसी, सीओएएस सेना ने बांग्लादेश की माननीय प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। उच्चायोग ने कहा, उन्होंने रक्षा सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज, मीरपुर का दौरा किया और सशस्त्र बल युद्ध पाठ्यक्रम के प्रशिक्षु अधिकारियों और फैकल्टी के लिए भारत के सुरक्षा परिप्रेक्ष्य पर एक व्याख्यान दिया। इससे पहले, जनरल पांडेय ने रक्षा सेवा कमान और स्टाफ कॉलेज, मीरपुर में सशस्त्र बल युद्ध पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं और अधिकारियों के लिए भारत के सुरक्षा परिप्रेक्ष्य पर व्याख्यान दिया। सेना प्रमुख ने बांग्लादेश इंस्टीट्यूट ऑफ़ पीस सपोर्ट एंड ऑपरेशन ट्रेनिंग के सदस्यों के साथ भी संवाद किया, जो संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के लिए बांग्लादेश के शांति सैनिकों को प्रशिक्षण देने वाला एक प्रमुख संस्थान है। भारतीय सेना प्रमुख जनरल पांडेय के साथ उनकी पत्नी अर्चना पांडेय और तीन सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। जनरल पांडेय धनमंडी में बंगबंधु स्मारक संग्रहालय में बांग्लादेश के राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को श्रद्धांजलि देंगे। वह विभिन्न सैन्य स्टेशनों का दौरा भी करेंगे।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में नेताओं को प्रभावित करने संबंधी खबरें निराधार : भारत

● स्थिरता और आर्थिक सुधार के लिए श्रीलंका के लोगों के प्रयास का समर्थन करना जारी रखेगा भारतः उच्चायोग

**भाषा। कोलंबो**

**भारत** ने श्रीलंका में राष्ट्रपति चुनाव में द्वीपीय देश के नेताओं को राजनीतिक स्तर पर प्रभावित करने संबंधी खबरों को निराधार और कोरी अटकलें करार देते हुए बुधवार को साफ शब्दों में कहा कि वह किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप नहीं करता है। कार्यवाहक राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को बुधवार को संसद द्वारा श्रीलंका का नया राष्ट्रपति चुना गया। इससे पहले श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति एवं विक्रमसिंघे के पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे देश छोड़कर चले गए और अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन को लेकर उनकी सरकार के खिलाफ जनता के विद्रोह के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने कई ट्वीट करके कहा, हमने श्रीलंका की संसद में राष्ट्रपति चुनाव के संबंध में श्रीलंकाई नेताओं को प्रभावित करने के भारत के राजनीतिक स्तर पर प्रयासों के बारे में मीडिया में निराधार और कोरी अटकलों वाली खबरें देखी हैं। उच्चायोग ने ट्वीट में कहा, (हम) मीडिया की इन खबरों को पूरी तरह से झूठा करार देते हैं। वे स्पष्ट रूप से किसी की कल्पना पर आधारित हैं। छह बार देश के प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे (73) को 225 सदस्ईय सदन में 134 सदस्यों के मत हासिल हुए, वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी डलास अल्हाप्पेरुमा को 82 मत मिले। वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को महज तीन वोट मिले। नए राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के बाकी कार्यकाल को पूरा करेंगे जो नवंबर 2024 में समाप्त होगा।वहीं भारत ने बुधवार को कहा कि वह लोकतांत्रिक तरीकों एवं मूल्यों, स्थापित लोकतांत्रिक संस्थाओं तथा संवैधानिक ढांचे के जरिए स्थिरता और आर्थिक सुधार से संबंधित श्रीलंका के लोगों के प्रयास का समर्थन करना जारी रखेगा। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग का यह बयान श्रीलंकाई संसद द्वारा अनुभवी नेता रानिल विक्रमसिंघे को गोटबाया राजपक्षे के उत्तराधिकारी के रूप में चुने जाने के कुछ घंटों बाद आया है।



कोलंबो में राष्ट्रपति कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते लोग

## पीएम पद की दौड़ के अंतिम चरण में पहुंचे ऋषि सुनक, 137 मतों के साथ लिज ट्रस से आगे

**लंदन ।** ऋषि सुनक ने बुधवार को बोरिस जॉनसन की जगह लेने की दौड़ के अंतिम चरण में जगह बना ली और अब पार्टी तथा प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व संभालने के लिए उनका मुकाबला विदेश मंत्री लिज ट्रस से होगा। सुनक ने टोरी सांसदों के पांचवें और अंतिम दौर के मतदान में 137 मतों से जीत हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर रहीं ट्रस को 113 सांसदों का समर्थन मिला। वहीं, व्यापार मंत्री पेनी मोर्डौंट 105 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

PUBLIC NOTICE
LOST OF DOCUMENTS
To be known to all that I, **SUNDER SINGH S/o Sh. Amar Singh, R/o F-16, Rajouri Garden, Delhi-110027**, have lost his original property Document i.e. Demand Letter and Possession Letter in respect of the Property Bearing No.- **16, TRANSPORT CENTRE, NEW ROHTAK ROAD, NEW DELHI** have been lost, an NCR Vide LR No: 610311/2022 against this effect has been lodged in Crime Branch Police Station Delhi.
Any person claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with the above named person at above address within **15 days** from the date of publication of this notice.

PUBLIC NOTICE
It is hereby notified to the general public by this public notice that Mr. Gautam Malhotra S/o Shri Shiv Kumar Malhotra R/o N-25, Rajouri Garden, New Delhi-110027, had become owner of movable and immovable properties as per the details mentioned in the will dated **23-12-2020,** executed by his cousin sister Rubinder Kaur **(deceased on 18/06/2022),** D/o Captain Mehar Singh age **61 years** R/o 117, Central Avenue, Sainik Farms, Khanpur, New Delhi-110062.
This public notice is being given so that, if anyone has any abjection on the same may contact the undersigned, Gautam Malhotra, N-25, Rajouri Garden, New Delhi-110027
Sd/-
Bharat Kumar, Advocate.
Date:-20/07/2022 D/1705/2019

सार्वजनिक सूचना
सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड, 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC, C-Block मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034 DCS नियम 2007 की धारा 19(2) कर अनुसरण करते हुए जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वप्रिय महाजन CGHS लिमिटेड (Regd. No. 1384) के निम्न सदस्यों ने सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है 1. श्रीमती विभा सिंह (M.No.523) 2. श्री हितेश (M.No.623) 3. सुश्री सिमरन (M.No.624). इन तीनों को इनकी सभी जमा राशी account payee चैक द्वारा लौटा दी गयी हैं,यदि किसी को भी कोई आपत्ति हो तो RCS, Parliament Street, New Delhi या सोसायटी आफिस 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC, C-Block मार्केट,सरस्वती विहार, पीतमपुरा,दिल्ली-110034 में इस नोटिस के छपने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कराए।
प्रेजिडेंट-सर्वप्रिय महाजन CGHS लिमिटेड

# एनसीएलटी ने दिया फ्यूचर रिटेल के खिलाफ दिवाला कार्रवाई का आदेश

● अमेजन की आपत्ति खारिज की

● आईबीसी के तहत बैंक ऑफ इंडिया की अपील को किया स्वीकार

**भाषा। मुंबई**

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने बुधवार को कर्ज में डूबी फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) के खिलाफ दिवाला समाधान कार्वाई शुरू करने का आदेश दिया। साथ ही न्यायाधिकरण ने इस बारे में अमेजन की आपत्ति को खारिज कर दिया। न्यायाधीश पी एन देशमुख और श्याम बाबू गौतम की पीठ ने कहा कि वह एफआरएल के खिलाफ दिवाला समाधान कार्वाई शुरू करने के लिए दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा सात के तहत बैंक ऑफ इंडिया की अपील स्वीकार कर रही है।

धारा सात वित्तीय कर्जदाताओं को चूककर्ता कंपनियों के खिलाफ दिवाला कार्वाई शुरू करने की अनुमति देने से संबंधित है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने फ्यूचर रिटेल लि. (एफआरएल) के लिए अंतरिम समाधान पेशेवर के रूप में विजय कुमार अय्यर को नियुक्त किया। न्यायाधिकरण ने बीओआई की याचिका को लेकर अमेजन की आपत्ति को भी खारिज कर दिया। एकबारगी पुनर्गठन योजना के तहत एफआरएल के 3,495 करोड़ रुपए का भुगतान करने में विफल रहने के बाद बीओआई ने न्यायाधिकरण के समक्ष याचिका दायर की थी।

फ्यूचर समूह का रिलायंस के साथ प्रस्तावित सौदे का भी अमेजन ने विरोध किया था। बाद में सौदा रद्द कर दिया गया। बीओआई के वकील रवि कदम ने दिवाला कार्वाई शुरू करने के लिए आवेदन देते हुए कहा था कि बैंकों का समूह याचिका का समर्थन कर रहा है और कंपनी की संपत्तियों के संरक्षण के लिए जरूरी है कि न्यायाधिकरण याचिका स्वीकार करे। वहीं अमेजन ने 12 मई को दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता की धारा 65 के तहत इस मामले में हस्तक्षेप को लेकर अपील दायर की थी। अमेजन ने कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्वाई का विरोध करते हुए कहा था कि बैंक ऑफ इंडिया और एफआरएल के बीच साठगांठ है। अमेजन ने कहा था कि अभी इस मामले में दिवाला कार्वाई शुरू करना उसके अधिकारों के साथ समझौता होगा।

# केवाईसी सत्यापन करने वाली उप एजेंसियों के लिए दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बुधवार को अपने ग्राहक को जाने (केवाईसी) उद्देश्य से आधार सत्यापन सेवाओं को लेकर केवाईसी सत्यापन एजेंसियों द्वारा नियुक्त इकाइयों (सब-केवाईसी यूजर एजेंसी) के लिए निर्देश जारी किए। सरकार ने पिछले सप्ताह भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की आधार सत्यापन सेवाओं के उपयोग को लेकर केवाईसी सत्यापन एजेंसियों की तरफ से नियुक्त 155 इकाइयों को अधिसूचित किया था। इसके बाद सेबी ने निर्देश जारी किया है।भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि इन इकाइयों को केवाईसी सत्यापन एजेंसियों (केयूए) के साथ समझौता करना होगा और यूआईडीएआई के पास उप-केयूए के रूप में पंजीकरण कराना होगा। इसके अलावा, उप-केयूए को समय-समय पर यूआईडीएआई की तरफ से निर्धारित प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा। नियामक ने कहा, केयूए केवाईसी के संदर्भ में आधार सत्यापन सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर इन इकाइयों को उप-केवाईसी सत्यापन एजेंसियों को जोड़ने के लिए चीजें सुगम बनाएंगे।

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client i.e. HDFC Bank Ltd. that Mr. Neeraj Jain is the owner of Plot No. 77 situated in the layout plan of Vardhman CHBS Ltd. Situated at Arihant Nagar, Village Madipur, Punjabi Bagh, Rohtak Road, New Delhi vide a Relinquishment Deed dated 27.06.2018, Registration No. 4027 has lost/misplaced SMC Certificate stating legal heirs of late Mr. Raj Kumar. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सार्वजनिक सूचना
ये आम जनता को सूचित किया जाता है की आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा कविता को आई कार्ड जारी किया गया या जो दिनांक 18.07.2022 से लापता है जिनका क्रमांक (2225157) यदि किसी व्यक्ति को यह कार्ड मिलता है तो कृपया इसे The Manager Debt Services & Management Group, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस डी टावर, सैक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली-85 को वापस कर दिया जाये। आईसीआईसीआई बैंक के सभी ग्राहकों को ये सूचित किया जाता है की यदि कोई व्यक्ति जो इस क्रमांक (2225157) का आई कार्ड प्रयोग कर आप से भुगतान मांगता है तो वह अनाधिकृत होगा : कृपया यह सुनिश्चित कर ले की अगर कोई भी व्यक्ति इस आई कार्ड धारक को किसी भी प्रकार का भुगतान करता है तो वह अपने जोखिम पर करेगा तथा इस के लिए आईसीआईसीआई बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।
दिनांक: 21/07/2022
स्थान: दिल्ली For आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

PUBLIC NOTICE
It Is Brought To The Notice Of All Concerned That My Client Mrs. Jasreen Kaur Wife Of Mr. Ranjot Singh R/o House No. F-406 Sarita Vihar, New Delhi Having Intended To Purchase The Entire Residential Properties Bearing No(S). House No. 308 & House No. 309, Situated In Sector-21-A, Faridabad Haryana With All Construction, Fitting, Furniture And Fixtures From The Owners Shri Prashant Pandey S/o Dr. Narendra Kumar Pandey . However Original Documents of Property No. 309, Sector-21A, Faridabad are not available as same Have Been Lost/Misplaced By The Previous Owners, Due Intimation Has Already Been Given To The Concerned Police Station And Concerned Government Authority Inclusive Of HUDA/HSVP, Faridabad. In View Of This Any Persons(S) Claiming Any Right Or Interest Or Claim On The Aforesaid Properties Or Any: Part Thereof, By Way Of Any Document Of Any Nature Inclusive Of Not Limited To Sale Exchange, Agreement, GPA, MOU, Family Settlement, Award, Court Order, Mortgage, Lease, Sub-Lease, Gift, Trust, Inheritance, Bequest, Possession, Lien, Easement Or Otherwise, Is/Are Hereby
Required To Communicate The Same In Writing Alongwith Copies Of All Documents To Support His/Her Claims/Right/Interest In any of The Aforesaid Property To The Undersigned At His Office Within 7 (Seven) Days From The Date Hereof , As Otherwise The Said Sale/Transfer Will Be Completed Without Any Reference Or Regard To Any Such Purported Claim Or Interest, Which Shall Be Deemed To Have Been Waived For All Intents And Purposes.
DILIP KUMAR RANA ADVOCATE
C-124-B, Greater Kailash-I
New Delhi-110048

PUBLIC NOTICE
It is to inform to the public at large that **Mr. Anil Kumar S/o. Late Mr. Mahender Singh Dahiya** who is owner of the Property bearing No.4/44, area admeasuring 250 Sq. Yards, carved out of Khasra No.44/10, situated in the revenue estate of Village Nangloi Jat, and the abadi is known as Ashok Mohalla, Delhi; vide Relinquishment Deed dated 16.07.2012 (vide Document No. 3861, registered at Sub-Registrar, IIA, Punjabi Bagh, Delhi) and same to be finance & mortgage by **Vastu Housing Finance Corporation Limited.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim / right / title / interest / creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc.
Lucem Legal LLP
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

# सेंसेक्स 630 अंक और चढ़ा, निफ्टी 16,500 के पार

**भाषा। मुंबई**

**घरेलू** शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स करीब 630 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 16,500 अंक के ऊपर पहुंच गया। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच आईटी, तेल एवं गैस तथा धातु शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 629.91 अंक यानी 1.15 प्रतिशत उछलकर 55,397.53 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 862.64 अंक तक चढ़ गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 22 लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 180.30 अंक यानी 1.10 प्रतिशत मजबूत होकर 16,520.85 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में खरीदारी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पूंजी प्रवाह से भी धारणा मजबूत हुई। सरकार के पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाए जाने से तेल खोज और उत्पादन तथा रिफाइनरियों से संबंधित शेयरों में अच्छी मांग रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.47 प्रतिशत और ओएनजीसी का चार प्रतिशत चढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम में नरमी के मद्देनजर सरकार ने बुधवार को पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन तथा कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती की। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के सहायक उपाध्यक्ष (बुनियादी शोध) रोहित खत्री ने कहा, यह कदम निश्चित रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी और ऑयल इंडिया जैसी कंपनियों के लिए सकारात्मक है। अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती का मतलब है कि इन कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा...। सेंसेक्स के शेयरों में टेक महिंद्रा सबसे ज्यादा 3.84 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक में 3.08 प्रतिशत, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज 2.89 प्रतिशत, इन्फोसिस में दो प्रतिशत की तेजी आई। भारतीय स्टेट बैंक 2.13 प्रतिशत, एचयूएल 1.55 प्रतिशत, विप्रो 1.63 प्रतिशत मजबूत हुए।

दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा सर्वाधिक 1.81 प्रतिशत नीचे आया। सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक और एशियन पेंट्स में भी गिरावट आई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उत्साहजनक संकेतों से घरेलू शेयर बाजार में तेजी आई। निर्यात शुल्क और अप्रत्याशित लाभ कर में कमी से तेल उत्पादकों की धारणा मजबूत हुई। अमेरिकी शेयर बाजार में कल की तेजी के बाद एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था।

SUNLOC

सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
ई-मेल : info@sunilhealthcare.com, वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु पृथक्कृत एवं समेकित अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत 3 माह समाप्त 30.06.2022 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत 3 माह समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित (नोट 3 देखें) | पृथक्कृत 3 माह समाप्त 30.06.2021 अलेखापरीक्षित | पृथक्कृत वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित | समेकित 3 माह समाप्त 30.06.2022 अलेखापरीक्षित | समेकित 3 माह समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित (नोट 3 देखें) | समेकित 3 माह समाप्त 30.06.2021 अलेखापरीक्षित | समेकित वर्ष समाप्त 31.03.2022 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3,441.64 | 3,138.60 | 2,641.67 | 11,792.71 | 3,432.32 | 3,253.25 | 2,680.28 | 12,083.96 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 610.00 | 550.55 | 37.09 | 957.11 | 582.43 | 566.43 | 31.81 | 926.47 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहल (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 610.00 | 550.55 | 37.09 | 957.11 | 582.43 | 566.43 | 31.81 | 926.47 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 446.75 | 386.77 | 27.50 | 677.68 | 418.50 | 401.07 | 20.84 | 642.06 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | 446.75 | 380.80 | 27.50 | 671.71 | 407.38 | 386.49 | 14.60 | 623.76 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/-प्रत्येक) | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 | 1,025.48 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्य संचेय छोड़कर) जैसाकि पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शाया गया है | - | - | - | 4,453.49 | - | - | - | 3,970.01 |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (असाधारण मदों के बाद) (रू. 10/- प्रत्येक का) | | | | | | | | |
| | (क) मूल (रू.) | 4.36 | 3.71 | 0.27 | 6.55 | 3.97 | 3.77 | 0.14 | 6.08 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 4.36 | 3.71 | 0.27 | 6.55 | 3.97 | 3.77 | 0.14 | 6.08 |

नोट्स :
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। समाप्त तिमाही/वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर तथा कम्पनी की वेबसाइट (www.sunilhealthcare.com) पर उपलब्ध है।
2. चूंकि कम्पनी का व्यवसाय एकल प्राथमिक व्यवसाय खण्ड नामतः कैप्सूल की बिक्री के अंतर्गत आता है, अतः कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के साथ पठित तदधीन जारी प्रासंगिक नियमों के तहत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानक (आईएनडी एएस-108) "प्रचालन खण्ड" के प्रकटीकरण की आवश्यकता लागू नहीं है।
3. 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष हेतु लेखापरीक्षित आंकड़ों तथा पूर्व वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक के लिए प्रकाशित वर्षाद्यतन अवधि के आंकड़ों के बीच संतुलनकारी आंकड़े हैं।
4. पूर्व अवधियों के आंकड़े, जहां कहीं आवश्यक है, उन्हें चालू अवधि वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किए गए हैं।
5. उपरोक्त परिणामों का पुनरीक्षण लेखापरीक्षा समिति द्वारा और अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 20 जुलाई, 2022 को सम्पन्न उनकी संबंधित बैठकों में किया गया था।
स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 20-07-2022
अनिल खेतान
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00759951

# मजदूरों के साथ फिर मसखरी

**●90 श्रमिकों का हक मारकर ठेके पर करा दिया काम ● 3.36 लाख का काम 19 हजार में निपटाया, अवशेष धन में हुई बंदरबांट ●14 दिन के काम को ठेके पर दो दिन में ही पूरा कर दिया गया, दिखा गुरु और चेले का कमाल ●बीडीओ ने कहा-होगी विधिवत जांच, होगा श्रमदान घोषित ●कुदरहा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मेहनौना में तालाब खुदाई का मामला**

**बस्ती।** कुदरहा ब्लॉक का मेहनौना ग्राम पंचायत धीरे-धीरे भ्रष्टाचार का केंद्र बनता जा रहा है। हाल की कुछ घटनाओं ने इस गांव को चर्चा में ला दिया है। लोग सोचने पर मजबूर हो गए हैं, कि क्या कोई ऐसा भी ग्राम पंचायत हो सकता हैं, जिसका संचालन यही वह गांव है, जहांपर बिना कार्ययोजना स्वीकृति के दंबगई के बल पर 500 मीटर से अधिक खेत खलिहान, बागबगीचा को रौंदते और बिजली का पोल उखाड़ते हुए जेसीबी से मिटटी की सड़क बन गई। जिन किसानों और बागमालिकान की संपत्ति बर्बाद हुई, वे सब चिल्लाते रह गए, मगर 'गुरु' और 'चेला' की दंबगई के आगे किसी एक की नहीं चली। बिजली विभाग के जेई ने तहरीर भी दी, मगर यहां पर भी 'गुरु' और 'चेला' सामने आ गए। अभी यह मामला चल ही रहा था कि एक और मनमानी का मामला सामने आ गया। तालाब की खुदाई के लिए तीन लाख 36 हजार का स्टीमेट भी बना, मगर धन का दुरुपयोग करने की नीयत से जो काम मनरेगा श्रमिकों से कराना चाहिए था, उसे ठेके पर मात्र 19 हजार में खुदाई करवा डाली। तकनीकी सहायक सुरेंद्र सिंह ने भी बिना मौका देखे गुरु और चेले के दबाव में आकर एमबी भी कर दिया। भुगतान की प्रक्रिया होने ही वाली थी कि गांव के पूर्व सैनिक शिवधारी पाल ने इसकी शिकायत बीडीओ से कर दी। बीडीओ ने आगे की प्रकिया रोक दी। इस तालाब पर हुए काम को श्रमदान घोषित करने की मांग उठने लगी। इस पर बीडीओ ने कहा कि इसकी विधिवत् जांच होगी और आवष्यकता पड़ी तो श्रमदान भी घोषित कर दिया जाएगा। वैसे इस पूरे मामले में सबसे अधिक दोषी तकनीकी सहायक को ही माना जा रहा है, और कार्रवाई भी इन्हीं के खिलाफ करने की मांग हो रही है।



अगर यह कार्य श्रमदान घोषित हो गया तो घपलेबाजों को एक बड़ा आघात पहुंचेगा और इस देखकर कोई ग्राम पंचायत इस तरह की गड़बड़ी करने से पहले कई बार सोंचेगी। वैसे भी कुदरहा ब्लॉक में श्रमदान घोषित करने की परम्परा दंबगों और राजनैतिक दबाव के चलते समाप्त हो गई, वरना एक भी ऐसा ग्राम पंचायत नहीं होगा जहां पर एक या दो कार्य श्रमदान घोषित करने लायक न हो। वैसे भी श्रमदान घोषित करने की परम्परा जिले से भी खत्म हो गई। शिकायतकर्त्ता का कहना है, कि तरलरब की खुदाई का कार्य कागजों में पहले से ही चल रहा था, जब 13 जुलाई को काम षुरु हुआ और 14 को विरोध होने लगा, तभी आनन-फानन में दस पांच मजदूरों का फोटो काम करते खींच कर रख लिया, ताकि जब कभी जांच हो तो फोटो दिखाया जा सके।


मेहनौना के पूर्व सैनिक शिवधारी पाल ने एक सप्ताह पहले बीडीओ कुदरहा से शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि विध्यांचल पाल के घर के सामने की गडही का आईडी ब्लाक से जारी हुआ। इस कार्य में लगभग 90 मनरेगा श्रमिकों का डिमांड भरा गया था। तीन लाख 36 हजार का स्टीमेट बनाया गया है। लेकिन यह कार्य गांव के मनरेगा श्रमिकों से न कराके गांव के एक ही व्यक्ति को 19 हजार में ठेके पर दे दिया गया। यह कार्य दो से 15 जुलाई तक किया हो जाना था। दो दिन में यह कार्य ठेके पर करा लिया गया। 14 जुलाई को शिकायत होने पर ग्राम प्रधान ने अपने बचाव के लिए कुछ मजदूरों को बुलाकर कार्य समापन के दिन फोटो बनवा लिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि तकनीकी सहायक सुरेंद्र सिंह द्वारा बिना मौका देखे ब्लाक से ही स्टीमेट व एमबी तैयार कर सरकारी धन का बंदरबांट करने वालों का सहयोग किया। शिकायत में कार्य को श्रमदान और विधिक कार्रवाई करने की मांग की गई।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**फ्तेहपुर।** जनपद के मलवाँ विकास खण्ड में शासन के निर्देशन में कृमि से छुटकारा सेहतमंद भविष्य हमारा कार्यक्रम के अंतर्गत 20 जुलाई से शुरू हुए माँप अप दिवस का 25 से 27 तक छूटे हुए बच्चों का चलेगा। कृमि संक्रमण से कुपोषण व खून में कमी होती है। जिसके कारण हमेशा थकावट रहती है। संक्रमण के चलते मानसिक व शारीरिक विकास नहीं होता। कृमि संक्रमण रोकथाम अभियान के तहत नियंत्रण की दवाई (एल्बेंडाजाँल) सभी प्राथमिक स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र जूनियर हाई स्कूल इंटर कॉलेज में निशुल्क खिलाई जाएगी। जिससे छोटे बच्चों में पेट में पढ़ने वाले कीड़े एवं पेट संबंधी सभी समस्याओं से निजात मिलेगी। इसी क्रम में बुधवार को प्राथमिक विद्यालय मलवाँ स्वास्थ विभाग की टीम ने पहुंचकर बच्चों को दवा वितरण की। पीएचसी प्रभारी अरुन द्विवेदी नें बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को प्रत्येक 6 माह पर एक गोली खिलाई जाती है इससे उनके शरीर में कृमि संक्रमण होता है तो वह नष्ट हो जाता है एवं बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार व एनीमिया से मुक्ति मिलती है।

### शाही ईदगाह के सर्वेक्षण के आवेदन का मामला

# तीन माह के भीतर निर्णय का आदेश मथुरा की कोर्ट में पेश



**मथुरा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मथुरा में शाही ईदगाह और जहांआरा की मस्जिद का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा सर्वे कराने के आवेदन और इस मुकदमे में उत्तर प्रदेश सेंट्रल वक्फ बोर्ड की आपत्तियों पर सुनवाई कर तीन महीने के भीतर निर्णय करने संबंधी हाल का आदेश बुधवार को मथुरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में प्रस्तुत किया गया। जिला शासकीय अधिवक्ता संजय गौर ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह ने मामले की अगली सुनवाई की तिथि 16 अगस्त नियत की है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मथुरा में शाही ईदगाह और जहांआरा की मस्जिद का एएसआई द्वारा सर्वेक्षण कराने के आवेदन और इस मुकदमे में उत्तर प्रदेश सेंट्रल वक्फ बोर्ड की आपत्तियों पर सुनवाई कर तीन महीने के भीतर निर्णय करने का आदेश मथुरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत को दिया था। भगवान श्री कृष्ण विराजमान और तीन अन्य लोगों द्वारा दायर याचिका का निस्तारण करते हुए न्यायमूर्ति वी.सी. दीक्षित ने यह आदेश पारित किया था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता आदिश अग्रवाल और शशांक सिंह ने बताया था कि शाही ईदगाह और जहांआरा की मस्जिद का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने के लिए 14 अप्रैल, 2021 को मथुरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में एक आवेदन दाखिल किया गया, लेकिन आज की तिथि तक इस आवेदन पर निचली अदालत द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा था कि इससे व्यथित होकर याचिकाकर्ताओं को मौजूदा याचिका दायर कर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सहमति से मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन समिति द्वारा कथित तौर पर अवैध रूप से खड़े किए गए ढांचे को हटाने के लिए पिछले साल 19 फरवरी को भगवान श्री कृष्ण की ओर से मथुरा के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) की अदालत में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान एवं अन्य बनाम यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड शीर्षक से एक दीवानी मुकदमा दायर किया गया था।

### मंत्रियों और अधिकारियों के आवास पर तैनात

# दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी नदारद

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में मंत्रियों तथा अधिकारियों के आवास पर सुरक्षा में तैनात दो दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मी नदारद मिले हैं। इसे सुरक्षा में बड़ी चूक मानते हुए 26 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अखंड प्रताप सिंह को शहर में लगी गारद की जांच के निर्देश दिए थे, जिसके तहत सिंह ने रात के 11 बजे से लेकर रात के दो बजे तक जांच की। आनंद ने बताया कि इस दौरान 26 सिपाही अनुपस्थित मिले, जिन्हें तत्काल ही लाइन हाजिर कर दिया गया तथा इनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्वाई भी की जा रही है। अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना के आवास पर तथा लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के आवास पर पांच-पांच सिपाहियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मंत्रियों के आवास पर मात्र एक-एक सिपाही तैनात मिला जबकि जिलाधिकारी, जिला न्यायाधीश के आवास तथा कोषागार में भी सिपाही अनुपस्थित मिले हैं। सिंह ने बताया कि जांच के दौरान ड्यूटी से नदारद सिपाही अपने कमरों में आराम करते पाए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे 26 सिपाहियों को सूचीबद्ध करके उनके विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

## सिख विरोधी दंगा जांच के लिए गठित एसआईटी ने पांच और लोग गिरफ्तार

**कानपुर।** सिख विरोधी दंगों के दौरान सामूहिक हत्याओं के मामलों की जांच कर रहे विशेष अनुसंधान दल (एसआईटी) ने एक इमारत में आग लगाने के आरोप में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद हुई हिंसा के सिलसिले में एसआईटी अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) बालेंदु भूषण सिंह की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने बुधवार को किदवई नगर के निराला नगर से यह गिरफ्तारी की। डीआईजी सिंह ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 27 मई, 2019 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी सिख विरोधी दंगों के मामलों की जांच कर रही है और संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने 96 लोगों की पहचान मुख्य संदिग्धों के रूप में की थी, जिनमें से 23 की मौत हो चुकी है। अधिकारी ने कहा कि तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों का विवरण एकत्र किया गया और इससे एसआईटी को अब तक 27 आरोपियों को पकड़ने में मदद मिली है। बुधवार को गिरफ्तार आरोपियों की पहचान किदवई नगर निवासी अनिल कुमार पांडे (61), श्रीराम उर्फ बग्गड़ (65), मुस्तकीम (70), अब्दुल वहीद (61) और इरशाद खान (60) के रूप में हुई है। डीआईजी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी 1984 में दर्जनों अन्य लोगों के साथ मिलकर गुरुदयाल सिंह के घर में आग लगाने के लिए निराला नगर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि गुरुदयाल के घर में किराएदार के रूप में 12 परिवार रहते थे और हमले के दौरान तीन लोगों को जिंदा जला दिया गया था। उन्होंने कहा कि राजेश गुप्ता के रूप में पहचाने गए एक दंगाई की भी दोनों तरफ से चली गोली में मौत हो गई थी। भूषण सिंह ने बताया, हम दिल्ली, पंजाब और राजस्थान में बसे गवाहों के जरिए 96 प्रमुख संदिग्धों की पहचान करने के बाद 11 मामलों की जांच कर रहे हैं।

## मानव वन्यजीव संघर्ष रोक्ने के लिए दुधवा व क्तर्निया में लगेंगी एनाइडर डिवाइस

**बहराइच।** दुधवा टाइगर रिजर्व व कतर्नियाघाट वन्यजीव अभ्यारण से सटे रिहायशी इलाकों में मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम तथा वन्यजीवों को मानव बस्तियों में जाने से रोकने के लिए वन विभाग जंगल तथा रिहायशी इलाकों के बीच खास तरह की ध्वनि व रौशनी विस्तारक, अत्याधुनिक तकनीक से लैस एनाइडर डिवाइस लगाने जा रहा है। दुधवा टाइगर रिजर्व के क्षेत्र निदेशक (फील्ड डायरेक्टर) संजय कुमार पाठक ने बुधवार को पीटीआई-भाषा से बताया कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जंगलों से गांवों को जाने वाले रास्तों पर अभी तक बाड़ लगाई जा रही थी। उन्होंने कहा लेकिन बाड़ ना तो इसका स्थाई हल था और ना ही हाथी, बाघ व तेंदुए सरीखे बड़े जानवरों को बाड़ द्वारा जंगल से बाहर जाने से रोका जा सकता था। उन्होंने बताया कि कयारी नाम की एक भारतीय कंपनी ने इस पर शोध शुरू किया और पांच साल के सघन शोध व परीक्षण के उपरान्त तैयार उपकरण को केरल व उत्तराखंड राज्यों में लगाया गया। पाठक ने बताया केरल व उत्तराखंड के जिन इलाकों में यह उपकरण लगाया गया है वहां इसका प्रभाव 86 फीसदी है। इसे देखते हुए उत्तर प्रदेश के जंगलों में इस उपकरण को लगाने की तैयारी की गई है।

# संबद्धता समाप्ति का आदेश नहीं मानते सीएमओ के स्टेनो

## अपर मुख्य सचिव के आदेश के क्रम में समाप्त की गई संबद्धता

**बस्ती।** ...क्या कभी कहीं सुना होगा कि सीएमओ का आदेष सीएमओ का स्टेनो ही नहीं माने। चूंकि इस कार्यालय में नियम कानून और उच्चाधिकारियों के आदेषों और निर्देषों का कोई मायने नहीं होता। बाबू और स्टेनों वही करते है।, जिनमें उनका हित छिपा रहता है। जिस स्टेनों की सारी कमाई सीएमओ के स्टेनों के रुप में निर्भर हैं, वह स्टेनों इतनी आसानी से कैसे लक्ष्मी को जाने देगा। वही हुआ जो आज तक स्टेनों चाहते रहें है। सालों से अनियमित रुप से मूल तैनाती स्थल से अन्यंत्र अस्पतालों में संबद्ध होने वालों की संबद्धता समाप्त करने का आदेष सीएमओ की ओर से जारी हुआ। पांच लोगों की संबद्धता समाप्त होने का आदेष हुआ, इनमें स्टेनो अनिल कुमार चौधरी की मूल तैनाती महिला अस्पताल में हैं, मगर यह जुगाड़ करके इन्होंने अपना संबद्धीकरण सीएमओ के स्टेनों के रुप में केरा लिया। ताज्जुब हैं, कि इनकी संबद्धता में भी एडी हेल्थ का बताया जा रहा है। क्यों कि तत्कालीन सीएमओ डाक्टर कुषवाहा की सिफारिष पर ही एडी हेल्थ ने इनकी संबद्धता सीएमओ कार्यालय में किया, जबकि नियमानुसार संबद्धता होना ही नहीं चाहिए थी। बहरहाल यह पिछले कई सालों से यह खुद और अपने अधिकारियों के लिए काफी कारगर साबित हो रहे थे, इस लिए कोई सीएमओ या फिर एडी हेल्थ इनकी संबद्धता समाप्त ही नहीं कर रहा था। लेकिन इसी बीच योगी का जब डंडा चला तो इन स्टेनो के साथ एलटी आंनद कुमार श्रीवास्तव इनकी मूल तैनाती सीएचसी मरवटिया, स्टेनो अनिल कुमार चौधरी मूल तैनाती जिला महिला अस्पताल, एनएमएस अख्तर अली मूल तैनाती सीएचसी रुधौली, डेंटल हाईजनिस्ट हरीष गुप्त मूल तैनाती सीएचसी कप्तानगंज एवं एलए अनिल चौधरी इनकी मूल तैनाती राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पोखरा में हैं, की संबद्धता समाप्त कर दी गई है। इतनी आसानी से कहां यह लोग मलाईदार स्थान छोड़ने वाले। स्टेनो ने यह कहते हुए आदेष मानने से इंकार कर दिया कि उनकी संबद्धता एडी हेल्थ ने की थी, इस लिए उनकी संबद्धता एडी हेल्थ ही समाप्त कर सकते है। इसी के साथ अन्य लोगों ने भी आदेष मानने से इंकार कर दिया।

# 76 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं को कैंपस के जरिये मिली नौकरी



**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय का लक्ष्य वर्तमान व भावी शैक्षिक तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में नवीनतम शैक्षिक अनुसंधान व तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए एकेडमिक श्रेष्ठता के नये मापदण्ड स्थापित करना है। आज हर क्षेत्र में अनन्त सम्भावनाऐं उपलब्ध हैं। इन सम्भावनाओं को सच्चाई में बदलकर आज का युवा न केवल स्वयं सफलता के शिखर पर पहुंच सकता हैए बल्कि देश.समाज और मानवता के हित में भी बहुत कुछ कर सकता है। बात है सिर्फ उचित मार्गदर्शन और सही अवसर की। जीएलए विश्वविद्यालय अपने छात्रों व स्कालर्स को सर्वश्रेष्ठ दिशा.निर्देशन तथा आधुनिकतम तकनीकी ज्ञान के साथ.साथ पूरी तरह सही अवसर उपलब्ध कराने को दृढ़.प्रतिज्ञ है। 110 एकड़ के शोर.शराबे से दूरए प्रदूषण मुक्त एवं हरी.भरी भूमि पर स्थापित मथुरा का जीएलए विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश के शैक्षिक इतिहास में सही अर्थों में एक मील का पत्थर है। वर्तमान समय में हर शैक्षणिक संस्था के लिए यह अनिवार्य हो चुका है कि वह अपने सभी छात्रों को उनके चुने हुए पसंदीदा क्षेत्र का आधुनिकतम शैक्षिक.तकनीकी ज्ञान तथा अनुसंधान उपलब्ध कराये। साथ ही उनके मानसिक व रचनात्मक स्तर को भी सर्वश्रेष्ठ ढंग से विकसित करे। जीएलए विश्वविद्यालय ने प्रारम्भ से ही इस तथ्य को अपने स्वैच्छिक तथा आधारभूत सिद्धान्त के रूप में अपनाया है। यही कारण है कि जीएलए विश्वविद्यालय में हर ब्रान्चए हर विषय का पाठ्यक्रम श्रेष्ठता के सभी मापदण्डों पर खरा उतरने के साथ.साथ छात्रों में सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक सोच को भी विकसित करता है। वर्तमान में जीएलए विश्वविद्यालय में 12 हजार से अधिक छात्र इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलोजीए इन्स्टीटयूट ऑफ बिजनेस मैनेजमैन्टए इन्स्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल रिसर्च व इन्स्टीटयूट ऑफ एप्लाईड साईन्सेज एण्ड हयूमिनिटीजए इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज ;विधि संस्थानद्ध में उच्च.स्तरीय शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। संस्थान को अपने 33000 से अधिक पूर्णतया सफल ष्एल्यूमनाई.बेसष् ;पूर्व छात्र.छात्राओंद्ध पर गर्व है।

# दोहरे हत्याकांड में पांच को उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले की एक अदालत ने दो किसानों की लूट के बाद गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार देते हुए बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव शर्मा ने बताया कि 21 अप्रैल 2009 को शामली जिले के झींझाना इलाके से फसल बेचकर ट्रैक्टर से वापस लौट रहे मुजफ्फरनगर निवासी किसान इकराम और अनवर की रास्ते में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्यारों ने उनसे 60 हजार रुपए भी लूट लिए थे। उन्होंने बताया कि जिला सत्र न्यायाधीश सी. प्रकाश ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले के आरोपियों धर्मेंद्र, संजीव, असजद, कैसर और विक्रम को दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 20-20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

**सपा विधायक के भतीजे की 46 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क**

बाराबंकी। बाराबंकी सदर सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक धर्मराज यादव के भतीजे और गैंगस्टर के आरोपी अर्जुन यादव की 46 लाख रुपए की संपत्ति बुधवार को जिला प्रशासन ने कुर्क की। अर्जुन यादव का लगभग सवा करोड़ रुपए मूल्य का मकान भी 10 दिन पहले ही कुर्क किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स ने बताया कि सपा विधायक के भतीजे अर्जुन पर अवैध रूप से मिट्टी खनन करके अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है और उस पर गैंगस्टर अधिनियम के तहत भी कार्यवाही की गई है। बुधवार को जैदपुर थाना क्षेत्र स्थित इनामीपुर गांव में लगभग 24 लाख रुपए तथा देवा क्षेत्र में करीब 22 लाख रूपए की जमीन कुर्क कर ली गई।

**आगरा में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौतः** आगरा।आगरा-झांसी रेलवे लाइन पर मलपुरा क्षेत्र के पास मंगलवार रात को ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, थाना मलपुरा के गांव अजीजपुर निवासी जहूर खान (60) मंगलवार रात करीब आठ बजे किसी काम से घर से निकले थे और वह क्षेत्र के गांव टपरा में आगरा-झांसी रेलवे लाइन पर पहुंच गए। बताया जाता है कि खान ट्रेन के आगे कूद गए, जिससे कटकर उनकी मौत हो गई। इस संबंध में बुधवार को थाना मलपुरा निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# चलती कार के ऊपर गिरा पेड़ बच्चे समेत तीन लोग घायल

**आगरा।** आगरा-जयपुर राजमार्ग पर बुधवार शाम को चलती कार के ऊपर एक पेड़ गिर गया, जिससे कार सवार दंपती और उनका बच्चा घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, पेड़ गिरने के बाद राजमार्ग पर यातायात जाम लग गया। जानकारी के मुताबिक, आगरा-जयपुर राजमार्ग पर फतेहपुर सीकरी की ओर से एक ब्रीजा विटारा कार आ रही थी। थाना मलपुरा क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ होटल के पास बुधवार शाम करीब चार बजे अचानक कार के ऊपर एक पेड़ गिर गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे में कार थाना मलपुरा क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ होटल के पास बुधवार शाम करीब चार बजे अचानक कार के ऊपर एक पेड़ गिर गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे में कार सवार दंपती और बच्चा घायल हो गए। कार सवार पुरुष को गंभीर चोटें आई हैं। तीनों घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद राजमार्ग पर यातायात जाम लग गया। पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया।थाना मलपुरा निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हुए, जिनका उपचार जारी है।

## स्थापना दिवस उपलब्धियों पर विचार करने का सबसे अच्छा समयः नंदिनी





## केक काटकर मनाया गया बैंक आफ बड़ौदा का स्थापना दिवस, प्राइमरी पाठशाला के बच्चों को स्टेशनरी वितरित

**लखनऊ ।** सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बुधवार को अपना 115वां स्थापना दिवस मनाया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के अवसर पर खुर्रमनगर शाखा की वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती नंदिनी शुक्ला ने अपनी टीम के साथ क्षेत्रीय प्राइमरी पाठशाला के बच्चों को स्ट्रेशनरी वितरित किया। इसीक्रम में सांयकाल बैंक परिसर में केक काटकर जश्न मनाया गया और कस्टमर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा के कई सम्मनित ग्राहक भी मौजूदद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ प्रबंधक नंदिनी शुक्ला ने कहा यह एक ऐतिहासिक अवसर है। स्थापना दिवस बैंक की उपलब्धियों पर विचार करने का सबसे अच्छा समय है लेकिन इससे भी अहम् बात यह है कि हमारी निगाहें भविष्य की ओर होनी चाहिए।खुर्रमनगर शाखा ने छह वर्ष में 60 करोड़ कारोबार की उपलब्धि हासिल की है। समारोह में कई ग्रहकों ने विचार रखे और स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।


# बिहार ग्राम पंचायत में भी प्रधान के खाते में पहुंचा मजदूरी का पैसा

## ग्रामीण ने शिकायत करके जांच की मांग उठाई

**पाटन उन्नाव।** नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र में ग्राम प्रधान के खाते में मजदूरी का पैसा ट्रांसफर किये जाने के मामले में कार्रवाई के बाद बुधवार को सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र में भी एक मामला सामने आया। यहाँ पेयजल योजना में मेंटिनेंस के नाम पर मजदूरी का 29 हजार आठ सौ का भुगतान ग्राम प्रधान जगदेई के खाते में किया गया है। इसके अलावा अन्य वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत विकास चंद्र श्रीवास्तव ने राज्यपालए उपमुख्यमंत्रीए एमएलसी आदि से की है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व राज्यपाल समेत अन्य जिम्मेदारों को भेजे पत्र में शिकायतकर्ता विकास चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में लंबे समय से जमे कुछ वीडीओ लगातार वित्तीय अनियमितताएं कर रहे है। इसी वर्ष मई माह में ग्राम पंचायत बिहार में उन्होंने साढ़े चार लाख की गड़बड़ी किये जाने का आरोप लगाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्नाव.लालगंज राजमार्ग का निर्माण कार्य पीएनसी संस्था द्वारा कराया जा रहा है। सड़क खोदाई के दौरान कार्यदायी संस्था ने पेयजल आपूर्ति की पाईपलाइन तोड़ दी थी। इस पर डीएम के निर्देश पर पीएनसी कंपनी ने पाइप लाइन ठीक करवाई थी। लेकिन इसी कार्य के नाम पर ग्राम निधि से साढ़े चार लाख रुपये निकाल लिए गए। शिकायतकर्ता द्वारा बाउचर की छायाप्रति देकर बताया गया कि इस रकम में से दो बार 29 हजार आठ सौ का भुगतान लेवर के नाम पर ग्राम प्रधान जगदेई को किया गया है। शिकायतकर्ता ने डीएम व सीडीओ से बिहार ग्राम पंचायत द्वारा पिछली व चालू पंचवर्षीय में किये गए भुगतानों की जांच कराये जाने की मांग की है।

# वृहद स्तर पर मनेगा चन्द्रशेखर आजाद का जन्म दिवस, डीएम ने की बैठक

**उन्नाव ।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आगामी 23 जुलाई को जनपद उन्नाव में शहीद चन्द्र शेखर आजाद जन्म दिवस को वृहद तरीके से मनाये जाने के उद्देश्य से बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत शहीद चन्द्र शेखर आजाद जन्म दिवस के अवसर पर 750 विद्यार्थियों द्वारा शहीद चन्द्र शेखर आजाद जी की वेशभूषा में रैलीए उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार द्वारा अभिलेख प्रर्दशनीय का आयोजनए विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरणए राज्यललित कला अकादमी द्वारा चित्र कला शिविर का आयोजनए नुक्कड़ नाटक जनपद के सभी विद्यालयों में स्वच्छता अभियान तथा ओज पर आधारित कवि सम्मेलन कराये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने बताया कि 23 जुलाई को शहीद चन्द्रशेखर आजाद जन्म दिवस के अवसर पर जनपद उन्नाव में वृहद्ध कार्यक्रम कराये जाने हेतु आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मनाया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु जनपद उन्नाव में व्यापक जन सहभागिता एवं स्थानीय विभागों के सहयोग से कार्यक्रम कराया जाना है। जिले के विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं कला एवं संस्कृति से जुड़े संगठनों नेहरू युवा केन्द्र एवं स्थानीय स्तर पर सक्रिय अन्य संस्थाओं का सहयोग लेकर कार्यक्रम को वृहद्ध स्तर पर कार्यक्रम को सफल बनाये जाने की रणनीत तैयार की गयी है।बैठक में अपर जिलाधिकारी ;वि0ध्रा0द्ध नरेन्द्र सिंहए नगर मजिस्ट्रेट विजेताए पर्यटन अधिकारी संतोष कुमार सिंहए जिला विद्यालय निरीक्षकए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



उन्नाव में चल रहीं जोरदार तैयारियां

# बिना तनाव के जमकर खेलें, बनाएं नए कीर्तिमान: मोदी

## ● बर्मिंघम मे 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअल संवाद



**भाषा।** नई दिल्ली

**बर्मिंघम** राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे भारतीय खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उनसे बिना किसी तनाव के जमकर खेलने का आग्रह करते हुए कहा कि आजादी के 75वें वर्ष में श्रेष्ठ प्रदर्शन का तोहफा देश को देने के इरादे से खेलें। बर्मिंघम में 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों से प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल बातचीत करके उनका हौसला बढाया। इससे पहले उन्होंने पिछले साल तोक्यो ओलंपिक और पैरालम्पिक खिलाड़ियों से भी बात की थी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जो 65 खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में भाग ले रहे हैं, उनसे मैं यही कहूंगा कि जी भरकर खेलें, जमकर खेलें और बिना किसी तनाव के खेलें। एक पुरानी कहावत है कि कोई नहीं है टक्कर में , कहां पड़े हो चक्कर में इन्हीं तेवरों के साथ खेलें। प्रधानमंत्री ने करीब 45 मिनट तक हुई बातचीत में स्टीपलचेस विनाश साबले से भारतीय सेना में उनके अनुभव के बारे में पूछा तो बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिसा जॉली से गायत्री गोपीचंद और उनकी दोस्ती के बारे में पूछा। उन्होंने हरियाणा की पैरा एथलीट शर्मिला और झारखंड की हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे को प्रतिकूल परिस्थितियों में हार नहीं मानने के उनके जज्बे के लिए सराहा। प्रधानमंत्री मोदी ने भारोत्तोलक अचिंत शिउले से सिनेमा के उनके शौक को लेकर बात की तो साइकिलिस्ट डेविड बैकहम से पूछा कि नाम बैकहम है तो फुटबॉल खेलने का मन नहीं किया। उन्होंने खिलाड़ियों के परिजनों की भी तारीफ करते हुए कहा कि एक खिलाड़ी को बनाने में पूरा परिवार तपस्या करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा, मैदान बदला है, माहौल बदला होगा लेकिन आपका मिजाज नहीं बदला है। आपकी जिद नहीं बदली है। लक्ष्य वही है कि तिरंगे को लहराता देखना है। राष्ट्रगान की धुन को बजते सुनना है और इसलिए दबाव नहीं लेना है। अच्छे और दमदार खेल से अपना प्रभाव छोड़कर आना है। उन्होंने आगे कहा, आप लोग ऐसे समय में राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे हैं जब देश आजादी का 75वां वर्ष मना रहा है। इसी अवसर पर आप श्रेष्ठ प्रदर्शन का तोहफा देश को देंगे, इस लक्ष्य के साथ जब मैदान में उतरेंगे तो सामने कौन है, इस बात से फर्क नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज 20 जुलाई अंतरराष्ट्रीय शतरंज दिवस है और यह एक संयोग है कि 28 जुलाई को बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल शुरू होंगे और महाबलीपुरम में शतरंज ओलंपियाड शुरू होगा यानी आने वाले 10-15 दिन भारतीय खिलाड़ियों के पास अपना दम खम दिखाने का सुनहरा मौका है। उन्होंने कहा कि नीरज चोपड़ा पर देश की विशेष नजर रहने वाली है और अतीत में देश का नाम रोशन कर चुके खिलाड़ियों के लिए नए कीर्तिमान गढने का समय है। उन्होंने कहा, भारतीय खेलों के इतिहास में यह सबसे महत्वपूर्ण कालखंड है। आज खिलाड़ियों का हौसला बुलंद है, ट्रेनिंग बेहतर है और खेलों के प्रति देश में माहौल जबर्दस्त है। आप सभी नए शिखर चढ रहे हैं और नए शिखर गढ रहे हैं। आपका अभूतपूर्व आत्मविश्वास पूरा देश अनुभव कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार हमारी राष्ट्रमंडल खेलों की टीम कई मायने में खास है क्योंकि इसमें अनुभव और नई ऊर्जा का अनूठा संगम है। उन्होंने कहा, इस टीम में 14 साल की अनहत है तो 16 साल की संजना जोशी है और ए बच्चे देश का नाम रोशन करने जा रहे हैं। ए खेलों में नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर नए भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ए युवा खिलाड़ी साबित कर रहे हैं कि भारत का कोना कोना खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है। उन्होंने शॉटपुट खिलाड़ी मनप्रीत कौर का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों को प्रेरणा के लिए बाहर देखने की जरूरत ही नहीं है। उन्होंने कहा, मनप्रीत जैसे अपने साथियों को आप देखेंगे तो जज्बा कई गुना बढ जाएगा। पैरों में फ्रेक्चर के कारण रनर की बजाय वह शॉटपुट में उतरी और उसी खेल में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसी भी चुनौती के सामने पस्त नहीं होना, निरंतर गतिमान रहना और अपने लक्ष्य के लिए समर्पित रहने का नाम ही खिलाड़ी होता है।

### प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से पूछे रोचक सवाल

**नई दिल्ली।** तुम्हारा नाम डेविड बैकहम है तो कभी फुटबॉल खेलने का विचार आया या नहीं। सिनेमा के शौकीन हो तो पदक जीतने पर फिल्में ही देखोगे क्या। स्टीपलचेस खेलने और सेना में रहते सियाचीन में नियुक्ति का कोई संबंध है क्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने जा रहे भारतीय खिलाड़ियों से बुधवार को वर्चुअल बातचीत में उनके अनुभवों और जीवन को लेकर कई रोचक सवाल पूछे। उन्होंने महाराष्ट्र के बीड जिले के स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले से कहा, आप सेना में हैं और आपकी पोस्टिंग सियाचीन में हो चुकी है तो सियाचीन और स्टीपलचेस का कोई संबंध है क्या। नीरज चोपड़ा की तरह आपने वजन कैसे कम किया। इस पर साबले ने कहा, सेना में बहुत कड़ी ट्रेनिंग होती है और उसमें बाधाएं पार करना भी सिखाया जाता है। वहीं से नींव मजबूत हुई। चार साल सेना की ड्यूटी में बहुत कुछ सीखने को मिला। वजन कम करने में भी इसी ट्रेनिंग ने मदद की। अंडमान निकोबार के साइकिलिस्ट डेविड बैकहम से उन्होंने पूछा , आपका नाम तो एक बहुत बड़े फुटबॉलर के नाम पर है तो आपने फुटबॉल खेलने की कभी नहीं सोची। आपकी टीम में एक और खिलाड़ी का नाम फुटबॉल खिलाड़ी के नाम पर है तो आप दोनों फुटबॉल भी खेलते हो क्या। खेलो इंडिया खेल में स्वर्ण पदक जीत चुके बैकहम ने कहा, अंडमान में फुटबॉल की उतनी सुविधाएं नही थी तो मैने साइकिलिंग में कैरियर बनाया।

## बुमराह आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसके



**दुबई ( भाषा )।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी वनडे रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में एक पायदान नीचे दूसरे स्थान पर आ गए जबकि हार्दिक पंड्या हरफनमौलाओं की सूची में 13 पायदान चढकर आठवें स्थान पर आ गए हैं। भारत ने इंग्लैंड को वनडे श्रृंखला में 2-1 से हराया। बुमराह कमर की तकलीफ के कारण आखिरी मैच नहीं खेल सके जिससे उन्हें शीर्ष स्थान गंवाना पड़ा। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट 704 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि बुमराह उनसे एक अंक पीछे हैं। युजवेंद्र चहल चार पायदान चढकर चौथे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ छह विकेट और सौ से अधिक रन बनाने वाले पंड्या बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठ पायदान चढकर 42वें स्थान पर हैं। आखिरी वनडे में नाबाद 125 रन बनाने वाले ऋषभ पंत 25 पायदान चढकर 52वें स्थान पर हैं।

## क्विक न्यूज

### स्टोक्स के आखिरी वनडे में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराया



**चेस्टर ली स्ट्रीट।** रासी वान डेर डुसेन के 134 रन और एनरिच नॉर्किया के चार विकेट की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने बेन स्टोक्स के आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच मे इंग्लैंड को 62 रन से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 333 रन बनाए। वान डेर डुसेन ने जानेमन मलान (57) और एडेन मार्कराम (77) के साथ शतकीय साझेदारी की। वान डेर डुसेन का वनडे क्रिकेट मे पिछला सर्वोच्च स्कोर नाबाद 129 रन था जो उन्होंने जनवरी मे भारत के खिलाफ बनाया था। जवाब मे इंग्लैंड की टीम 271 रन पर आउट हो गई। जो रूट ने 77 गेंद मे 86 रन बनाए जिसमे पांच चौके और दो छक्के शामिल थे।

### दक्षिण अफ्रीका की टी20 क्रिकेट लीग में फ्रेंचाइजी खरीदेगी रिलायंस इंडस्ट्रीज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे मुंबई इंडियन्स का स्वामित्व रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बुधवार को कहा कि वह क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की आगामी टी20 लीग मे फ्रेंचाइजी खरीदेगा। कंपनी ने बयान मे कहा, केपटाउन शहर से जुड़ी यह नई फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियन्स ब्रांड को आगे ले जाएगी और इससे वह संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) स्थित इंटरनेशनल लीग टी20 टीम का अधिग्रहण करने के करीब पहुंच जाएगी। रिलायंस ने पहले घोषणा की थी कि वह यूएई टी20 लीग मे एक टीम का स्वामित्व हासिल करेगा। रिलायंस की निदेशक नीता अंबानी ने कहा, हम मुंबई इंडियन्स के निर्भीक और मनोरंजक क्रिकेट ब्रांड को दक्षिण अफ्रीका मे ले जाने के लिए उत्साहित है।

### अगस्त में तीन मैचों की वनडे शृंखला के लिए जिम्बाब्वे दौरा करेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम अगले महीने तीन मैचो की वनडे श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी जो छह वर्ष मे उस देश का उसका पहला दौरा होगा। तीन वनडे मैच 18, 20 और 22 अगस्त को हरारे मे खेले जाएंगे। के एल राहुल टीम की कप्तानी कर सकते है। यह श्रृंखला आईसीसी पुरूष विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है। तेरह टीमों की स्पर्धा अगले साल भारत मे होने 50 ओवरों के विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन का मुख्य जरिया है। जिम्बाब्वे इस समय 13 टीमो मे 12वें स्थान पर है। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2016 मे जिम्बाब्वे का दौरा किया था जब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी मे टीम ने तीन टी20 और तीन वनडे खेले थे। शिखर धवन की कप्तानी मे भारत की युवा टीम सात अगस्त से वेस्टइंडीज मे तीन वनडे और तीन टी20 खेलेगी। भारत के खिलाफ श्रृंखला से पहले जिम्बाब्वे टीम 30 जुलाई से बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 खेलेगी।

### चेन्नईयिन एफसी ने जर्मनी के मिडफील्डर जूलियस डूकर से करार किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम चेन्नईयिन एफसी ने इस फुटबॉल लीग के आगामी सत्र से पहले बुधवार को जर्मनी के मिडफील्डर जूलियस डूकर के साथ अनुबंध की घोषणा की। आगामी सत्र के लिए डूकर टीम के अंतिम विदेशी खिलाड़ी होगे। इस फुटबॉलर ने अब तक 210 मैच के अपने करियर मे 35 गोल किए है और 23 गोल करने मे मदद की है। डूकर ने पहली बार अपने देश के बाहर किसी क्लब से अनुबंध किया है। छब्बीस साल के डूकर ब्राजील के राफेल क्रिवेलारो के बाद टीम से जुड़ने वाले दूसरे विदेशी मिडफील्डर है। आगामी सत्र के लिए क्लब ने विदेशी खिलाड़ियो के रूप मे अपने साथ वाफा हाक्मनेशी, फ्लाउ डियागने, पेत्र स्लिसकोविच और क्वेन करिकारी को जोड़ा है।

### नेहा और सहर को संयुक्त बढ़त

**बेंगलुरू।** नेहा त्रिपाठी ने बुधवार को यहां पहले दौर मे दो अंडर 70 के स्कोर के साथ महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 10वें चरण के पहले दिन संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली। महिला पेशेवर गोल्फ टूर पर 2019 सत्र के पहले चरण के बाद से जीत दर्ज करने मे नाकाम रही नेहा के अलावा सहर अटवाल भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही है। तीन खिलाड़ियो एमेच्योर विधात्री उर्स, स्नेहा सिंह और ईश्वरी प्रसन्ना ने एक अंडर 71 का स्कोर बनाया और ए तीनों संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर चल रही है। नयानिका सांगा और श्वेता मानसिंह पार 72 के स्कोर से संयुक्त छठे स्थान पर चल रही है। गौरिका बिश्नोई और अनन्या दातर एक ओवर 73 के स्कोर से संयुक्त आठवे स्थान पर है।

## बर्मिंघम में फिर से चमक बिखेरने को तैयार हैं लक्ष्य सेन

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** बैडमिंटन के युवा सितारे लक्ष्य सेन बर्मिंघम में उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे चार महीने पहले वह चूक गए थे। सेन चार महीने पहले ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे थे लेकिन स्वर्ण पदक से वंचित रह गए थे। वह पिछले 21 वर्षों में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। अल्मोड़ा के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी को अब 28 जुलाई से शुरू होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में बर्मिंघम एरेना में अपनी चमक बिखेरने का एक और मौका मिलेगा और वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सेन ने पीटीआई से कहा, मुझे उस हॉल में खेलना पसंद है। वहां की परिस्थितियां मेरे अनुकूल हैं। मेरी वहां से अच्छी यादें जुड़ी हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी मैं वहां अच्छा प्रदर्शन करूंगा। यह भी बड़ा टूर्नामेंट है और इसलिए मैं बेहतर प्रदर्शन करके पदक जीतना चाहता हूं। उन्होंने कहा, सभी तीन-चार शीर्ष खिलाड़ियों के पास पीला तमगा जीतने का अच्छा मौका होगा। मैं पदक के रंग के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं वहां जाकर एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं। भारत ने पिछली बार गोल्ड कोस्ट खेलों में मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था और तब सेन ने इसे टेलीविजन पर देखा था।

सेन ने कहा, पिछली बार जब भारत ने स्वर्ण पदक जीता था तो मैंने उसे टीवी पर देखा था। इससे पहले मैंने (पारुपल्ली) कश्यप भैया को 2014 में स्वर्ण पदक जीतते हुए देखा था। लेकिन 2018 में बहुत अच्छा लगा। मैं तब टीम का हिस्सा बनना चाहता था। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है। मुझे लगता है कि यह प्राथमिकता के मामले में विश्व चैंपियनशिप के बराबर होगा। हर कोई ओलंपिक खेलने की इच्छा रखता है लेकिन इससे पहले आप इस तरह की कई प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। इस युवा खिलाड़ी ने कहा, इसलिए मैं इस बारे में बहुत सोच रहा हूं कि एक टीम के रूप में हम पिछली बार मिली उपलब्धि को कैसे दोहरा सकते हैं। इसे दोहराना आसान नहीं होगा लेकिन मैं इसके लिए उत्सुक हूं। इंग्लैंड आठ खिताब जीतकर सबसे सफल टीम है जबकि पांच बार का चैंपियन मलेशिया ने 1998 से 2014 के बीच अपना दबदबा रखा था। भारत ने पिछली बार मलेशिया को हराकर खिताब हासिल किया था। इस बार मलेशिया अपने शीर्ष एकल खिलाड़ी ली जिया जिया के बिना उतरेगा, लेकिन सेन का मानना है कि इससे काम आसान नहीं होगा। उन्होंने कहा, मलेशिया अच्छी टीम है। उसके पास पांच छह अच्छे एकल खिलाड़ी हैं। इसलिए एक के बाहर होने से हो सकता है उन पर प्रभाव पड़े लेकिन हम बस उम्मीद कर रहे हैं कि हम अच्छा खेलेंगे और मलेशिया को हराकर स्वर्ण पदक जीतेंगे।

### पदार्पण के लिए तैयार हैं 14 वर्षीय अनहत सिंह



**नई दिल्ली ( भाषा )।** भारत की तरफ से आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेने वाले सबसे युवा खिलाड़ियों में से एक 14 वर्षीय अनहत सिंह ने भले ही स्क्वाश को अपना लिया है लेकिन उनकी इच्छा बर्मिंघम खेलों के दौरान अपनी आदर्श पी वी सिंधू से मिलने की है।

अनहत की भारत की सबसे सफल बैडमिंटन खिलाड़ी से मिलने की इच्छा हैरानी भरी नहीं है क्योंकि वह स्क्वाश में करियर बनाने से पहले बैडमिंटन खिलाड़ी थी। दिल्ली की रहने वाली अनहत जब छह - सात साल की थी तब उन्होंने सिंधू, साइना नेहवाल और ली चोंग वेई को इंडियन ओपन में खेलते हुए देखा था और तब से बैडमिंटन उनके दिल में रच बस गया था। बर्मिंघम खेलों से पहले अनहत ने पीटीआई से कहा कि बैडमिंटन के प्रति उनका प्रेम बरकरार है लेकिन उन्हें स्क्वाश अधिक रोमांचक लगा और इसलिए इस खेल से जुड़ी। जोशना चिनप्पा और दीपिका पल्लीकल की कुशल जोड़ी का जिक्र करते हुए कहा, मैं पहले बैडमिंटन खेलती थी और मैंने सिंधू को दिल्ली में खेलते देखा है। मुझे उम्मीद है कि मुझे खेलों के दौरान उनसे मिलने का मौका मिलेगा। जहां तक स्क्वाश का सवाल है तो यह वास्तव में रोमांचक खेल है। मैंने जिन खिलाड़ियों को देखा है, मुझे उनके साथ खेलने और यात्रा करने का मौका मिलेगा। उनकी बड़ी बहन अमिरा सिंह स्क्वाश खिलाड़ी है और उन्हीं को देखकर अनहत को इस खेल को अपनाने की प्रेरणा मिली। अनहत की मां तानी वडेरा सिंह ने कहा, उसे बैडमिंटन पसंद था लेकिन हमें अमिरा के साथ प्रतियोगिताओं के लिए यात्रा करनी पड़ती थी। अनहत घर में अकेले नहीं रहना चाहती थी। इसने भी उसके बैडमिंटन की बजाय स्क्वाश को अपनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, उसने भले ही बैडमिंटन खेलना काफी पहले छोड़ दिया था लेकिन वह अब भी इस खेल को देखती है और अपने कोच के संपर्क में है।

## टोक्यो के बाद भारतीय हॉकी टीम का लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण



**भाषा।** बेंगलुरू

**भारतीय** पुरूष हॉकी टीम के डिफेंडर सुरेंदर कुमार ने बुधवार को कहा कि टीम की नजरें राष्ट्रमंडल खेलों में आस्ट्रेलिया का दबदबा खत्म करके स्वर्ण पदक जीतने पर लगी है। आस्ट्रेलिया ने राष्ट्रमंडल खेलों की पुरूष हॉकी स्पर्धा में लगातार छह स्वर्ण पदक जीते हैं।

टोक्यो ओलंपिक में पिछले साल 41 साल का इंतजार खत्म करके कांस्य पदक जीतने के बाद से भारतीय टीम के हौसले बुलंद है। भारत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेल और 2014 ग्लास्गो खेलों में रजत पदक जीता था। सुरेंदर ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, हमारा लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। बाकी सब प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। पिछले साल टोक्यो में कांसे का तमगा जीतने के बाद भारतीय टीम हालांकि उस लय को कायम नहीं रख सकी। एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी और एशिया कप में टीम तीसरे स्थान पर रही। एफआईएच प्रो लीग में भी तीसरा स्थान ही मिला। सुरेंदर ने कहा, टोक्यो ओलंपिक के बाद से हमने काफी अच्छे मुकाबले खेले हैं। मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने के अनुभव का हमें फायदा मिलेगा। भारत पूल बी में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ है। पहले मैच में भारत को 31 जुलाई को घाना से खेलना है। सुरेंदर ने कहा, हम इस मैच को हलके में नहीं ले रहे हैं। हर टीम जीत के इरादे से ही उतरेगी। हमारा पहला फोकस घाना के खिलाफ मैच पर है। हमने खिलाड़ियों से दबाव लिए बिना खेलने को कहा है।

## एथलेटिक्स टीम में शामिल धनलक्ष्मी और ऐश्वर्य डोप टेस्ट में विफल

**नई दिल्ली ( भाषा )।** राष्ट्रमंडल खेलों के लिए जाने वाली फर्राटा धाविका एस धनलक्ष्मी और त्रिकूद में राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ऐश्वर्य बाबू को बुधवार को भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया क्योंकि प्रतिबंधित पदार्थ के लिए उनके दो परीक्षण पॉजिटिव आए जिससे बर्मिंघम खेलों से पहले ही भारतीय एथलेटिक्स पर डोपिंग का साया पड़ गया है। दोनों को 28 जुलाई से आठ अगस्त तक बर्मिंघम में होने वाले खेलों के लिए भारत की शुरुआती 37 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था। दोनों को अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया है। धनलक्ष्मी प्रतियोगिता के इतर दो परीक्षण में विफल रही जबकि ऐश्वर्य प्रतियोगिता के दौरान दो परीक्षण में पॉजिटिव पाई गई।

धनलक्ष्मी के डोप नमूनों में एनाबोलिक स्टेरॉयड मिला है जबकि ऐश्वर्य के नमूनों में ओस्टेरिन पाया गया। ऐश्वर्य के नमूने 13 और 14 जून को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर राज्ईय चैंपियनशिप के दौरान लिए गए। धनलक्ष्मी के प्रतियोगिता के इतर दो परीक्षण मई और जून में लिए गए। इनमें से एक परीक्षण विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा कराया गया और दूसरा राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने कराया। एआईयू ने उनका पहला नमूना तुर्की में लिया जहां वह अप्रैल-मई में भारतीय टीम के साथ ट्रेनिंग पर गई थी। दूसरा नमूना 22 जून को तिरूवनंतपुरम में लिया गया जहां वह राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थी। एक शीर्ष सूत्र ने बताया, धनलक्ष्मी एआईयू द्वारा कराए गए डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाई गई है। वह तिरूवनंतपुरम में नाडा के परीक्षण में दूसरी बार पॉजिटिव पाई गई। वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में नहीं जाएगी। धनलक्ष्मी सौ मीटर और चार गुणा सौ मीटर में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली थी।

## राष्ट्रमंडल खेलों में विनेश और साक्षी के लिए लय हासिल करने का मौका

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रमंडल** खेलों में कमोबेश आसान चुनौती खराब फॉर्म से जूझ रही विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के लिए खोई लय हासिल करने का सुनहरा मौका होगा और कुश्ती स्पर्धा में भारतीय पहलवानों का दबदबा रहने की उम्मीद है। विनेश और साक्षी के अलावा बजरंग पूनिया के लिए भी ए खेल महत्वपूर्ण हैं जो टोक्यो ओलंपिक से पहले घुटने की चोट का शिकार हो गए थे जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों में ईरान, रूस, जापान और कजाखस्तान जैसे कुश्ती के लिए मशहूर देश भाग नहीं ले रहे हैं। कनाडा और नाइजीरिया के पहलवान ही भारतीयों को कुछ चुनौती दे सकते हैं।





बजरंग की ताकत उनका दमखम है। हाल ही में मेडिकल चेकअप कराने के बाद उनमें आत्मविश्वास लौटा है कि शरीर उन्हें दगा नहीं देगा। दूसरी ओर तोक्यो ओलंपिक से पहले शानदार फॉर्म में चल रही विनेश पदक नहीं जीत सकी। उनके खराब फॉर्म का आलम यह है कि वह हमवतन पहलवानों को भी नहीं हरा पा रही है। खेल के मानसिक पहलू को लेकर उनके संघर्ष और तोक्यो ओलंपिक के बाद प्रशासकों से ठनने का उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा है। राष्ट्रमंडल खेलों से उनका आत्मविश्वास लौट सकता है क्योंकि पेरिस ओलंपिक 2024 में अब अधिक समय नहीं बचा है। रियो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी के लिए भी राष्ट्रमंडल खेल अहम होंगे जिसे अपना आत्मविश्वास पाने के लिए मनोवैज्ञानिक की मदद लेनी पड़ी। आखिरकार राष्ट्रमंडल खेल ट्रायल में उसने सोनम मलिक को हराया जबकि इससे पहले उससे लगातार चार मुकाबले हार चुकी थी। एशियाई चैम्पियनशिप ट्रायल में 62 किलो वर्ग में मनीषा से हारने वाली साक्षी ने उसे हराया।

### टीम

**पुरुष फ्रीस्टाइलः** रवि कुमार दहिया (57 किलो), बजरंग पूनिया (65 किलो), नवीन (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), दीपक (97 किलो), मोहित ग्रेवाल (125 किलो)

**महिला टीमः** पूजा गेहलोत (50 किलो), विनेश फोगाट (53 किलो), अंशु मलिक (57 किलो), साक्षी मलिक (62 किलो), दिव्या ककरान (68 किलो), पूजा सिहाग (76 किलो)

**राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती के मुकाबले पांच अगस्त से शुरू होंगे।**

## चांगवन निशानेबाजी विश्व कप में शीर्ष पर रहा भारत

**चांगवन ( भाषा )।** भारत आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पांच स्वर्ण, छह रजत और चार कांस्य पदक लेकर शीर्ष पर रहा। टूर्नामेंट के आखिरी दिन भारत के अनीश भानवाला, विजयवीर सिद्धू और समीर ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में चेक गणराज्य के मार्टिन पोड्रास्की, थॉमस टेहान और मटेज रामपुला ने हराया। स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत के मैराज अहमद खान और मुफद्दाल दीसावाला 17 टीमों में नौवें स्थान पर रहे। भारत ने 2019 में आईएसएसएफ विश्व कप के पांचों चरण जीते थे। वहीं 2021 में एक और इस साल काहिरा में पहला चरण जीता। अब भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाज अक्टूबर में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व चैम्पियनशिप खेलेंगे। शॉटगन निशानेबाज क्रोएशिया में सितंबर में शॉटगन विश्व कप खेलेंगे।



### एफआईएच ने मिस्र के सैफ अहमद को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया


**लुसाने ( भाषा )।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने भारतीय प्रशासक नरिंदर बत्रा के इस्तीफे के बाद बुधवार को मिस्र के सैफ अहमद को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया। बत्रा ने सोमवार को एफआईएच अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था और साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष का पद भी छोड़ दिया। उन्होंने भारतीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की सदस्यता भी छोड़ दी जो आईओए के उनके पद से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ी थी। एफआईएच ने बयान में कहा कि उसके कार्यकारी बोर्ड ने आधिकारिक रूप से बत्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और सर्वसम्मति से अहमद को अंतरिम प्रमुख नियुक्त किया है।

## कश्यप, प्रियांशु ताइपे ओपन के दूसरे दौर में

**भाषा।** ताइपे

**राष्ट्रमंडल** खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता पारूपल्ली कश्यप, प्रियांशु राजावत और दो अन्य भारतीयों ने बुधवार को यहां ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। तीसरे वरीय कश्यप ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को 24-22 21-10 से हराया जबकि थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत के दौरान टीम का हिस्सा रहे प्रियांशु ने एक अन्य स्थानीय दावेदार यू शेंग को पहले दौर में 21-16 21-15 से शिकस्त दी।

किरण जॉर्ज और मिथुन मंजूनाथ ने भी पुरुष एकल के अपने अपने पहले दौर के मुकाबले जीते। जॉर्ज ने अजरबेजान के एडे रेस्की द्विचायो को 23-21 21-17 से शिकस्त दी जबकि मंजूनाथ ने डेनमार्क के किम ब्रून को 21-17 21-15 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। महिला एकल में हिस्सा ले रही एकमात्र भारतीय सामिया फारूकी भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रही। हैदराबाद की 19 साल की इस खिलाड़ी ने मलेशिया की सेलवादुरई किसोना को 21-15 21-11 से हराया। भारत की दो पुरुष युगल जोड़ियों ने भी दूसरे दौर में प्रवेश किया। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पांचवीं वरीय जोड़ी ने कड़े मुकाबले में लिन यू चीह और सू ली वेई की ताइपे की जोड़ी को 21-19 21-23 21-12 से हराया। इशान भटनागर और साई प्रतीक के को भी चेरोनकितामोर्न और नेन्थाकार्न योर्दफाइसोंग की थाईलैंड की जोड़ी को 26-24 14-21 21-19 से हराने के दौरान काफी पसीना बहाना पड़ा। महिला युगल में तनीषा क्रास्टो और श्रुति मिश्रा की जोड़ी भी च्यु पिन चियान और टुंग सियाउ टोंग की स्थानीय जोड़ी को 21-14 20-22 22-21 से हराकर दूसरे दौर में पहुंची।



पारूपल्ली कश्यप